ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 I मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 16.10.2023 | वर्ष 10, अंक 283
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**रांची का तापमान**
अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

**सुविचार**
उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं,
जो समाज के हित में ना हो !


GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड सरकार

# 827
## माध्यमिक शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति
**श्रीमती महुआ माजी**
माननीया सांसद, राज्यसभा

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, लोकसभा रांची

**श्री सी.पी. सिंह**
माननीय विधायक, विधानसभा रांची

दिनांक : 16 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : स्व॰ रामदयाल मुण्डा फुटबॉल मैदान मोराबादी, रांची



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
PR-309188(School Education and Literacy)23-24

## एकता संघ के प्रथम नवाहन्न परायण पाठ महायज्ञ का प्रथम मेयर ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के शाहपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में एकता संघ दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में आयोजित प्रथम नवाहन्न परायण पाठ का उद्घाटन प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। मौके पर वार्ड नंबर 32 की प्रथम पार्षद अनीशा खातून, वार्ड नंबर 33 की प्रथम पार्षद चंचल देवी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर और शॉल ओढ़ाकर किया गया। इस मौके पर अपने उद्बोधन में प्रथम मेयर ने सभी लोगों से अपने अंदर के काम क्रोध अहंकार, अभिमान रूपी रावण को मारने की अपील की। उन्होंने कहा कि आदिकाल से ही महिलाओं का सम्मान होते आया है। 9 दिनों तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोग भगवान श्री राम के आदर्शों को अपनाये और सदमार्ग पर चलने का प्रयास करें। ताकि समाज का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन हमें जोड़े रखता है। खासकर जिस आयोजन में युवाओं की भागीदारी हो तो उस धर्म की और मजबूती के संकेत मिलते हैं। एकता संघ के पूजा पंडाल में जितने भी पूजा पाठ करने वाले लोग हैं सारे युवा हैं और अयोध्या से आए ब्राह्मण भी काफी युवा है। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र के पावन मौके पर मां दुर्गा सभी के जीवन में अपार खुशियां लाएं। इसकी हम कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में कई विकास कार्य किए गए हैं लेकिन शाहपुर इलाके में काफी कार्य करना बाकी रह गया है। अगर उन्हें दोबारा मेयर बनने का मौका मिला तो वह इस इलाके को भी सुंदर बनाने के साथ-साथ नगर निगम के तहत दी जाने वाली सुविधाएं बहाल की जाएगी। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ के अध्यक्ष अश्नेंद्र नारायण सिंह ने किया। बताते चले की एकता संघ के द्वारा इस वर्ष दुर्गा पूजा के साथ साथ श्री रामचरितमानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ और रामलीला का आयोजन किया गया है। कार्यकर्म को सफल बनाने एकता संघ दुर्गा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष रजनीश सिन्हा बबलू, उपाध्यक्ष सुमित कुमार गुड्डू, संरक्षक बलराम सिंह, सचिन कुमार चंद्रवंशी, चंद्रशेखर सिंह उर्फ गुड्डू, मुखराम महतो, विनोद बिहारी सिन्हा, विजय चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान है।



## सड़क किनारे फुटपाथ से अतिक्रमण को हटाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने रविवार को शहरी क्षेत्र सहित सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बने फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को पांच सौ रुपए जुर्माना देना होगा। वही दुर्गा मंदिर मोड़ के समीप ऑटो लगाने पर चालक से जुर्माना वसूल किया जाएगा। पदाधिकारी ने बताया कि दक्षिण की ओर जाने वाले ऑटो न्यू बस स्टैंड यात्री शेड में रहेंगे। जबकि उत्तर की ओर जाने वाले तालाब के समीप रहेंगे। उन्होंने कहा कि शहर को सुसज्जित करने का प्रयास किया जाएगा । साथ ही नियम कानून के उल्लंघन करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने पुरानी बस स्टैंड के समीप झूल रहे बिजली तार को देख नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को सूचित करते हुए जल्द ही दुरुस्त कराया जाएगा। जबकि सड़क किनारे स्थित दुकानदारों ने मेन रोड पर गिरे गिट्टी तथा उड़ रहे धुल से हो रही परेशानी को बताया। कार्यपालक पदाधिकारी ने इसका जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## शारदीय नवरात्र के पहले दिन निकली कलशयात्रा



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गाजे बाजे के साथ जगह-जगह कलश यात्रा निकाली गई। इसके उपरांत विधिवत पूजा अर्चना कर कलश स्थापना किया गया। इसी कड़ी में मेन बाजार नवयुवक सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु भक्तों ने दुर्गा मंदिर परिसर से कलश यात्रा लेकर थाना रोड स्थित बटाने नदी घाट पहुंचे। जहां पंडित श्यामसुंदर वैद्य के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जलभरी की। इसके बाद माँ के जयकारे के साथ पुनः कलशयात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां पूजा अर्चना करते हुए कलश स्थापना की गई। कलश यात्रा में नवयुवक सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश शौंडिक व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता बीनू जायसवाल,अशोक सिंह, बलू बलराम, पीयूष जायसवाल, रिशु गुप्ता, विकास जायसवाल, करण राजवीर, ज्ञान प्रकाश, बबलू कुमार, आशीष जायसवाल, रामजी सिंह, शशि कुमार, रिंकू शौंडिक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## पारिवारिक विवाद में मारपीट, एक की मौत

**पड़वा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा थाना क्षेत्र के लोहड़ी में पारिवारिक विवाद को ले दो भाईयों रामदीप महतो उनके तीन पुत्र राकेश, सुजीत अजीत और रामराज महतो उर्फ गुपो के बीच मारपीट में रामराज महतो की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनो में जमीनी विवाद था को लेकर शनिवार की रात करीब 11बजे रात कहा सुनी शुरू हुआ। मामला बढ़ते बढ़ते मारपीट होने लगा। मारपीट में रामराज महतो बेहोश हो गए। इसके बाद परिजन इलाज के लिए मेदिनीनगर ले जाने लगे। इसी बीच रास्ते में दम तोड दिया। रविवार को मृत रामराज का पोस्टमार्टम हुआ. थाना प्रभारी नकुल शाह ने बताया कि मृतक रामराज का पुत्र अजेंद्र कुमार महतो मेदिनीनगर अस्पताल में फर्द बयान दिया है. जिसके आधार पर अनुसंधान किया जा रहा है. दोषी जल्द न्यायिक हिरासत में होंगे।

## नवरात्र पर निकली कलश यात्रा जयघोष से गूंजा इलाका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ में शरद नवरात्र को लेकर रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाला गया।फिर या देवी सर्व भूतेषू मातृ रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः आदि मंत्रों के साथ मां शैलपुत्री देवी की पूजा आरंभ हुई।इसको लेकर काचन, सरहुआ, माधवखाड़ के सभी मंदिरों में भक्तिमय माहौल बना रहा।भक्तों ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों के उच्चारण कर दुर्गा मां की आराधना की।इस अवसर पर रामगढ़ बाजार के विभिन्न पूजा पंडालों व मंदिरों समेत काचन, सरहुआ,माधवखाड़,रामगढ़ बाजार आदि जगहों पर देवी प्रतिमा की स्थापना कर पूजन आरम्भ किया गया। सबसे पहले कन्याओं ने कलश यात्रा निकाला। वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा कृष्णलीला का भी आयोजन रखा गया है,समय रात्रि 8 बजे से लेकर सुबह के 2 बजे तक नवरात्रि के एकम से लेकर दसवीं तक चलेगा।विभिन्न सरोवरों से जल भर पुनः पूजा पंडाल में पहुंच कलश को स्थापित किया गया। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था के लिए पूरी तैयारी की गई थी। पूजा पंडालों के समीप पुलिस जवानों को तैनात किया गया था।वही पूजा समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष ब्रहादेव भुईयां, सचिव जमुंद्र यादव, कोषाध्यक्ष हीरालाल यादव आदि सक्रिय सदस्यों ने भी बढ़ चढ़कर कलश यात्रा को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## चैलेंजर कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन क्वालिटी शिक्षा देने का लक्ष्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नगर पंचायत मुख्यालय के जपला रोड में गोपाल चन्द्रवँशी के कॉम्प्लेक्स में चैलेंजर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन हुआ। कोचिंग सेंटरबका उद्घाटन सन्युक्त रूप से समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून, डॉ सत्यनारायण, सुनील कुमार, सुमन गुप्ता, मुबारक हुसैन, लव कुमार ने किया। कोचिंग सेंटर के उद्घाटन के बाद इलाके के युवा समाजसेवी अरविन्द चुनमून ने कहा कि शिक्षा के प्रसार से ही दूर होगा छतरपुर में अशिक्षा का अंधियारा उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर के संचालक बधाई के पात्र हैं जिन्होंने यह सेंटर शुरू किया है। वहीं संचालक राहुल सोनी ने कहा कि चैलेंजर कोचिंग सेंटर क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए इलाके में प्रतिबद्धता से कार्य करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप भी प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अरविन्द गुप्ता चुनमुन, सुमन गुप्ता, लव कुमार, मुबारक हुसैन, डॉ. सत्यनारायण कोचिंग संचालक टीम के राहुल सोनी, जयप्रकाश, पंकज कुमार के साथ अभिमन्यु, उपेंद्र, राकेश, अभिषेक, बबलू जीतेन्द्र, मनीष, मनोहर, कुंदन, सिंटू, रौशन, संतोष, धीरज, अलोक, राजेश, भीम आदी लोग उपस्थित थे।

## नवरात्र पर निकली कलश यात्रा, जयघोष से गूंजा इलाका



**हैदरनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रतनबिगहा में शरद नवरात्र को लेकर रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। फिर या देवी सर्व भूतेषू मातृ रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः आदि मंत्रों के साथ मां शैलपुत्री देवी की पूजा आरंभ हुई।इसको लेकर रतनबिगहा के सभी मंदिरों में भक्तिमय माहौल बना रहा।भक्तों ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों के उच्चारण कर दुर्गा मां की आराधना की।इस अवसर पर हैदरनगर बाजार के विभिन्न पूजा पंडालों व मंदिरों समेत रतनबिगहा, गोल्हना आदि जगहों पर देवी प्रतिमा की स्थापना कर पूजन आरम्भ किया गया।सबसे पहले कन्याओं ने कलश यात्रा निकाला।विभिन्न सरोवरों से जल भर पुनः पूजा पंडाल में पहुंच कलश को स्थापित किया गया। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था के लिए पूरी तैयारी की गई थी। पूजा पंडालों के समीप पुलिस जवानों को तैनात किया गया था।वही पूजा समिति के अध्यक्ष सुधीर सिंह,सचिव मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष हरिहर सिंह, उपाध्यक्ष रमेश बैठा, कमिटी संचालक भोला सिंह, विनोद सिंह, नीलम सिंह, अशोक सिंह, अनूप सिंह, कमलेश सिंह, पप्पू सिंह, रोहित सिंह, भीम सिंह, अरविंद सिंह, प्रिंस सिंह, अनमोल सिंह, श्याम बिहारी साव, जीतू साव, पवन साव, रविशंकर साव आदि सक्रिय सदस्यों ने भी बढ़ चढ़कर कलश यात्रा को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## कलश स्थापना के साथ भक्तिमय हुआ इलाका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा ( पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ ही शरदीय नवरात्र शुरू हो गया। पंडालों में भक्ति गीतों व मां दुर्गे की जयकारे के साथ पूरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव भक्ति मय हो गया. इधर प्रखंड के कजरी दुर्गा पूजा समिति व कोकरसा के टोला तेलियाही पूजा समिति नें कलश स्थापना को ले जलयात्रा शोभायात्रा निकाली गई। कजरी पूजा समिति द्वारा निकाली गई शोभायात्रा पाटन मोड़ स्थित यज्ञशाला का परीक्रमा करते हुए कोयल नदी स्थित त्रिवेणी संगम तट पहुंचा। जहा पुरोहित कृष्णा पाठक व आदित्य पाठक नें गंगा की पूजा कर मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान राधा मोहन के कलशा में जल भरवाया। इसके बाद पंडालों में कलश स्थापना के साथ दुर्गा पाठ पूजा शुरू हो गया। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष महाराणा प्रताप सिंह, पवन सिंह, मुकेश सिंह, संजय सिंह, युगेश सिंह, अजित सिंह, विकास सिंह, अभिषेक सिंह, ब्रजेश सिंह, सुमेर सिंह, जय सिंह, छोटू, अरुण सिंह, विजय सिंह, कमलेश सिंह, सुजीत सिंह, विकास सिंह, राहुल सिंह, अजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## चौरिया में रामलीला प्रोग्राम का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड अंतर्गत कूपा पंचायत के ग्राम चौरिया में न्यू आदर्श शिक्षित वेरोजगार संघ चौरिया के तत्वावधान में आयोजित रामलीला एवं नाट्यकाला कार्यक्रम का उद्घाटन शनिवार को किया गया। जिसका मुख्य अतिथि प्रमुख आभा रानी, कुपा पंचायत मुखिया प्रमोद राम, पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ,सहित अन्य ने संयुक्त रूप से फिता काटकर रामलीला मंचन का उद्घाटन किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा की रामलीला को देखकर आप लोग अपने जीवन में उतारें। रामलीला से बहुत सारे सिख मिलता है। वहीं पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा की आज के युग में सभी कोई राम बनना चाहता है लेकिन राम नहीं बन पाता है बल्कि रावण बन जाता है। वही प्रमुख आभा रानी ने कहा की अपने घर में नारी को सिर्फ 9 दिन तक ही सम्मान न करें सभी दिन नारी को सम्मान करें। जहां नारी हैं वहीं लक्ष्मी हैं। इसलिए नारी को सिर्फ 9 दिन नहीं सभी दिन सम्मानित करें।

## कोर्ट के आदेश पर ढ़ोल-नगाड़े के साथ कराया गया दखल-दहानी, वर्षों बाद मिला मालिकाना हक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** नगर ऊंटरी कोर्ट के आदेशानुसार एग्जीक्यूशन केस नंबर 01/2015 में दशरथ मेहता के पक्ष में खाता संख्या 46 का प्लॉट नंबर 469 का टोटल रकवा 8 डिसमिल जमीन दशरथ मेहता के पक्ष में डिग्री हुआ था। कोर्ट के आदेश पर डिग्री हुए व्यक्ति का दखल- दहानी करने के लिए मजिस्ट्रेट बिशुनपुरा अंचलाधिकारी सह एमओ निधि रजवार तथा कोर्ट के नाजिर रवि किशोर सिंह, सहयोगी अखिलेश राम, विकास कुमार एवं अन्य कर्मी सहित काफी संख्या में पुलिस बल के मौजूदगी में उक्त भूमि पर दखल-दहानी करवाया गया। विदित हो कि दशरथ मेहता ग्राम- अमहर, पोस्ट कोचेया, थाना बिशुनपुरा के रहने वाले हैं। उक्त जमीन पर दखल-दहानी ढोल- नगाड़े के साथ करवाया गया। उक्त भूमि पर अंचल अमीन द्वारा सीमेंट के खम्भें एवमं लाल कपड़े से युक्त झंडे से सीमांकन कराया गया। मौके पर आंचल कर्मचारी जयप्रकाश गुप्ता, अमीन नीरज कुमार चौबे सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 2024 की लोस चुनाव संविधान बचाने की लड़ाई : सुखदेव भगत

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है जिसके तहत गुमला परिसदन में लोकसभा समन्वय समिति के तहत गुमला जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की,गुमला जिला कांग्रेस प्रभारी लाल अजय नाथ शाहदेव भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा प्रभारी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष,गुमला जिला प्रभारी के द्वारा जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी, मंडल कमेटी,पंचायत कमेटी के साथ-साथ महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस,एन एस यू आई, सेवा दल सहित अनेक कमेटियों का बारीकी से समीक्षा की गई ।बैठक में प्रभारी सुखदेव भगत ने बताया कि आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर एआईसीसी ने जो टास्क दिया है उसे ससमय पूरा करना अनिवार्य है।

### नहीं खुलता कभी घासीदाग का पंचायत सचिवालय

## राशन पेंशन सहित अन्य कार्यों के लिए जनता को गढ़वा और विश्रामपुर का लगाना पड़ता है चक्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पंचायत क्षेत्र के समुचित विकास का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में जीत दर्ज करने वाले मुखिया कुछ दिनों बाद सब कुछ भूल जाते हैं। चुनाव पूर्व खाई गई कसमे वादे सब के सब केवल कहने और सुनाने का बना रह जाता है। विश्रामपुर प्रखंड का घासीदास पंचायत जो आजादी की 75 वर्षो बाद भी अपनी वर्तमान स्थिति पर 8-8 आंसू बहा रहा है। विकास के नाम पर पंचायत क्षेत्र में कुछ भी नहीं किया गया है। पूर्व वर्तमान दोनों मुखिया के द्वारा केवल अपने लिए कार्य करते रहे हैं। पंचायत क्षेत्र के लोगों की दुख दर्द का इन्हें कोई लेना-देना नहीं। यह पंचायत जंगल की गोद में सुदूरवर्ती क्षेत्र में अवस्थित है जहां कभी नक्सलियों का बोलबाला हुआ करता था।




अधिकारी की बात कौन करें कर्मचारी भी वहां जाने से भय खाते थे। आज नक्सली मुक्त क्षेत्र होने के बाद भी यहां कोई अधिकारी पहुंचना मुनासिब नहीं समझते। जिसका परिणाम पंचायत सचिवालय कभी नहीं खुलता। पंचायत की मुखिया अंजू देवी गढ़वा व विश्रामपुर में आवास स्थापित कर रखी है। वहीं पंचायत सेवक मुकेश कुमार प्रखंड कार्यालय से ही अपनी ड्यूटी बाजार चले जाते हैं। ऐसे में लोगों को कितना लाभ होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। पंचायत क्षेत्र में 15वें वित्त और मनरेगा की योजनाएं संचालित नहीं है। 15वें वित्त की राशि खाते की शोभा बढ़ा रही है। पेंशन की स्वीकृति के लिए भी लोगों को दौड़ लगाना पड़ रहा है। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजना का क्या होगा जरूरतमंद को प्रधानमंत्री आवास, पेयजल राशन, पेंशन जैसी मूलभूत सुविधा का लाभ कैसे मिलेगा।मजदूर को महात्मा गांधी रोजगार योजना सहित सभी जरुरी कार्य कैसे संपन्न होगा। इन तमाम सवालों का प्रश्न समेटे जनता किसी देवतुल्य वरिय पदाधिकारी का बाट जोह रहे हैं जो शायद जिला से उपायुक्त, आयुक्त इसकी सुध ले सके।

## सगमाः प्रखंड क्षेत्र में कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सगमा :** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन माँ शैलपुत्री की पूजा के साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र या देवी सर्वभुतेषु की गूंज से वातवरण में भक्ति रस निकल रहा है ।कलश यात्रा के माध्यम से जल लेकर पूजा स्थलों पर घटस्थापन कर नव दिनों तक देवी की उपासना की इस दौरान नव दिन तक चलने वाली शारदीय नवरात्रि कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में भक्ति मय बना हुआ है। गौरतलब है कि प्रखंड क्षेत्र के सगमा ,कटहर कलां देवी धाम और शारदा स्कूल से मुखिया कलावती देवी ने फीता काट कर कलश यात्रा को शुभारंभ किया ईद।इस दौरान देवी धाम एंव सारदा से कलश।उठा कर तुरा नदी पर कलश। भरी का कार्यक्रम किया गया। वही जयबजरंगबली दुर्गा पूजा कमिटि पुतुर हनुमान मंदिर ,सोनडीहा शिव मंदिर ,पुतुर के उतमहि नदी से जल भरी कार्यक्रम किया गया वही बिरबल सूर्य मंदिर परिसर से विशाल कलश यात्रा के साथ जुलुश की शक्ल में मलिया नदी अपने स्थानों से जल भरी कर श्रद्धालुओं जल लेकर कलश स्थपित किया। जबकि पुतुर गांव स्थान हनुमान मंदिर से जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमिटि के द्वारा प्रांगण से गाजे बाजे के साथ कलस लेकर नजदीकी उटमही नदी व सरोवर से जल लेकर पुनः हनुमान मंदिर के प्रांगण में पूजा पाठ के बाद कलस स्थापित किया गया जुलुश के दौरान सैकड़ो की संख्या में महिला एव पुरुष शामिल थे। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा अपने अपने छेत्र में आयोजित कलस यात्रा का उद्घाटन किया। जिसमे मुख्यरूप से प्रखंड प्रमुख अजय साव, सगमा मुखिया तेजलाल भुइयां, कटहर कलां मुखिया कलावती देवी राजेन्द्र राम, बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, समाजसेवी योगेंद्र,शिक्षक शशि यादव यादव,विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश बैठा, रमा शंकर यादव, अजित कुमार बैठा, जयंत यादव, राहुल यादव, मनोरंजन कुमार, सुरेन्द्र गुप्ता बुलु प्रसाद यादव, राकेश कुमार, नंदलाल बैठा, नीति यादव, अनुज यादव, रआरएसएस के खंड कार्यवाहक रामजन्म गुप्ता कृष्णा गुप्ता गोपाल विष्वकर्मा दिनेश यादव दीनानाथ साह कामेश्वर गुप्ता मणिशंकर विश्वकर्मा,निरंजन यादव राहुल ठाकुर बलराम ठाकुर सीताराम रवानी श्रीकान्त चंद्रवंशी, विकास यादव बालेश्वर यादव भोगनाथ प्रसाद राममनोज मिश्रा नंदकिसोर गुप्ता रविन्द्र विष्वकर्मा दीपू यादव का नाम शामिल है।



ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार 16.10.2023 वर्ष 10, अंक 283

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं, जो समाज के हित में ना हो !

**दूसरा ब्रह्मचारिणी**



ब्रह्मचारिणी देवी, नव दुर्गा का दूसरा रूप हैं। माता पार्वती के घोर तपस्या करके भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया। इसी कारण इनका नाम ब्रह्म यानि तपस्या का आचरण करने वाली, ब्रह्मचारिणी या तपसचारिणी देवी पड़ा है। ये हाथों में कमण्डल और माला धारण करती हैं।

**रांची का तापमान**

अधिकतम $30^0$

न्युनतम $23^0$

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम तय

# कांग्रेस ने जारी की पहली सूची

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है। वहीं, छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों में से 30 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई है। इसी तरह तेलंगाना की 119 सीटों में से 55 सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। राजस्थान और मिजोरम विधानसभा के लिए उम्मीदवारों का एलान भी जल्द हो सकता है। इधर मध्यप्रदेश में टिकट न मिलने से नाराज नेताओं और उनके समर्थकों के इस्तीफे देने का सिलसिला शुरू हो गया है। कांग्रेस में नाराज नेता भी खुलकर सामने आ गए हैं।

### तेलंगाना : सभी पांच विधायकों को फिर से टिकट, बीआरएस से आए विधायक और उनके बेटे को भी टिकट

तेलंगाना में पार्टी ने 46 फीसदी से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया। राज्य में कुल 119 विधानसभा सीटें हैं। पार्टी ने मौजूदा पांचों विधायकों को फिर से टिकट दिया है। इनमें करीमनगर जिले की मनथानी सीट से दुद्दीला श्रीधर बाबू, मेंडक जिले की संगारेड्डी विधानसभा सीट से थुरुपु जग्गा रेड्डी,वारंगल जिले की मुलुग सुरक्षित सीट से दानसारी अनसूया सीताक्का फिर से उम्मीदवार होंगी। इसी तरह खम्मम जिले की मधिरा सुरक्षित सीट भट्टी विक्रमार्क मल्लू और खम्मम जिले की ही भद्राचलम सीट से पोडेम वीरया को फिर से टिकट दिया गया है।बीआरएस से कांग्रेस में आए मलकानगिरि सीट के विधायक हनुमंत राव मैनामपल्ली को पार्टी ने यहीं से टिकट दिया है। हनुमंत राव के बेटे डॉक्टर रोहित मैनामपल्ली को भी पार्टी ने मेडक जिले की मेडक विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। नलगोंडा लोकसभा सीट से सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को नलगोंडा जिले की हुजूर नगर विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है। रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी वह इस सीट से जीते थे। हालांकि, उनके सांसद बनने के बाद हुए उप चुनाव में यह सीट सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के पास चली गई थी। पांच बार के विधायक रेड्डी पर एक बार फिर यह सीट जिताने की जिम्मेदारी होगी। रेड्डी राज्य में पार्टी के सबसे बड़े चेहरों में शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ : सीएम, डिप्टी सीएम, विस अध्यक्ष व सभी मंत्रियों को मिला टिकट

90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए कांग्रेस ने 30 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। पहली सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव का भी नाम शामिल है। बघेल अपनी परंपरागत पाटन सीट से मैदान उतरे हैं। यहां उनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार और उनके भतीजे विजय बघेल से होगा। विजय इस वक्त भाजपा सांसद हैं।इसी तरह उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को एक बार फिर अंबिकापुर से पार्टी ने टिकट दिया है। विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत को सक्ती से फिर से टिकट दिया गया है। भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के साथ ही कैबिनेट में शामिल सभी 13 मंत्रियों को फिर से टिकट दिया गया है। कैबिनेट मंत्री और दुर्ग ग्रामीण से विधायक ताम्रध्वज साहू फिर इसी सीट से मैदान में होंगे। बघेल सरकार के अन्य मंत्रियों कवासी लखमा कोंटा, रवींद्र चौबे को साजा, मोहम्मद अकबर को कवर्धा, शिवकुमार डहेरिया को आरंग, अनिला भेंडिया को डौंडीलोहारा, जय सिंह अग्रवाल को कोरबा, उमेश पटेल को खरासिया, अमरजीत भगत को सीतापुर, मोहन मरकाम को कोंडागांव से टिकट दिया गया है। पूर्व पार्टी अध्यक्ष महेंद्र कर्मा के बेटे छविंद्र कर्मा को टिकट दिया है। अहिवारा विधायक और भूपेश बघेल सरकार में मंत्री गुरु रुद्र कुमार की सीट बदल दी गई है। उन्हें इस बार अहिवारा की जगह नवागढ़ सीट से मैदान में उतारा गया है।

### मध्य प्रदेश में टिकट बटते ही भगदड़ शुरू



### मध्य प्रदेश : पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा सीट से मिला टिकट

कांग्रेस की पहली सूची में सबसे ज्यादा 144 उम्मीदवार मध्य प्रदेश में घोषित किए गए है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एक बार फिर छिंदवाड़ा सीट से मैदान में होंगे। एक और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह राघोगढ़ से मैदान में होंगे। जयवर्धन सिंह कमलनाथ सरकार में मंत्री रह चुके हैं। दिग्विजय के भाई लक्ष्मण सिंह भी एक बार फिर से चाचौड़ा विधानसभा से किस्मत आजमाएंगे।मध्यप्रदेश में टिकट न मिलने से नाराज नेताओं और उनके समर्थकों के इस्तीफे देने का सिलसिला शुरू हो गया है।टीकमगढ़ की खरगापुर विधानसभा, ग्वालियर की ग्रामीण, सतना की नागोद के साथ ही बिजावर, दतिया, डबरा और पवई जेसी कई सीटों पर प्रत्याशी का विरोध नजर आया।कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिंह यादव एवं जिला मुख्य संगठन कांग्रेस सेवा दल छतरपुर योगेश यादव ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। नागोद में कांग्रेस नेता गजेंद्र सिंह सिप्पू ने भी इस्तीफा दे दिया।बिजावर में सेवा दल के राजेश शर्मा ने भी नाराज होकर पार्टी छोड़ दी। वे रेत कंपनी चलाने वाले चरण सिंह यादव को प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज हैं। कई अन्य जिलों में भी टिकट न मिलने से पार्टी नेता इस्तीफा दे दिए हैं।

### दुर्घटनाग्रस्त हुआ एंबुलेंस, चालक-कर्मी और मरीज की मौत



**रांची :** मरीज की जान बचाने के लिए रिम्स लेकर जा रही एंबुलेंस ने मांडू में खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी. इसमें हजारीबाग के मेरू स्थित पुंदरी निवासी एंबुलेंस के चालक सुरेंद्र कुमारी और साथ रहने वाले सहयोगी कर्मी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. वहीं सड़क हादसे में ओकनी के बुजुर्ग मरीज की भी मौत हो गई. वहीं मरीज के पुत्र संजय कुमार वर्मा और उनके पोते मंटू की हालत नाजुक है. गंभीर रूप से जख्मी चाचा-भतीजे को रांची के इरवा स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दोनों बेहोशी की हालत में बताए गए हैं. उनके ब्रेन के ऑपरेशन की बात कही गई है.वहीं मृतकों के शवों को रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया. बताया जा रहा है ट्रक ब्रेकडाउन होने के कारण सड़क पर खड़ा था. उसमें न तो इंडिकेटर और ना ही कोई सिग्नल दिया गया था. मृतक बुजुर्ग मरीज के बड़े बेटे रंजीत कुमार वर्मा श्रीकृष्ण बाल आरक्षी विद्यालय में कर्मचारी हैं. उनके ही छोटे भाई संजय और पुत्र मंटू की हालत नाजुक है.

**दोनों बेहोशी की हालत में बताए गए हैं. उनके ब्रेन के ऑपरेशन की बात कही गई है.**

## क्विक न्यूज

### नगर निगम की 18 महिला कर्मी गणतंत्र दिवस समारोह में होंगी विशिष्ट अतिथि

**रांची :** नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर भारत सरकार ने राज्यों को पत्र लिखा है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर झारखंड सरकार को लिखे गए पत्र में राज्य सरकार से नगर निगमों में कार्यरत दो महिला कर्मियों के नाम मांगे गए हैं, जिन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जायेगा।इसी आलोक में झारखंड के नगर विकास विभाग ने रांची, धनबाद, देवघर, चास, मानगो, आदित्यपुर, मेदिनीनगर ,गिरिडीह, हजारीबाग नगर निगम के नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त को पत्र लिखा है।विभाग ने गणतंत्र दिवस समारोह 2024 समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में वुमेन इमप्लॉय ऑफ नगर निगम को शामिल करने के लिए दो महिला कर्मियों के नाम मांगे हैं।महिलाकर्मियों के पदनाम व मोबाइल नंबर इत्यादि के साथ पूरी देकर नामों को भेजना है। नौ निकायों में से 18 महिला कर्मी नई दिल्ली में होने वाले समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। पूरी सूची मिलने के बाद इसे भारत सरकार को भेजा जायेगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों के लिए 6.46 करोड़ रुपये किया आवंटित

**रांची :** राज्य स्कीम के तहत स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रण में स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल एवं आवासीय परिसरों के नियमित रख-रखाव, संचालन, प्रबंधन एवं मरम्मत की योजना के लिए 6 करोड़ 46 लाख 71 हजार रुपये का आवंटन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राशि का आवंटन किया गया है। रांची जिले को सबसे ज्यादा 5671000 का आवंटन किया गया है। राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे जबकि राशि के नियंत्रक पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

### दिल्ली-एनसीआर में कांपी धरती

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र हरियाणा के फरीदाबाद में था. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई है.भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था. जिस वक्त धरती थरथराई उस समय लोग अपने घरों पर थे और भूकंप आने पर बाहर निकल आए.लोगों ने बताया कि उन्होंने भूकंप के तेज झटके महसूस किए. 2 हफ्ते में यह दूसरा मौका है, जब दिल्ली-एनसीआर में धरती कांप उठी.

## राजस्थान के डूंगरपुर जिले में सड़क हादसा, सात लोगों की मौत



**एजेंसी**

**डूंगरपुर :** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर रतनपुर सीमा के पास रविवार को ट्रक और क्रूजर की भिड़न्त हो गयी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि आठ जने गम्भीर घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। हादसा रविवार दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच हुआ। एक क्रूजर गाड़ी डूंगरपुर के सागवाड़ा से सवारियां लेकर अहमदाबाद जा रही थी, इसी दौरान रतनपुर चौकी के सामने हादसा हो गया।जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल होने के बाद ढलान से उतरते समय ट्रक चालक स्पीड को नियंत्रित नहीं कर पाया तथा सीधे क्रूजर को टक्कर मारते हुए उसके ऊपर चढ़ते हुए घसीटते हुए 100 मीटर तक ले गया जिसके बाद क्रूजर गाड़ी पलट गई। हादसे में मृतक एवं घायल लोग गुजरात के अहमदाबाद में मजदूरी करने जा रहे थे। हादसे में छह लोगों की मौके पर मौत हो गई थी, वहीं एक ने गुजरात के शामलाजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शवों और घायलों को एंबुलेंस के जरिए डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ घायलों को गुजरात के शामलाजी अस्पताल ले जाया गया। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री, एसपी कुंदन कवारिया, बिछीवाड़ा थानाधिकारी मदनलाल, बिछीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी मोकम सिंह, बिछीवाड़ा तहसीलदार नेहा जैन, गिरदावर, पटवारी सहित पुलिस के अधिकारी एवं जाब्ता मौके पर पहुंचे। सड़क हादसे में क्रूजर चालक सज्जनपुरा वरदा निवासी धनपाल (24) पुत्र गटूलाल डोडियार, लांबा पारड़ा निवासी हेमंत पुत्र नाथू मोलात, हिराता निवासी राकेश पुत्र शंकरलाल रोत, महुड़ी निवासी मुकेश (32) पुत्र मोहन रोत की मृत्यु हो चुकी है वहीं एक 14 वर्षीय लड़की सहित तीन लोगों के शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## चार दिवसीय यात्रा पर वियतनाम पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर दक्षिण पूर्व एशिया के दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में रविवार को वियतनाम पहुंचे। वियतनाम पहुंचने पर उनका जोदार स्वागत हुआ। भारत-वियतनाम के संबंधों को मजबूत करने के लिए उन्होंने वियतनाम के विदेश मंत्री बुई थान सोन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। इस दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और विकास पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि भारत और वियतनाम की दोस्ती से चीन परेशान हो उठा है। दरअसल चीन और वियतनाम की समुद्री सीमा एक है। मगर चीन वियतनाम के समुद्री क्षेत्र में दादागिरी दिखाता है। भारत हमेशा से वियतनाम की समुद्री सुरक्षा में जरूरत पड़ने पर सहयोग करने का भरोसा देता आया है।जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,आज वियतनाम पहुंचा हूं। प्रसिद्ध ट्रान क्वोक पैगोडा में गर्मजोशी से



व्यक्तिगत स्वागत के लिए विदेश मंत्री बुई थान सोन को धन्यवाद। सोमवार को 18वीं संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं।

हनोई पहुंचने के तुरंत बाद जयशंकर ने ऐतिहासिक ट्रान क्वोक पैगोडा का दौरा किया। छठी शताब्दी में निर्मित, ट्रान क्वोक पैगोडा हनोई का सबसे पुराना बौद्ध मंदिर है। ऐतिहासिक मंदिर में जयशंकर का उनके वियतनामी समकक्ष बुई थान सोन ने स्वागत किया।उन्होंने कहा हनोई में ऐतिहासिक ट्रान क्वोक पैगोडा का दौरा किया।

भारत और वियतनाम के बीच सदियों पुराने संबंधों का प्रतीक यहां का बोधि वृक्ष है। इसे 1959 में (तत्कालीन) राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने वियतनाम के राष्ट्रपति हो ची मिन्ह को उपहार में दिया था। मंत्री रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दक्षिण पूर्व एशियाई देशों वियतनाम और सिंगापुर के साथ विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की अपनी छह दिवसीय यात्रा के तहत हनोई में हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को नयी दिल्ली में कहा, ''भारत और वियतनाम एक मजबूत व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। वियतनाम हमारी एक्ट ईस्ट नीति का एक प्रमुख सदस्य है।

विदेश मंत्री की यात्रा कई क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा करने और द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।

**हनोई पहुंचने के तुरंत बाद जयशंकर ने ऐतिहासिक ट्रान क्वोक पैगोडा का दौरा किया। छठी शताब्दी में निर्मित, ट्रान क्वोक पैगोडा हनोई का सबसे पुराना बौद्ध मंदिर है।**

## टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सवाल पूछने के लिए कैश लिए : निशिकांत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली.** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच समिति गठित करने और उन्हें सदन से तत्काल निलंबित करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि 'संसद में सवाल' पूछने के बदले टीएमसी नेता ने व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से बतौर रिश्वत कैश और गिफ्ट लिया.वहीं, महुआ मोइत्रा ने भाजपा सांसद के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि अडानी के ऑफशोर मनी ट्रेल, ओवर-इनवॉइसिंग, बेनामी खाते की जांच पूरी होने के ठीक बाद सीबीआई का जांच के लिए स्वागत है. निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच करने और सवाल पूछने के बदले नकद लेने के लिए उन्हें सदन से तत्काल निलंबित करने की मांग की.एक वकील के रिसर्च का हवाला देते हुए, निशिकांत दुबे ने कहा कि महुआ मोइत्रा के हालिया 61 सवालों में से 50 में दर्शन हीरानंदानी और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों की रक्षा करने या उन्हें बनाए रखने के इरादे से आश्चर्यजनक रूप से जानकारी मांगी गई. उनके सवाल एक अन्य व्यापारिक समूह अडानी ग्रुप पर भी केंद्रित थे, जो कि हीरानंदानी समूह के खिलाफ व्यापार के लिए बोली लगा रहा था.निशिकांत ने लोकसभा अध्यक्ष को बताया कि दिल्ली के एक अधिवक्ता जय अनंत देहाद्रई ने पूरी पड़ताल की है, लोकसभा में महुआ की ओर से पूछे गए सवालों की लिंक अटैच की है और साथ ही यह भी बताया है कि पूछे गए सवाल किस तरह एक ही उद्योगपति के संबंधित थे।अधिवक्ता अनंत ने 38 पेज की विस्तृत जानकारी दी है और उसमें यह बताया है कि महुआ के सवाल किस तरह हीरानंदानी को फायदा पहुंचाते थे। यानी सवाल हीरानंदानी के होते थे और संसद में मंत्री से वह सवाल महुआ पूछती थीं और परोक्ष रूप से सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश करती थी।

*** निशिकांत दुबे ने तथ्यों के साथ लोकसभा अध्यक्ष से की शिकायत**



## पी-20 अब तक का सबसे सफल शिखर सम्मेलन रहा : ओम बिरला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जी-20 देशों की संसद के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन पी-20 को अब तक का सबसे सफल शिखर सम्मेलन बताया है। बिरला ने रविवार को कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति के बाद अब पी-20 में भी देश संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाने में कामयाब रहे। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल के अनुरूप सम्मेलन में भारत की प्रेरक भूमिका के तहत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित करने पर सहमति बनी। भारतीय संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 का सभी देशों ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष इंडोनेशिया में संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमति नहीं बन सकी थी। बिरला ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पी-20 में संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमति भारत के नेतृत्व और संकल्पशक्ति को प्रदर्शित करती है। बिरला ने गर्व व्यक्त किया कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण से नई दिल्ली पी-20 सम्मलेन में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी हुई।

असर्फी कैंसर संस्थान
हर प्रकार के कैंसर का इलाज़ अब धनबाद में
कैंसर रोग विशेषज्ञों की टीम
Dr. Ramesh Kumar MD, DNB Medical Oncology
Dr. Shibaji Basu MS, MCh Onco.Surgery
Dr.Biplab Mishra MBBS, DNB Radiation Oncology
Dr Vivek Dokania MS (ENT), Fellowship In Head & Neck Onco. Surgery.
दिन : सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से 4 बज़े तक
9297970030
Asarfi Educity,Ranguni,Bhuli Rd. Dhanbad-828105

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से लगा 25 केवी का बिजली ट्रांसफार्मर

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिकिदीरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत नवागढ़ के ग्राम रंगामाटी गढ़टोली में विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से 25 केवी का नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया प्रखण्ड के युवा अध्यक्ष अजय करमाली नवागढ़ पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष शनिचरवा बेदिया ने सामूहिक रूप से फीता काटकार उद्घाटन किया। उद्घाटन से पहले स्थानीय पहान द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया 7 बता दें बिजली ट्रांसफार्मर पिछले डेढ़ महिनों से खराब था खराब होने की सूचना खिजरी विधायक को दिया गया विधायक ने तत्काल मामला को संज्ञान में लेते हुए ग्रमीणों को 25 केवी का बिजली ट्रांसफार्मर शीघ्र उपलब्ध कराया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रमीणों में खुशी दिखने को मिली ग्रमीणों ने विधायक का धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर उपस्थित प्रखण्ड युवा अध्यक्ष अजय करमाली पंचायत अध्यक्ष शनिचरवा बेदिया नवागढ़ मुखिया भूनेश्वर बेदिया वार्ड सदस्य एतवा बेदिया सहित ममता देवी, कमलेश करमाली, संजय बेदिया, सुबोध बेदिया इत्यादी।



## पिपरवार में कलश स्थापना और ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुई शारदीय नवरात्र

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को कलश स्थापना और विधिवत ध्वजारोहण के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर पिपरवार के बचरा,बेंती, राय कोलियरी,बहेरा और राय मे विधिवत पूजा अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया गया। जानकारी के अनुसार सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बचरा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया गया,जिसके बाद कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत की गई।इस दौरान मां दुर्गा के जयकारे से पूरा कोयलांचल क्षेत्र गूंज उठा।इस मौके पर पिपरवार के एजीएम निरंजन सेनापति,अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, एसओसी सुमन कुमार, मुखिया गुंजन सिंह,रीना देवी, विद्यापति सिंह,राजेंद्र गुप्ता, प्रमोद प्रसाद,भीम प्रसाद मेहता,रामू गोप,निर्मल सिंह, रविन्द्र सिंह,गुरूदयाल सिंह, पिंकी सिंह,अनिल सोनी, गांधीधाम साहू,मंगल सिंह, उमेश यादव,बसंत गुप्ता,पप्पू सोनी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर दुसरी ओर पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव मे गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। दुर्गा मंडप से प्रारंभ हुई यह कलश यात्रा क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद दामोदर नदी पहुंची जहां कलश में जल भरकर वापस मंडप पहुंचकर कलश की स्थापना की,इसके साथ ही नवरात्र की शुरुआत की गई।इस मौके पर जिप सदस्य नेहा उरांव,मुखिया सरिता देवी,पंसस कुमारी अनुप्रिया, उप मुखिया किरण कुमारी, रोहन गंझू,धनराज भोक्ता, सुखी गंझू,सोमर गंझू,राजेश प्रजापति,बैजनाथ प्रजापति, हरिनारायण गंझू,रचित गंझू, आदित्य केसरी,गणेश भुईयां, लखन साव,शंकर गंझू, हेमराज प्रजापति,रामबालक गंझू,मुन्ना ठाकुर,संतोष केसरी,प्रेम ठाकुर,सिकेन्द्र प्रजापति,जयराम भुईयां, सेवक गंझू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: दुर्गापूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर मे आज 4:00 बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।बैठक में सीसीएल अधिकारी,कर्मचारी,पंचायत प्रतिनिधि,यूनियन प्रतिनिधि, राजनैतिक पार्टी,सामाजिक कार्यकर्ता,पत्रकार सहित पूजा समिति के सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है।इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि बैठक में दुर्गा पूजा को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

## पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु दुर्गा पूजा समितियों के मध्य किया जाएगा प्रतियोगिता का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अनुमंडल पदाधिकारी, खूंटी अनिकेत सचान द्वारा जिले सभी पूजा समितियों के पदाधिकारियों को सूचित किया गया है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर सरकारी निदेशों के अनुसार इस वर्ष सरकार ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु सभी पूजा समितियों के बीच एक प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष जो पूजा समिति अपने मूर्ति को विसर्जन नदी, तालाब अथवा किसी भी अन्य सार्वजनिक स्थल पर न कर पानी के टब में करेगी एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेगी, पूजा समिति अपने मूर्ति को विसर्जन नदी, तालाब अथवा किसी भी अन्य सार्वजनिक स्थल पर न कर पानी के टब में करेगी एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेगी, उसे जिला प्रसाशन ग्रीन पूजा समिति एवार्ड से सम्मानित करेगी। साथ नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दोनों दिया जायेगा।


## NOTICE

Order 5 RULE I (5) & 20 C.P.C

In

The Court of civil judge,Sr Div.
At khunti
MCA 12/2022
KAMLA DEVI petitioner
Vs
Kamla Devi & other's Defendants

Summon to **1.** Kamla Devi D/o late Lalu ganjhu R/0 vill, malsiring P.S prithoriya. District Ranchi **2.** Shyam Manohar ganjhu **3.** Sasang ganjhu **4.** Shishir ganjhu **5.** Tulawati Devi **6.Pilawati Devi** All Ss/o, d/o late deochand ganjhu7. Deonath ganjhu s/o late Patangrai ganjhu **8.** Rewati Devi w/o late Sudhansu ganjhu **9.** Damodara ganjhu s/o late Sudhansu ganjhu **10.** Reena ganjhu D/o late Sudhansu ganjhu, All r/o Village khunti karra Road, P.S. khunti, district khunti.**11.** Sumitra Devi D/o late amin ganjhu, W/o gawri mahto R/o vill. Belangi, P.S. khunti, dist. Khunti. **12.** Kosila Devi **13.** Rajo Devi Both D/o late Amit Mahto, R/0 Village ,P.S. khunti, dist. Khunti **14.** Mina Devi D/o late Amit Mahto, R/o kamdara, P.S. kamdara, dist Gumla **15.** Prayag ganjhu **16.** Krishna ganjhu **17.** Sitaram ganjhu All ss/o aghnu ganjhu R/o vill. Khunti,P.S khunti**18.** Saro Devi D/o late aghnu ganjhuVill. Argora P.S. argora dist. Ranchi. **19.** Bimla Devi D/o late Lalu ganjhu, vill. Belangi, P.S. khunti, district khunti

Whereas petitioner has instituted a suit against you for execution/ partition, you are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader duly instruction and able to answer all material question relation to the suit or who shall be accompanied by some person able to answer all such question on the 12/12 day of 2023 at 10:30am clock in morning to answer the claim and as the day fixed for you appearance is appointed for the final disposal of suit, you must be prepared to produce on the day all the witness upon whose evidence and all the documents upon which you intent to relying support your defence.

Take notice that in default of your appearance on the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of the court this 03rd day of October 2023.


## पिपरवार के कल्याणपूर में साहिल फिटनेस प्वाईट का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित नीलू ड्रेसेज के समीप साहिल फिटनेस प्वाईट का शुभारंभ किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी हाजी यासीन ने विधिवत फीता काटकर और केक काटकर इसका उद्घाटन किया।इस मौके पर सभी के बीच मिठाई का भी वितरण किया गया।फिटनेस जीम संचालक जुनैद अख्तर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जीम प्वाईट नही रहने से यहां के युवा पीढी बाहर जीम के लिए जाते थे,लेकिन अब कल्याणपुर में जिम खुलने से यहां के लोगों को बडे शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब जीम प्वाईट की व्यवस्था मिलेगी।इसके खुलने से यहां के युवा पीढ़ी को इससे काफी लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि स्वंय को स्वास्थ्य औत बेहतर रखने के लिए वर्तमान मे सभी उम्र के लोगो को जिम कर अपने शरीर पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।हर आयु वर्ग के लोगों के लिए यह जीम वरदान साबित होगा।उन्होने बताया कि यह जीम युवाओ की बढती अपेक्षाओं तथा मांग के अनुरूप बनाया गया है ताकि यहां के लोगों को हर तरह की सुविधा प्राप्त हो।यह आत्याधुनिक जिम लोगों की जरूरतो के मुताबिक सभी उपकरणों से लैस है।इस मौके पर अब्दुल अंसारी, युनुस अंसारी,साकीर अंसारी, सलीम जावेद,जुनैद आलम, संजय टाना भगत,इदरीस अंसारी,प्रकाश चौधरी, आदित्य पासवान,सब्बीर अंसारी,मोख्तार आलम, शमीम अंसारी,समशेर अंसारी,सद्दाम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# कलश स्थापना के साथ खलारी क्षेत्र में शारदीय नवरात्र आरंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : खलारी कोयलांचल क्षेत्र में कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्रा शुरू हो गया. पूरे प्रखंड क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिक जगहों पर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है.क्षेत्र के श्रीजानकी रमण मंदिर, करकट्टा, धमधमिया, खलारी बाजारटांड़, मोहननगर, डकरा, सुभाषनगर, लपरा,



हेसालौंग, नावाडीह, चूरी आदि जगहों पर दुर्गा पूजा किया जा रहा है. जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार से कलश स्थापन कराया गया .इसके अलावे कई मंदिरों व घरों में भी कलश स्थापना कर माँ दुर्गे की पूजा शुरू हुई.इस मौके पर धमधमिया, मोहननगर पूजा पंडाल में कलश यात्रा भी निकाली गई. मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया. करकट्टा दुर्गा मंडप में पं. बृजराज दुबे व श्रीजानकी रमण मंदिर में पं. सर्वानन्द दुबे द्वारा विधि-विधान से कलश स्थापना कर दुर्गा पाठ शुरू किया गया. सप्तशती पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया है.इन सभी जगहों पर भव्य प्रतिमा के साथ भव्य पंडाल भी बनाया जा रहा है.

## दुर्गा पूजा को लेकर कर्रा पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला



**कर्रा** : कर्रा थाना पुलिस प्रशासन द्वारा रविवार को दुर्गा पूजा और दशहरा पर को लेकर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया.फ्लैग मार्च कर्रा थाना से कर्रा चौक, मस्जिद चौक, होते हुए महतो टोली कर्रा दुर्गा बाड़ी गया. वहां से लौट के क्रम में कर्रा बस्ती,कर्रा शिवालय कर्रा खूंटी रोड होते हुए कर्रा थाना परिसर पहुंचा.इस अवसर पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को सभी धर्मलम्बियों सद्भावना, सौहार्द पूर्ण, और भक्ति भाव से मनाने की अपील की गयी.सोशल मीडिया या शरारती तत्व द्वारा भड़काऊ वार्ता करने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी निगाह रहेगी. सामाजिक तत्व के लोगों को आप लोग बतलाएं ताकि पुलिस प्रशासन उसे पर उचित कार्रवाई कर सके. इस मौके पर अवर निरीक्षक रंजीत कुमार यादव, सफिक खान, संजीव कुमार के अलावे थाना के दर्जनों पुलिस पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## कर्रा पंचायत में हर घर नल जल योजना का भूमि पूजन



**कर्रा** : प्रखंड अंतर्गत कर्रा पंचायत अन्तर्गत मसमानो अम्बाटोली में रविवार को जल जीवन मिशन के तहत क्लस्टर सेवेंन ए में हर घर नल जल योजना की शुरुआत भूमि पूजन कर किया गया. जिसमें भूमि पूजन गांव के परम्परागत पुजारी सुखराम पाहन द्वारा विधिवत पूजा कर कर नारियल फोड़ा किया गया जिसके बाद कर्रा पंचायत मुखिया रश्मि लकड़ा कार्य की शुरुआत करायी गयी. योजना के तहत 10 परिवारों को नल जल योजना से जोड़ा जाएगा. संवेदक वर्क साईड के सोनू कुमार ने बताया कि भूमि पूजन के साथ कार्य आज से शुरू हो चुकी है 6 माह के अंदर हम लोग कर पंचायत के सभी घर में नल जल पहुंचा देंगे. मौके पर पंचायत मुखिया रश्मि लकड़ा, जलसहिया होलिका देवी, गौरती होरो, जीता मिंज, अनिल मिंज, शकीला देवी, प्रमोद कुमार साहू, प्रदीप होरो, धनु कुमार के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## कर्रा के कुदलुम में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा** : प्रखंड के गिरजा टोली कुदलुम में रविवार को झामुमो के युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय संगा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया. साथ ही कुदलुम पंचायत के दर्जनों वृद्ध असहाय महिला पुरूषों के बीच साड़ी धोती का वितरण किया गया. झामुमो सदस्यता अभियान के दौरान कुदलुम गिरजा टोली में झामुमो पंचायत सचिव सबने धान की अध्यक्षता पर ग्रामीणों का बैठक किया गया जिसमें? झामुमो केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी ने झारखंड प्रदेश में महागठबंधन कि नेतृत्व पर चल रही सरकार कि उपल्बधियों पर जानकारी दिया. साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा व माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मूल सिद्धांत पर भी प्रकाश डाला गया. वही झामुमो केन्द्रीय सदस्य हेमंत तोपनो ने कहा कि झारखंड प्रदेश में खूंटी विधानसभा का प्रमुख स्थान है और हम सभी लोगों को वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में झामुमो के प्रत्याशी को भारी मतों विजय बनाना है तभी हमारे क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास संभव है वही बैठक पर उपस्थित लोगों क्षेत्र कि समस्या झामुमो कार्यकर्ताओं को अवगत कराया. सदस्यता अभियान के दौरान जुनूल हेरेंज, प्रदीप कुमार पंकज, डायमंड हेरेंज, एतवा कौवा, नामजन हेरेंज , सुनील बारला के अलावे दर्जनों लोग को सदस्यता ग्रहण कराया गया. इस मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत तोपनो, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय संगा,अरविन्द मुंडा, बिरेन्द्र महतो, संजय महतो, महादेव मुंडा, आसमानी हेरेंज मरियम हेरेंज के अलावे अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ नवरात्र प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी** : या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः कलश यात्रा के साथ नवरात्र प्रारंभ हो गया। नवरात्र का पहला दिन सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक सिल्ली के तत्वाधान में महिलाओं ने पीला वस्त्र धारण कर जय माता दी का जयकारा लगाते हुए हाथ में कलश लेकर हिंडालको स्वर्णरेखा नदी घाट पहुंची जहां पंडित हर गोविंद बनर्जी एवं अजय कुमार बनर्जी के द्वारा भक्तों को मंत्र उच्चारण के साथ शुद्धिकरण तथा संकल्प कराया गया। महिलाएं नदी से कलश में जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए



मुरी से सिल्ली दुर्गा पंडाल पहुंची। तत्पश्चात विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ कलश का जल 9 दिन पूजा हेतु पूजा पंडाल में स्थापित किया गया। नवरात्र का पहला दिन ही माता का जयकारा से पूरा क्षेत्र गुंजामय में हो गया साथ ही मां शैलपुत्री की पुजा वीधी विधान के साथ किया गया।इस कलश यात्रा को सफल बनाने मे नेपाल साहु, जितेंद्र प्रसाद साहू, दिवाकर प्रसाद, संजय भगत, कुंदन साहू समेत कमिटी के लोगों का काफी सराहनीय योगदान रहा।

## गेतलसूद जरा टोली व तिलैया जरा में हुआ जेबीकेएसएस का बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा** : प्रखंड के तिलैया जरा गांव के बोन आखरा में रविवार को अहले सुबह टाईगर जयराम की नेतृत्व वाली जेबीकेएसएस रांची जिला ईकाई टीम के सक्रिय सदस्य झारखंड आंदोलन कारी लखीन्द्र महतो , जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो, सुमित कुमार महतो, फलिन्द्र करमाली, राजकिशोर महतो, अधिवक्ता निखिल महतो, चंदन, सुधांशु, मंटू, रंजीत , रूपेश, सुरेण, महाबीर महतो सहित दर्जनों सदस्य एवं वन रक्षा समिति के सैकड़ों महिला -पुरूष सदस्यों के साथ झारखंड के ज्वलंत मुदों 23 साल के झारखंड में झारखंडी कौन, स्थानीय नीति, नियोजन नीति आदि को



लेकर बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित वन रक्षा समिति के लोगों ने एक स्वर में कहा कि आज तक हमलोग जंगल की रक्षा करते आयें हैं लेकिन अब अपनें हक-अधिकार व आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए वन रक्षा के साथ-साथ टाईगर जयराम के हाथों को मजबूत करने की दिशा में भी कार्य करेंगें। इससे पुर्व शनिवार देर शाम गेतलसूद के जरा टोला ग्राम में जन जागरण करते हुए ग्राम संगठन का विस्तार किया गया। मौके पर तिलैया जरा में सुनील महतो, गणेश मुंडा, जगदीश, सुरज, संदीप,विष्णु, प्रदीप,विशेश्वर, नरेश, सीताराम, प्रीति कुमारी, रेखा कुमारी, पिंकी आदि ने जेबीकेएसएस के कार्य घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया जबकि जरा टोली में अजित महतो, अनिता देवी,नरेश , प्रीतम, संतोष, चन्द्रमोहन, पुजा महतो ,राथो देवी, माला देवी आदि को संगठन से जोड़ा गया। दोनों ही बैठक में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थें।

## सिल्ली विधानसभा स्तरीय कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली** : रांची जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार सिल्ली विधानसभा स्तरीय कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक सोनाली मैरेज हॉल सिल्ली में आयोजित हुई । इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी हेतु रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्षों को मंडल प्रभारी एवं पंचायत प्रभारी की अतिशीघ्र नियुक्ति करने एवं प्रखंड, मंडल एवं पंचायत स्तर पर संगठनों का मूल्यांकन कर पंचायत सम्मेलन के लिए तरह तैयार करेंगे। इस बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय जी, रांची लोकसभा चुनाव समन्वय समिति सह-संजोयक केशव महतो कमलेश , रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सिल्ली



विधानसभा प्रभारी परितोष सिंह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, महासचिव निशिकांत गोंझु, रांची जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की, प्रखण्ड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, अजगुद महतो, राजकिशोर मुण्डा,प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, भूतनाथ मंडल, जगदीश महतो, राधा माधव सेठ, प्रभाकर मिश्रा, त्रिलोचन महतो, त्रिलोक महतो, बलराम, महतो, निताई महतो,रोहित मुंडा, शैलेन्द्र महतो, कृष्णा अहीर, शाहबुद्दीन अंसारी, सफीरुद्दिन् अंसारी, त्रिलोचन महतो, मो विलाल, गोपाल मुंडा, सुखदेव मुंडा, प्रकाश मुंडा, जमुरुद्दिन मोमिन, सोमरा माझी, अशोक महतो, घसीराम पातर, श्रीप्रसाद बड़ाइक, दुर्गा यादव, मोहन उपाध्याय, महावीर कुम्हार, निताई महतो, हरिचरण करमाली, लालू कोइरी,शिव चरण मुंडा, शान राय, सेवादल की सुनीता देवी, षष्ठी देवी इत्यादि सहित तीनों प्रखंड से सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## अवैध बालू से लदा पांच हाइवा को अनगड़ा पुलिस ने पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा** : वरिय पुलिस अधीक्षक के गुप्त सुचना पर अनगड़ा पुलिस लगातार अवैध बालु खनन के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। लेकिन फिर भी किसी तरह से अवैध बालु का खेल नहीं थम रहा है। शनिवार की रात को भी अनगड़ा पुलिस ने सिल्ली अनगड़ा मुख्य मार्ग के राजाडेरा के समीप अवैध बालु लदा हाइवा को पकड़ कर अनगड़ा थाना लाया गया। अनगड़ा थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार ने बताया की आगे की कार्यवाही के लिए जिला खनन विभाग पदाधिकारी को सुचना दे दी गई है। अनगड़ा पुलिस लगातार दो तीन दिनों से अवैध बालु परिवहन के खिलाफ रात को छापेमारी कर रही है।

## पिपरवार के कल्याणपूर में मनाया गया दुर्गा सोरेन सेना का तीसरा स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में रविवार को दुर्गा सोरेन सेना चतरा जिला कमेटी के द्वारा तीसरा स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चतरा जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु और संचालन जिला महासचिव संतोष नायक ने किया।कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों ने स्व. दुर्गा सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।साथ ही उनके कार्यों को याद करते हुए उनके दिखाएं मार्ग पर चलने और उनके अधूरे सपनों को साकार करने का आह्वान किया गया।केंद्रीय प्रवक्ता राजकिशोर कमल उर्फ़ पिंकू ने कहा कि सभी के सहयोग से चतरा सहित पूरे झारखंड में संगठन को मजबूत करने का काम किया गया है।दुर्गा सोरेन सेना पूरे राज्य में गरीबों के हक और अधिकार के लिए आवाज उठाने का काम कर रही है।

## बचरा में सहारा इंडिया के निवेशकों के बीच राशि का भुगतान हुआ शुरू

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सहारा इंडिया के निवेशकों के लिए अच्छी खबर सामने आयी है,जिससे सहारा में निवेश करने वाले निवेशकों में आस जगी है। अपनी रकम की आस लगाए सहारा इंडिया के निवेशकों के लिए अब राहत भरी खबर आई है।उनके जमा किए गए मेहनत की राशि अब केंद्र सरकार की पहल पर मिलना प्रारंभ हो गया है।सहारा इंडिया परिवार के बचरा शाखा कार्यालय में निवेशकों के बीच राशि भुगतान शुरू कर दिया गया है।कई निवेशकों को इसका भुगतान सेंट्रल रजिस्टार को- ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से किया गया है।इस संबंध में बचरा एफसी के प्रबंधक विनोद कुमार निषाद ने बताया कि जिन निवेशकों ने पोर्टल पर क्लेम किया था, उनके बीच अब राशि भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।यह भुगतान क्लेम नंबर पर आधारित है।जिन निवेशकों ने केंद्रीय पंजीयन सहारा रिफंड पोर्टल पर क्लेम किया था उनके बीच भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।उन्होंने कहा कि कई ऐसे निवेशक है जिनके कागजात में त्रुटि पाई गई है,जिस कारण उन्हें भुगतान नहीं हो पाया है।कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद वैसे निवेशकों को भी जल्द राशि का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के वैसे निवेशकों से जिन्होंने अभी तक पोर्टल के माध्यम से अपना क्लेम दर्ज नहीं कराया है वैसे निवेशकों से जल्द से जल्द क्लेम दर्ज कराने की अपील की है।इधर राशि मिलने पर निवेशकों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

# कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना प्रारंभ हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : बेड़ो में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन श्री श्री दुगार्पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में रविवार को दुर्गा मंदिर परिसर से नगर भ्रमण के लिए कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात छठ डुकु तालाब से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारी अशोक पंडा के नेतृत्व में जल उठाया गया। जिसके साथ ही



महादानी मंदिर की परिक्रमा कर नव निर्मित दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना की गई। जहां कन्याओं ने उपवास रखते हुए नवाह्न परायण पाठ किया। वहीं संध्या में देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की महा आरती के साथ आराधना किया गया। कलश यात्रा में श्री श्री दुर्गा पूजा महा समिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय, सचिव उमेश महतो, उपाध्यक्ष परना महतो, संरक्षक सुमित्रा शर्मा, सुदामा बर्मा, तपेश्वर सोनी, रमेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, संजीत दुबे, रोशन सोनी, राहुल रक्षित, मनोरंजन देवघरिया, मुकेश गोप शामिल थे।

## मां एक छोटा सा शब्द है, लेकिन अर्थ बहुत गहरा है:फादर डीन प्रसन्न तिर्की

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खलारी के शांतिनगर कैथोलिक चर्च में रविवार को मांडर भिखारिएट काथलिक महिला संघ का दो दिवसीय 56वीं वार्षिक आम सभा का दूसरा दिन प्रातः वंदना व मिस्सा बलिदान के शुरू हुआ. उसके बाद पारंपरिक तरीको से प्रवेश नाच खलारी के माताओं के द्वारा पुरोहितों को वेदी तक पहुंचाया गया. मिस्सा पूजा अनुष्ठान फादर डीन प्रसन्न तिर्की के द्वारा पूजा पाठ सम्पन्न किया गया. इस बीच उन्होंने कहा कि मां एक छोटा सा शब्द है, लेकिन अर्थ बहुत गहरा है. कहा कि भगवान ने उन्हें अपने बराबर बनाया है, इसलिए माताओं को सम्मान करना चाहिए.आमसभा कार्यक्रम में सभी प्रवक्ताओं को खलारी पल्ली की ओर से बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.इसमें मुख्य वक्ता सिस्टर ज्योति निर्मल कश्यप उपस्थित थी. मौके पर उन्होंने परिवार में पवित्रता लाने में माताओं की अहम भूमिका के बारे में प्रकाश डाला. कहा कि मां परिवार की विकास के लिए कार्य करती है. वहीं मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि माता हमारी जननी है, इसलिए सभी माताओं को आदर करना चाहिए.

## बैल चराने निकले 17 वर्षीय बालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र के भूनी गांव में रविवार को पुलिस ने दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले 17 वर्षीय बालक का शव बरामद किया है। शव की पहचान भूनी गांव निवासी हरेन प्रमाणिक की 17 बर्षीय पुत्र राहुल प्रमाणिक के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराने हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। इस संबंध में मृतक के पिता हरेन प्रमाणिक के लिखित आवेदन पर बोड़ाम थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है। लिखित आवेदन में पिता ने पुलिस को बताया है कि मृतक सुबह बैल चराने के लिए घर से निकले थे। इसके बाद घर से कुछ ही दूर पर स्थित युधिष्ठिर कर्मकार के बंद पड़े घर के बरामदे में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने बताया कि आत्महत्या किस कारण से की इसका पता लगाया जा रहा है। परिजन इस संबंध में कुछ भी बोलने से असमर्थ जाहिर कर रहे है।

## लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी का समापन आज



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बिष्टुपुर स्थित एक होटल में दो दिवसीय ब्रांडेड लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाजसेविका सुधा गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सोमवार तक चलने वाले इस प्रदर्शनी का आयोजन झारखंड प्रदेश के नामचीन ग्रुप आईना द्वारा किया गया हैं। रविवार को उद्घाटन के अवसर पर अतिथि के रूप में समाजसेविका बीना खिरवाल, निशा सिंघल, कवल दुगल, समाजसेवी बाबूलाल गर्ग, कमल नरेडी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर आईना ग्रुप की संचालिका अनीता खिरवाल, प्रीति रामसीसरिया, रुचि झुनझुनवाला एवं नीलम मोदी ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क हैं। जिसमें 35 स्टॉल लगे है। स्टॉल लगाने के लिए झारखंड के जमशेद्पुर, रांची, रामगढ़, धनबाद सहित दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, पुरूलिया से महिला एवं पुरुष व्यापारी आये हैं।

## उपकार संघ सोनारी में शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपकार संघ सोनारी कमल चौक



द्वारा श्री श्री शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। पूजा में 13 ज्योति कलश के साथ प्रथम दिन माँ शैल पुत्री की पूजा हुई। इस अवसर पर शांति समिति के सेकेट्री सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, आदित्यपुर के समाजसेवी रणवीर सिंह, राजद के प्रदेश सचिव देव प्रकाश देवता के द्वारा ज्योत प्रज्वलित कार्यक्रम किया गया। मौके पर अध्यक्ष बसंत साहू, सचिव सतपाल साहू, पंडित सुरेश शर्मा, नरेश वर्मा, कन्हैया यादव, नरेश शर्मा, उमाशंकर शर्मा, हेमंत साहू, कन्हैया यादव, बंटी साहू एवं सद्स्य गण उपस्थित थे।

## एमपी गेंगो में कार्यरत मंतोष डे को दी बधाई



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमपी गेंगों में कार्यरत ट्रैक मेंटेनर मंतोष डे ट्रैक मेंटेनर की 2800 ग्रेड पे पर पदोन्नति प्राप्त करके गैंग नंबर 11 में पोस्टिंग दिया गया है। एमपी गेंगों में कार्यरत सभी ट्रैक मेंटेनर द्वारा उन्हें बधाई दिया गया साथ ही सभों ने उनकी हर मनोकामनाओं का पूरा होने की कामना की। मौके पर चांद मोहम्मद, दीपक घोष, राकेश मिंज, मधु नाग, यू मोहन राव इत्यादि उपस्थित थे ।

## फरार नक्सली के घर में पटमदा पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना कांड संख्या



41/2017 में अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार द्वारा स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से फरार नक्सली अभियुक्त बेला उर्फ बेला सरकार उर्फ संध्या विश्वास उर्फ पंचमी गांव-पोखरिया, थाना-कुमारडुंगी, जिला-पश्चिमी सिंहभुम के घर एवं गांव के सहजदृश्य भाग पर रविवार को न्यायालय से निर्गत उद्घोषणा आदेश को चिपकाया गया। इसके पहले गांव में डुगडुगी बजवाकर स्थानीय ग्रामीणों को एकत्रित किया गया और ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार को पढ़कर सुनाया गया। अवर निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि नुमान खान आजम, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सिविल कोर्ट, जमशेदपुर, झारखंड की अदालत ने उक्त अभियुक्त को 30 नवंबर 2023 तक न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया है।

## विभिन्न पूजा पंडालों में मां अम्बे की कलशस्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र प्रारम्भ

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में मां अम्बे की कलशस्थापन के साथ ही रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारम्भ हो गया। इस दौरान विभिन्न पूजा कमेटी के सदस्यों द्वारा क्षेत्र में स्थित नदी व तालाबों से कलश में जल लेकर पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर उसे स्थापित किया गया। इस अवसर पर कई पूजा कमेटी की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कई श्रद्धालुओं द्वारा अपने अपने घरों में कलश स्थापित कर माता की आराधना कर नवरात्रा प्रारम्भ की गई। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन माता के प्रथम रूप शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंडितों के अनुसार, दुर्गा मां पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। ये नवदुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण माता पार्वती को शैलपुत्री भी कहा जाता है। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ नवरात्रि पूजा

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीमडीह प्रखंड अंतर्गत मुरु गांव में नवरात्रि के शुभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा पुराना दुर्गा मंदिर मुरू से ओड़िया पुल समीप नदी से 129 युवतियां ने उठाया कलश वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गांव भ्रमण करते हुए निकाले गए यात्रा। कलश यात्रा के पश्चात मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर नवरात्रि की शुभारंभ किया गया। जानकारी देते पुराना दुर्गा मंदिर पूजा समिति के संयोजक प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने बताया पारंपरिक रूप से पुजारियों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शाखा नदी से 129 युवतियों से कलश यात्रा कर, मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना किया गया साथ ही नवरात्रि पूजा का शुभारंभ किया गया।मौके पर सुशांत आदित्यादेव, विकी सिंह, सर्वोसची महतो, सुभाष चन्द्र महतो, मनोहर महतो, माणिक महतो, भोलानाथ लायक, सुधीर चंद्र लायक, रंगलाल महतो, हेमंत महतो, रघुनाथ लायक, आदि थे।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने फरियादियों के समस्याओं का किया ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां के तत्वाधान में केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर स्वास्थ्य परिवार आपदा प्रबंधन एवं 20 सूत्री के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता जी के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया. जनसुनवाई कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में इचागढ़ कपाली आदि क्षेत्रों से लोग उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा. वहीं मंत्री बन्ना गुप्ता ने त्वरित निष्पादन करते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए. इस दौरान 110 से अधिक फरियादियों ने अपनी



समस्याओं को रखा जिसमें से अधिकांश फरियादियों के मामलों को मंत्री ने तुरंत संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया. वही बहुत सारे मामलों में विभागीय पत्र लिखकर समस्याओं के निदान हेतु कार्य करने के निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिए. आयोजित कार्यक्रम मुख्य रूप से कपाली थाना, बिजली विभाग, जमीन विवाद, विधवा एवं वृद्धा पेंशन दिलाने, जल संसाधन विभाग से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखी गई.वही स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कैंसर इलाज हेतु, विकलांग प्रमाण पत्र जारी करने,एमजीएम, रिम्स आदि में इलाज कृत्रिम पैर, ट्राई साइकिल आदि उपलब्ध कराने के संबंध में फरियादियों ने अपनी बात रखी. जन सुनवाई कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मनोज झा, संजय तिवारी, संजय ठाकुर, बिलाल गुफरानी, इरशाद भाई, माजिद अख्तर, आफताब अहमद शिद्दकी, शानूर रहमान, शेरू अली,आलम, सिद्दीक, उपस्थित थे.

## दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था को लेकर चक्रधरपुर थाना में बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** दुर्गा पूजा की विधि व्यवस्था को लेकर चक्रधरपुर थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजित, अनुमंडल पदाधिकारी रीना हादसा, थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, नप कार्यपलक राहुल यादव, नगर प्रबंध अभिषेक राहुल, अंचल अधिकारी गिरजानंद किसकु, अनुमंडल अस्पताल चिकित्सा पदाधिकारी अंसुमन शर्मा आदि रहे मौजूद। चक्रधरपुर में सभी दुर्गा पूजा पंडालों की विधि व्यवस्था के मद्देंजर बैठक में बिजली, पानी , साफ सफाई और विसर्जन को लेकर चर्चा की गई ।बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री रीना हांसदा ने सभी पूजा पंडालों में पानी और बालू की व्यवस्था करने की अपील की, साथी सभी पंडालों में सीसीटीवी लगाया जाएगा। थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि खुशनुमा माहौल में सादगी के साथ दुर्गा पूजा पर्व मनाएं। सभी पूजा पंडालों पर सुरक्षा के पोखता इंतजाम रहेंगे और मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पकड़े जाने पर बक्सा नहीं जाएगा सीधे जाएंगे जेल। इस दौरान मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सारंगी, शांति समिति के सदस्य अनवर खान, निक्कू सिंह, दिनेश जीना ,अनिल कुमार, मोहम्मद अशरफ, सद्दाम हुसैन, राजेश कुमार,संजय कुमार, हाजी एकराम, सोमनाथ रजक , अंबर राय चौधरी एवं सभी पूजा पंडालून के सदस्य व वार्ड पार्षद आदी उपस्थित रहे।

## योग परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के नया बाजार आमदा राज खरसावां में महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा सत्र 2022-23 प्रशिक्षण सत्र परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सदस्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरपीएफ सीनी के हेड कांस्टेबल बालचंद साहू ने छात्रों को मानव तस्करी होने की जानकारी मिलने पर टोल फ्री नंबर 139 में सूचना देने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान



के निर्देशक खिरोद महतो, संस्थान के प्राचार्य धीरेंद्र नाथ महतो, बालचंद साहु, सपना मंडल, दीपमाला प्रधान, पिंकी बांकिडा, अंकिता दास, तापोसीनी महतो, मेघनाथ प्रधान, सागर मुखी, यशोदा कुमारी, मंजु रानी मुर्मू, प्रमिला कालिन्दिया, सुनिता नायक, सौरभ महतो, मनोरमा किस्कू, गुलशन बोइपई, भागीरथी महतो, भावानी शंकर साहु, हेमेंद्र दोराई, दुर्गेश प्रताप महतो, सबिता मेलगांडी समेत संस्थान के दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सूरज कालिंदी हत्याकांड का मुख्य आरोपी विजय तिर्की हथियार के साथ गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल डीएसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता में डीएसपी संजय सिंह ने जानकारी दिया कि ओपी प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के निर्देश पर तामुलिया एवं कपाली से दो अपराधी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा एवं एक गोली, एक जिंदा कारतूस एक मोटरसाइकिल जप्त किया। तामुलिया से गिरफ्तार अपराधी विजय तिर्की पेशावर हत्यारा है, ये सुपारी किल्लर है। लोगो



की हत्या करता है। 24 मार्च 2023 को कोपाली ओपी अंतर्गत डोबो गांव के निवासी सुरज कालिन्दी को विजय तिर्की द्वारा गोली हत्या करने का मुख्य आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दुसरे अपराधी मो बकरत अली कपाली के पास से एक देशी कट्टा एवं एक जिन्दा गोली मिला। पुलिस इसको बड़ी कामयाबी मान रहे हैं।

## खेल के प्रति जागरूक युवा खिलाड़ियों का हर संभव मदद करेंगे : महावीर मुर्मू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के कार्यालय के प्रांगण में रविवार को ड्रीम इलेवन क्रिकेट टीम पटमदा के खिलाड़ियों को झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता महावीर मुर्मू ने जर्सी सेट दिया। मौके पर श्री मुर्मू ने कहा कि खिलाड़ी खेल की भावना से खेलें एवं अनुशासन में रहे ताकि अपना भविष्य बना सके। वर्तमान हेमंत सरकार ने खेल पदाधिकारी नियुक्त की है जिससे हमारे झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलने वाले खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति दी जा रही है। मौके पर खिलाड़ियों में आशीष दास, उपेन महतो, भास्कर दास, बिकास महतो, अजय मंडल, विकास मंडल, संजय महतो, आदि थे।

## राजकीय छऊ कला केन्द्र में चयन प्रक्रिया पर अनियमितता का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला छऊ आर्टिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक अध्यक्ष भोला महंती द्वारा आहुत की गई। बैठक में विगत दिनों राजकीय छऊ कला केन्द्र सरायकेला में रिक्तियों को भरने के तौर-तरीकों पर आपत्ति जताया गया। सरायकेला छऊ आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा इस संदर्भ अधिकारियों को कला केंद्र के रिक्तियों को भर कर सुचारू ढंग से कला केन्द्र को चलवाए जाने के लिए कई बार गुहार लगाया गया। वैकल्पिक व्यवस्था के नाम एक विज्ञापन निकाला गया जहां अनुबंध के आधार पर नियुक्ति देने की बात कही गई। विज्ञप्ति में कुछ नृत्य गुरु, संगीत साथ वादक, मुखौटा शिल्पकार, अंगाभरणम कारीगरों के साथ कुछ कलाकारों की चयन करने के लिए सभी अभ्यर्थियों को विगत बारह अक्टूबर में राजकीय छऊ कला केन्द्र सरायकेला में उपस्थित होने के लिए कहा गया। इस योजना में सरायकेला छऊ शैली, खरसावां छऊ शैली और मानभूम (पुरुलिया) छऊ शैली के लिए भी साक्षात्कार की व्यवस्था की गई। साक्षात्कार व्यवस्था में अनेक तरह की अनियमितताएं की गई। इन सभी विसंगतियों को लेकर आर्टिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने रोष व्यक्त किया। आर्टिस्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल इस चयन प्रक्रिया में हुए घोर अनियमितता को लेकर उपायुक्त को स्मार पत्र सौंपेंगे। बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक मनोज कुमार चौधरी,, सचिव सुदीप कुमार कवि, बबलू दुबे, तरुण भोल, मनोरंजन साहु, नीरज कुमार पट्टनायक, आशीष कुमार कर, गजेंद्र महांती, अमित कुमार साहु, अनिल पट्टनायक, अभिनाश कवि, पंकज साहु, राकेश कवि, राजेश गोप सहित अन्य कलाकार मौजुद थे।

## डुमरा पंचायत में आयोजित शिविर में 142 की हुई स्वास्थ्य जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के डुमरा पंचायत भवन में जीवन ज्योति डायग्नोस्टिक सेंटर के सौजन्य से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 142 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में ग्रामीणों के रक्तचाप, शुगर, डेंगू, मलेरिया, हीमोग्लोबिन आदि की भी निःशुल्क जांच की गई। इसके सफल आयोजन में डॉ रंजीत कुमार, डॉ गजाला, सुजल अग्रवाल, कृपानंद झा, ज्योति शर्मा, वार्ड सदस्य मानिक मंडल आदि का योगदान रहा।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी सिदगोड़ा में शारदीय नवरात्र कलशस्थापना के साथ शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सार्वजनिक दुर्गा पुजा कमिटी सिदगोड़ा (फुड प्लाजा) में आज शारदीय नवरात्र-2023 का शुभारंभ पहले दिन कलशस्थापन पुजा से शुरु हुई। कमिटि की ओर से प्रधान कलश स्थापना का संकल्प पुजा कमिटी के महासचिव धर्मेश कुमार झा (लड्डु) के द्वारा किया गया एवं इसके अलावा कमिटि के अन्य सदस्यों के द्वारा अपने-अपने नाम गोत्र के अनुसार संकल्प लिया गया। पंडाल में प्रधान कलश के अलावा अन्य और लगभग पचीस लोगों ने कलश बैठाया। प्रथम दिन के पुजा के शुभ अवसर पर कमिटि द्वारा मिथिला समाज के गणमान्य लोगों को एवं पुजा मे विशेष सहयोग देने वाले लोगों को मिथिला परंपरानुसार पाग शाल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कमिटि के अध्यक्ष मोहन ठाकुर महासचिव धर्मेश, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कर्ण के साथ कमिटी के पूर्व महासचिव प्रवीण मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य शदाशिव झा, प्रमोद कुमार मिश्र, मिथलेश झा,



संजय कुमार झा, चंदन, प्रदिप कुमार झा, विपिन कुमार झा, अंकित झा, सुजीत कुमार झा, आनंद कुमार मिश्र, शिशिर झा के अलावा काफी संख्या में कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।आज पहले दिन से ही पंडाल में धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत रामायण पाठ से हुई एवं प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन रहेगा। यह जानकारी कमिटि के संयोजक राजेश कुमार झा ने दिया।

## कांग्रेसी नेता अंसार खान ने एंथोनी चर्च जवाहर नगर बस्ती की समस्या का किया सर्वे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान कोटकू डूंगरी रोड नंबर 16 सीनेट एंथोनी चर्च जवाहर नगर बस्ती में बस्ती वासियों के साथ एक बैठक किया। बैठक के बाद बस्ती वासियों ने मौलाना अंसार खान को अपने क्षेत्र की बस्ती में नाली और बिजली बिजली समस्याओं को लेकर सर्वे कराया गया। बस्ती वासियों ने बताया यहां पर 2 साल से बिजली पोलों गाड़ दिया गया है लेकिन अभी तक कोई तार नहीं खींचा गया है। दूसरी और अभी तक यहां पर नाली नहीं बना



है और बारिश होने पूरे रास्तों में और घरों में पानी भर जाता है। जिससे बस्ती वासियों को आने जाने में काफी कठिनाई होती है। मौलाना अंसार खान ने बस्ती वासियों से कहा बस्ती क्षेत्र की समस्याओं को लिखकर मंत्री बना गुप्ता को दिया जाएगा। मैं बताना चाहता हूं मंत्री बना गुप्ता ने मानगो क्षेत्र के रोड और नालियों का काफी काम कराया है। मंत्री बना गुप्ता का भी यही कहना है अगर कुछ क्षेत्र रोड और नाली का काम बाकी रह गया है। उसे वह जल्द से जल्द रोड और नाली बनाने का काम करेंगे। सर्वे करने में बस्ती के लोग आनंद एक्का, श्यामलाल, अनीता, जेम्स मालवा, अलका, रजत मुंडू, मंगल, रंजन कुजूर, निम्न पोपो, सुनीता एक्का, सुंदर, सरिता एक्का, आदि मौजूद थे।

**सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत के रघुनाथपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र का हाल**

# जर्जर भवन में नैनिहालों का कैसे हो रहा विकास, जवाबदेही किसकी!

**अरूण कुमार मांझी@प्रभात मंत्र**

**ईचागढ़ :** नैनिहालों का शारीरिक मानसिक विकास का लाख वादों के बीच भी 21वी सदी में नन्हे मुन्ने बच्चे एक जर्जर भवन में शिक्षा व पौष्टिक आहार का सेवन करने को मजबूर हैं। जी हां यह माजरा हमारे सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत के रघुनाथपुर गांव का है, जहां जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का भवन में जान जोखिम में डालकर ग्रामीण अपने बच्चों को भेजने में मजबूर है। आंगनबाड़ी भवन करीब 20 वर्षो से जर्जर अवस्था में है। बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में देखकर किसी का भी रोंगटे खड़े हो सकते हैं। आंगनबाडी भवन का छत का सिलींग उखड़ कर गिर रहा है। छत का लोहे का रड नीकल कर बड़ी दुर्घटना की ओर इशारा



करते देखा जा सकता है। भवन का निचला हिस्सा में मिट्टी पोतकर बच्चों को वहीं पर बैठकर पढ़ाया जाता है। पौष्टिक आहार भी खंडहरनुमा भवन में बनाया जाता है और बच्चों के बीच परोसा जाता है। जर्जर और टुटे फुटे गंदे भवन पर पोष्टिक आहार बनाकर परोसना, इस बात को साबित करता है कि आज भी हमारे गांवों में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं में कैसे कल्याण हो रहा है? मगर करीब 25 उपस्थित नैनिहालों



का भविष्य पर किसी का ध्यान आज तक नही गया। कई बार बाल विकास विभाग को सेविका व ग्रामीणों द्वारा जर्जर भवन के संबंध में जानकारी दिया गया है, विभाग जानकारी के बावजूद भी बच्चों का भविष्य पर किसी अनहोनी का बाट जोह रहा है। इस खंडहर सा भवन पर नैनिहालों का भविष्य संवारने का परिकल्पना बेइमानी साबित हो रहा है। खंडहर में तब्दील हो चुका आंगनबाड़ी भवन में सांप बिच्छु भी अक्सर निकलते रहता है। डर से बच्चों की मां भी बच्चों के साथ आंगनबाड़ी आती है। सहायिका जानकी कुमारी बताती है कि जर्जर भवन के चलते ग्रामीण अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजना नहीं चाहते हैं। उन्होंने बताया कि हमलोग घर घर घूम घूम कर अभिभावकों को समझा बुझाकर बच्चों को लाते हैं। उन्होंने कहा कि पोषाहार भी यही बनाना पड़ता है। सांप, बिच्छु भी कई बार निकल चुका है। उन्होंने कहा कि विभाग को अविलंब आंगनबाड़ी भवन बनाने की जरूरत है या अन्य भवन में केन्द्र संचालन का निर्देश देना चाहिए।

## संपादकीय

# नए पर्यटन की पैदावार

**पर्यटन** से मुलाकात करतीं योजनाएं अब एडीबी फंडिंग के तहत मुस्करा रही हैं और इस दृष्टि से कुल 2300 करोड़ के प्रस्तावों में से 1313 करोड़ की मंजूरी, बरसाती आपदा के बाद अपनी क्षमता को फिर से उगाने का सबब बनेगी। वर्तमान सुक्खू सरकार के इरादों के फलक पर पर्यटन का मकसद जिस आर्थिकी को पुकार रहा है, उसे कुछ हद तक एशियन डिवेलपमेंट बैंक ने सुना और प्रोजेक्ट के पहले चरण के बिड डाक्यूमेंट को मंजूर कर दिया। जाहिर है इससे धर्मशाला कान्वेंशन सेंटर, दियोटसिद्ध मंदिर परिसर और पालमपुर शहर के परिदृश्य में सौंदर्यीकरण से पर्यटन सुदृढ़ होगा। एडीबी की मदद से पर्यटन की अन्य अनेक मीनारें भी खड़ी होनी हैं और अगर यह प्रक्रिया मुकम्मल होती है, तो गुणात्मक दृष्टि से यह क्षेत्र कुछ नए मील पत्थर रख पाएगा।

> सार्वजनिक उपक्रम हिमाचल पर्यटन विकास निगम को घाटा उठाना पड़ रहा है, तो इसके परिसरों के बेहतर इस्तेमाल की एक नई कड़ी बनानी होगी। मसलन हर शहर के किसी न किसी बाजार को पर्यटन बाजार की अहमियत में विकसित करें, तो हिमाचल का खान पान और उपहार सारे देश में पहुंच जाएंगे। इसके लिए शहरी व ग्रामीण निकायों को बाध्य किया जाए कि ये अपने संसाधनों से प्रदेश के पर्यटन नक्शे में इजाफा करें। बहुत पहले मंडी शहर में पंडित सुखराम ने इंदिरा मार्केट की परिकल्पना में एक ऐसा अद्भुत संसार रचा कि यह स्थान रौनक, रोमांच और व्यापार की अनिवार्यता में मनोरंजन सरीखा हो गया। विडंबना यह है कि हमने शिमला के मॉल और गेयटी थियेटर के पर्यटन महत्त्व का प्रदेश में प्रसार नहीं किया। कमोबेश हर शहर, पर्यटन डेस्टिनेशन और धार्मिक स्थल को सुकून की राहें-चरागाहें चुननी चाहिएं और इसके लिए वाहन वर्जित मार्केट, बड़े मैदान और ईको टूरिज्म के निशान बढ़ाने होंगे। पिछले दशक में हमीरपुर शहर के मुख्य बाजार को वाहन वर्जित माल रोड बनाने की मांग उठी, लेकिन जिन्हें अफरातफरी में व्यापारिक हित नजर आता है।

ऐसा नहीं है कि पर्यटन के हिस्से पहले कम फंड आया, लेकिन कुछ परियोजनाएं केवल सियासी मंसूबों के खातिर दफन हो गईं। कई ऐसी संपत्तियां या चौबारे खड़े हो गए, जो पर्यटन के नाम पर अपनी प्रासंगिकता दर्ज नहीं कर पाए। सार्वजनिक उपक्रम हिमाचल पर्यटन विकास निगम को घाटा उठाना पड़ रहा है, तो इसके परिसरों के बेहतर इस्तेमाल की एक नई कड़ी बनानी होगी। मसलन हर शहर के किसी न किसी बाजार को पर्यटन बाजार की अहमियत में विकसित करें, तो हिमाचल का खान पान और उपहार सारे देश में पहुंच जाएंगे। इसके लिए शहरी व ग्रामीण निकायों को बाध्य किया जाए कि ये अपने संसाधनों से प्रदेश के पर्यटन नक्शे में इजाफा करें। बहुत पहले मंडी शहर में पंडित सुखराम ने इंदिरा मार्केट की परिकल्पना में एक ऐसा अद्भुत संसार रचा कि यह स्थान रौनक, रोमांच और व्यापार की अनिवार्यता में मनोरंजन सरीखा हो गया। विडंबना यह है कि हमने शिमला के मॉल और गेयटी थियेटर के पर्यटन महत्त्व का प्रदेश में प्रसार नहीं किया। कमोबेश हर शहर, पर्यटन डेस्टिनेशन और धार्मिक स्थल को सुकून की राहें-चरागाहें चुननी चाहिएं और इसके लिए वाहन वर्जित मार्केट, बड़े मैदान और ईको टूरिज्म के निशान बढ़ाने होंगे। पिछले दशक में हमीरपुर शहर के मुख्य बाजार को वाहन वर्जित माल रोड बनाने की मांग उठी, लेकिन जिन्हें अफरातफरी में व्यापारिक हित नजर आता है, वे इसके सियासी विरोध पर उतर आए। धर्मशाला का कोतवाली बाजार यह नहीं चाहता कि वाहन बाइपास से गुजर जाएं और कुछ इसी तरह के असमंजस में शाहपुर बाजार प्रस्तावित फोरलेन से उलझ रहा है। प्रमुख बाजारों को मालरोड बनाने के लिए एडीबी फंडिंग के बजाय इच्छाशक्ति चाहिए। अगर एक प्वाइंट से इलेक्ट्रिक कार्ट प्रमुख बाजारों को चलें और बाजार से पहले महापार्किंग में वाहन आगमन थमे, तो हिमाचल के कई शहर पर्यटकों के लिए भी कनाट प्लेस या चंडीगढ़ के सत्रह सेक्टर जैसा माहौल पैदा कर सकते हैं। इसी तरह एडीबी की मदद के बिना सार्वजनिक परिवहन के साथ पर्यटन परिवहन के विकल्प जोड़े जाएं, तो हर शहर का मंजर कुछ और होगा। प्रदेश को छोटे-बड़े बस अड्डों के प्रारूप में सुधार करते हुए, इन्हें निजी पार्टनरशिप में निखारना चाहिए, ताकि ये स्थल भविष्य की महापार्किंग, मनोरंजन व व्यापारिक केंद्र के रूप में सिटी सेंटर भी बनें। ऐसे में एचआरटीसी के साथ-साथ, मिल्क फेडरेशन, एचपीएमसी व कुछ अन्य सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के सहयोग से बस स्टैंड के पते पर पर्यटक को हिमाचल से रू-ब-रू कराने का मंतव्य पूरा कर सकते हैं। हमारा मानना है कि अगर धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम के साथ एक खेल, सांस्कृतिक व व्यापारिक परिसर खड़ा किया जाए, तो हर दिन वहां सारे हिमाचली उत्पादों के उपहार, कलाओं के प्रदर्शन, पर्यटन केंद्रों के दर्शन तथा यात्रा के नए डेस्टिनेशन का प्रचार किया जा सकता है। इस दिशा में मंडी व शिमला के प्रस्तावित खादी प्लाजा निश्चित रूप से एक आशातीत संकल्प हैं। बेशक 'नई मंजिलें, नई राहों' की तलाश जारी रहनी चाहिए और यह भी कि पिछली रुकी हुई तमाम पर्यटक परियोजनाओं के अवरोध भी हटा कर, इन्हें पूरा करना होगा। हिमाचल के एक दर्जन मंदिरों की आय से हम हिमाचल के कला जगत का प्रोत्साहन कर सकते हैं, इसलिए प्रमुख धार्मिक स्थलों पर कला केंद्र या कला परिसर विकसित करके हर तरह के कलाकार को अपनी कला के प्रदर्शन व संरक्षण का अवसर मिलना चाहिए।

## कुछ अलग

# एक शाश्वत युद्ध

**यह** एक देश ने दूसरे देश के खिलाफ युद्ध नहीं छेड़ा है। फिलस्तीन की गाजा पट्टी के अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन 'हमास' ने संप्रभु, स्वायत्त देश इजरायल पर अचानक आतंकी हमला किया है। हमास इजरायल के प्रति नफरत और दुश्मनी की हद तक सोचता है, लिहाजा उसके अस्तित्व को ही मान्यता नहीं देता। यह युद्ध कहां तक खिंचेगा, अभी आकलन करना मुश्किल है, लेकिन इजरायल ने इस हमले को 'युद्ध' करार देते हुए पलटवार किया है। नतीजतन गाजा पट्टी में विध्वंस जारी है। हमास इजरायल पर हमला कर बहुत कुछ तबाह कर चुका है। हैवानियत की हद तक उसके लड़ाके चले गए हैं। हमास ने जिन्हें बंधक बना कर गाजा की सुरंगों में रखा है, वह उन्हें मानव-ढाल के तौर पर इस्तेमाल करेगा। दोनों पक्षों के 1000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। घायलों की संख्या 4000 से ज्यादा बताई जा रही है। इजरायल ने हवाई हमले कर गाजा पट्टी में हमास के 426 ठिकानों को 'मलबा' बना दिया है। इजरायल के कुछ सैन्य अधिकारी 800 से ज्यादा ठिकानों पर हमले का दावा कर रहे हैं। उनमें रिहायशी इलाके, अस्पताल, स्कूल, बाजार भी शामिल हैं। गाजा करीब 23 लाख की आबादी वाला सबसे घना इलाका है, लिहाजा नुकसान और मौतें भी उसी अनुपात में होंगी। आखिर इजरायल वहां कितने हमले करेगा, क्योंकि गाजा के बाद अन्य देशों की सीमाएं शुरू होती हैं। बहरहाल इस अचानक, अप्रत्याशित युद्ध ने दुनिया के प्रमुख देशों को दो हिस्से में विभाजित कर दिया है। हालांकि हमास एक आतंकी संगठन है, जिसकी ताकत 50,000 से अधिक लड़ाके हैं, लेकिन ईरान, लेबनॉन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, ओमान, बांग्लादेश, पाकिस्तान आदि इस्लामी देश हमास का समर्थन कर रहे हैं। वे उसकी फंडिंग भी करते हैं। दूसरी तरफ भारत समेत अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, यूरोपीय देशों ने हमास के इजरायल पर हमले को '9/11 जैसा आतंकी हमला' करार दिया है और उसकी निंदा भी की है। भारत इजरायल के साथ खड़ा है, लेकिन उसने फिलिस्तीन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला है। भारत के 18,000 से अधिक छात्र और कामगार, पर्यटक आदि इजरायल में हैं। फिलहाल सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उनकी सकुशल वापसी के प्रयास शुरू हो चुके हैं। खुद प्रधानमंत्री दफ्तर इस अभियान की निगरानी कर रहा है। दरअसल अमरीका ईरान, सऊदी अरब और इजरायल की 'दोस्ती' कराने की मध्यस्थता कर मध्य-पूर्व की परिभाषा ही बदल देना चाहता था। उसका हमास, हिजबुल्लाह सरीखे आतंकी संगठन और कुछ अन्य देशों ने जमकर विरोध किया। अरब की दुनिया और यहूदियों के देश इजरायल के बीच एक शाश्वत वैमनस्य रहा है। विरोध और जंगों का लंबा अतीत है। दरअसल इजरायल में शनिवार को छुट्टी थी और अधिकतर लोग 'यहूदी उत्सव' के मूड में थे। सैनिक भी छुट्टी लेकर गए थे। ऐसे में हमास के लड़ाकों ने घुसपैठ की और इजरायल पर 5000 रॉकेट भी दागे गए। हवा, जमीन, समंदर से एक साथ अचानक हमले ने इजरायल को स्तब्ध कर दिया और दुनिया चौंक उठी।

## युवाओं के पासपोर्ट तक एजेंटों के द्वारा कब्जा लिए जाते थे और उनका तरह-तरह से शोषण भी किया जाता था

# घातक हो रहा है विदेशों में पढ़ाई का क्रेज

अश्विनी महाजन

> केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26 .44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4 .5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13 .5 अरब डालर का खर्च किया।

**पिछले** कुछ वर्षों से भारत से विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने की आकांक्षा का क्रेज बढ़ता जा रहा है। केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26.44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4.5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13.5 अरब डालर का खर्च किया। वर्ष 2022 में यह खर्च 24 अरब डालर यानी लगभग 2 लाख करोड़ रुपए रहा और रेडसियर स्टार्टेजी कन्स्लटेंट की रिपोर्ट के अनुसार 2024 तक यह खर्च 80 अरब डालर यानी 7 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है, जब अनुमानित 20 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढने के लिए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री बी. मुरलीधरन ने 25 मार्च 2022 को लोकसभा को सूचित किया किया कि वर्तमान में 13 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ रहे हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार के इस वक्तव्य के अनुसार वर्ष 2021 में 4.44 लाख विद्यार्थी विदेशों में पढने गए। एक अन्य सरकारी वक्तव्य के अनुसार नवंबर 30, 2022 तक विदेशों में पढने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 6.46 लाख थी, यानी 45 प्रतिशत की वृद्धि। यदि राज्यवार ब्यौरा देखें तो वर्ष 2021 तक विदेशों में पढने जाने वाले विद्यार्थियों में 12 प्रतिशत पंजाब से, 12 प्रतिशत ही आंध्र प्रदेश से और 8 प्रतिशत गुजरात से थे। अगर युवाओं की कुल संख्या के अनुपात में देखा जाए तो पंजाब से प्रत्येक हजार में से 7 युवा, आंध्र प्रदेश में प्रति हजार में 4 युवा और गुजरात से प्रति हजार में से कम से कम 2 युवा विदेशों में हर साल पढने जा रहे हैं। यदि वर्ष 2016 से 2022 की संचयी संख्या लें तो स्थिति काफी भयावह दिखाई देती है। पंजाब में यह संख्या 50 प्रति हजार, आंध्र प्रदेश में 30 प्रति हजार और गुजरात में 14 प्रति हजार है। विदेशों में पढने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि कई कारणों से चिंता का विषय है। सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि ये युवा पढ़ाई और रोजगार की तलाश में विदेशों को पलायन कर रहे हैं और इस कारण देश के समक्ष युवा शक्ति के पलायन की समस्या बढ़ रही है, इससे देश के उद्योग-धंधों के लिए श्रम शक्ति की कमी की समस्या भी आ सकती है। इसके अलावा देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है। ऐसा देखने में आ रहा है कि उनके माता-पिता अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर इन युवाओं को विदेशों में पढने के लिए



भेज रहे हैं। एक समय था कि विदेशों में रह रहे भारतीयों के माध्यम से पंजाब के गांवों में बड़ी मात्रा में विदेशों से धन आता था। विदेशों में पढ़ाई के इस क्रेज के चलते यह प्रक्रिया उलट हो गई है, यानी अब विदेशों से धन आने के बजाय विदेशों को धन भेजा जा रहा है। ऐसे में जब वर्ष 2024 तक विदेशों में पढने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 20 लाख और उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि 80 अरब डालर पहुंच जाएगी, तो यह देश के लिए अत्यंत संकटकारी स्थिति का कारण बनेगा। **नहीं है देश में शिक्षा सुविधाओं की कमी :** गौरतलब है कि युवाओं का शिक्षा के लिए विदेशों में पलायन, देश में शिक्षा सुविधाओं की कमी की वजह से नहीं है। वास्तव में देश में पिछले दो-तीन दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में भारी प्रगति हुई है। यदि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का प्रवेश देखें तो 1990-91 में जहां मात्र 49.2 लाख विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया, यह संख्या वर्ष 2020-21 में 414 लाख तक पहुंच गई। मोटे तौर पर उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले 30 वर्षों में 10 गुणा से भी ज्यादा हो चुकी है। यदि उच्च शिक्षा संस्थानों की बात की जाए तो देखते हैं कि वर्ष 2021 में देश में 1113 विश्वविद्यालय और समकक्ष संस्थान, 43796 महाविद्यालय और अन्य स्वतंत्र संस्थान 11296 थे। इसी वर्ष देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में 15.51 लाख शिक्षक कार्यरत थे। देश में कई विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं और कई अन्य राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में निजी विश्वविद्यालय हैं और कई 'विश्वविद्यालय सम' यानी 'डीम्ड विश्वविद्यालय' हैं। देश में कई विश्वस्तरीय प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग संस्थान हैं, जिनसे शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी वैश्विक कंपनियों में उच्च पदों पर आसीन हैं। जहां तक शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए फीस का सवाल है, अधिकांश भारतीय शिक्षा संस्थानों में फीस विदेशी संस्थानों में फीस से कहीं कम है और जिन विदेशी संस्थानों में भारतीय युवा प्रवेश ले रहे हैं, उनमें से अधिकांश का स्तर अत्यंत नीचा है। तो सवाल उठता है कि भारी भरकम राशि खर्च कर भारत के युवा विदेशी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश क्यों लेते हैं? इसका सीधा उत्तर यह है कि विदेशों में जाने वाले अधिकांश विद्यार्थी उच्च स्तरीय शिक्षा में प्रवेश लेकर वास्तव में कोई उच्च स्तरीय डिग्री प्राप्त करने के लिए जाते हैं, ऐसा नहीं है। आस्ट्रेलिया, कनाडा, और यहां तक कि इंग्लैंड समेत अन्य यूरोपीय देशों में जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों का वास्तविक लक्ष्य शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि वहां रोजगार प्राप्त करना है। लेकिन भारतीय युवा यह समझने के लिए तैयार नहीं हैं कि इन देशों में भी रोजगार की भारी कमी है। कई देशों में वहां के स्थानीय लोग भारतीय एवं अन्य देशों से आने वाले युवाओं के खिलाफ हिंसा की वारदातें भी देखने को मिल रही हैं। देश से जाने वाले अधिकांश युवा विद्यार्थी वहां रोजगार प्राप्त करने में असफल हो रहे हैं और उन्हें स्वदेश वापस लौटना पड़ता है, जिसके कारण वे भारी कुंठा का भी शिकार हो रहे हैं। **विदेश जाने के क्रेज को थामने की जरूरत :** चूंकि व्यक्तिगत तौर पर विदेशों में जाने वाले युवा विद्यार्थी पूर्व में विदेशों में जाने वाले भारतीयों की सफलता की गाथाओं से प्रभावित होकर विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं। लेकिन वे यह समझ नहीं पा रहे कि आज कनाडा, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों में, जहां वे शिक्षा संस्थानों में प्रवेश ले रहे हैं, वे शिक्षा संस्थान स्वयं के अस्तित्व को बचाने हेतु भारतीय विद्यार्थियों को आसानी से अपने शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दे रहे हैं। यही नहीं, भारतीय और अन्य देशों के अति इच्छुक विद्यार्थियों से भारी फीस ऐंठने हेतु शिक्षा की कई दुकानें भी खुल रही हैं, जिनका वास्तविक शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकारों को विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को इस हेतु वास्तविकता से अवगत कराने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है, ताकि वे विदेशों में जाकर अपने माता-पिता की गाढ़ी कमाई को यूं ही न गंवा दें। गौरतलब है कि पिछले लगभग दो दशकों से भारत के कई नागरिक एजेंटों के माध्यम से विदेशों में, खास तौर पर खाड़ी के देशों में रोजगार की तलाश में गए और वहां उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन युवाओं के पासपोर्ट तक एजेंटों के द्वारा कब्जा लिए जाते थे और उनका तरह-तरह से शोषण भी किया जाता था।

# श्राद्ध कर्म की उपयोगिता एवं व्यावहारिकता

> सनातन धर्मावलंबियों द्वारा पितरों की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए तर्पण, श्राद्ध कर्म आदि करना आवश्यक समझा जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्राद्ध करने से कुल में वीर, निरोगी, शतायु एवं श्रेय प्राप्त करने वाली संततियां उत्पन्न होती हैं। श्राद्ध करने से वृद्धि, पुष्टि, स्मरण शक्ति, धरणा शक्ति, पुत्र-पौत्रादि एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। भारतीय संस्कृति में पुत्रों या पौत्रों द्वारा पितरों के प्रति श्रद्धा तथा आस्था रखते हुए उनकी मुक्ति, सद्गति तथा शांति के लिए श्राद्ध कर्म करने का उत्तरदायित्व निभाना एक सभ्य, संस्कारी तथा जिम्मेदार मनुष्य की निशानी समझा जाता है। श्राद्ध का अर्थ श्रद्धापूर्वक किया हुआ वह संस्कार जिससे पितर संतुष्टि प्राप्त करते हैं। पितृपक्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होता है जो अमावस्या तक रहता है। मान्यता है कि पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और परिजनों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

**भारतीय** हिन्दू संस्कृति एवं परम्परा के अनुसार श्राद्ध का अभिप्राय श्रद्धा से है, इसलिए हर वर्ष पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों को याद करते श्राद्ध कर्म किया जाता है। प्रत्येक वर्ष पितरों की प्रसन्नता, दुःखों से मुक्त होने का पर्व श्राद्ध 16 दिनों तक मनाया जाता है। प्रत्येक परिवारजन मृत्युतिथि पर श्राद्ध, पिंडदान, जलदान आदि करके पितरों को तृप्त करते हैं। सनातन धर्मावलंबियों द्वारा पितरों की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए तर्पण, श्राद्ध कर्म आदि करना आवश्यक समझा जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्राद्ध करने से कुल में वीर, निरोगी, शतायु एवं श्रेय प्राप्त करने वाली संततियां उत्पन्न होती हैं। श्राद्ध करने से वृद्धि, पुष्टि, स्मरण शक्ति, धरणा शक्ति, पुत्र-पौत्रादि एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। भारतीय संस्कृति में पुत्रों या पौत्रों द्वारा पितरों के प्रति श्रद्धा तथा आस्था रखते हुए उनकी मुक्ति, सद्गति तथा शांति के लिए श्राद्ध कर्म करने का उत्तरदायित्व निभाना एक सभ्य, संस्कारी तथा जिम्मेदार मनुष्य की निशानी समझा जाता है। श्राद्ध का अर्थ श्रद्धापूर्वक किया हुआ वह संस्कार जिससे पितर संतुष्टि प्राप्त करते हैं। पितृपक्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होता है जो अमावस्या तक रहता है। मान्यता है कि पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और परिजनों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। मानवीय मूल्यों पर विचार करते हुए यह ठीक भी है कि हमें पारिवारिक जड़ों को याद रखते हुए अपने पूर्वजों के लिए आदर एवं सम्मान व्यक्त करना चाहिए। धार्मिक संस्कारों तथा सामाजिक परम्पराओं को जीवित रखते हुए यह आवश्यक भी है। संस्कृति तथा परम्पराओं का सम्मान करते हुए व्यक्ति को कुछ आवश्यक बातों पर गम्भीरतापूर्वक भी विचार करना चाहिए। वर्ष में एक बार पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म के समय अपने पूर्वजों तथा माता-पिता का कुत्ते, कौवे, गाय तथा भिखारी में अपने प्रियजनों का अक्स देखने वालों को यह याद रखना चाहिए कि हमने अमुक व्यक्ति के साथ उसकी मजबूरी, बीमारी तथा उसके जीते जी कैसा व्यवहार किया है? रूढ़िवादी परम्पराओं में लिप्त तथा आडम्बर करते हुए अपने भावों की अभिव्यक्ति का कोई लाभ नहीं होता। यदि हमने किसी व्यक्ति के साथ समय रहते अच्छा व्यवहार नहीं किया हो, उसका दुःख-दर्द महसूस न किया हो, मृत्युपरांत मात्र लोक लाज के लिए दिखावा एवं ढकोसलेबाजी करना कहां तक सही है? वर्तमान समाज में अपने माता-पिता तथा बुजुर्गों के साथ अपमान, अत्याचार, बदतमीजी तथा मारपीट करने की बहुत सी घटनाएं सामने आ रही हैं। घर के पालतु कुत्ते बुजुर्गों से अधिक प्रिय एवं सम्मानीय हो चुके हैं। घर में तकलीफ, लाचारी, बीमारी से ग्रसित वृद्ध रात भर कराहता रहता है। भोजन, पानी तथा दवाई के लिए तरसता रहता है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं होती। संस्कार रहित युवा तथा घर के बच्चे भी उसकी उपेक्षा करते हुए बदतमीजी करते हैं। समाज में असहाय वृद्धों को घरों के भीतर मारपीट तथा प्रताड़ित किया जाता है। फिर मरने के बाद पितृ कर्म से पुण्य प्राप्त करने का आडम्बर करते हैं। ऐसे निष्ठुर तथा क्रूर लोगों को तो जन्मजन्मांतर तक भी सुख-शांति तथा चैन नहीं मिलना चाहिए। ऐसे व्यक्तियों को तो सामाजिक तथा कानूनी दृष्टि से अपराधी घोषित किया जाना चाहिए। वर्तमान समाज में वृद्ध आश्रम का खुलना विकास की निशानी समझा जा रहा है, लेकिन यह हमारी बुद्धि एवं सोच का दिवालियापन है। हालांकि किसी मजबूर एवं लाचार व्यक्ति के लिए ये वृद्धाश्रम वरदान भी साबित हुए हैं। कड़वा सच यह है कि समाज में अधिकतर वृद्ध अपनी ही औलादों के निकृष्ट एवं असंवेदनशील व्यवहार से कुंठित एवं ग्रसित हैं। घरों में वृद्धों को रखने तथा उनकी रोजाना भोजन व्यवस्था पर बेटों और बहुओं को आमतौर पर लड़ते-झगड़ते तथा हिसाब-किताब करते देखा गया है। अनेकों बड़े सम्भ्रांत परिवारों, पढ़े-लिखे, राजनेताओं, व्यापारियों तथा आला अधिकारियों के घरों में यह जगजाहिर तथा खुला सत्य है। यह बहुत ही गंभीर एवं विचित्र स्थिति है। ऐसे में विचार करने योग्य है कि मरने के चार वर्षों के उपरांत यदि किसी मृत आत्मा को श्राद्ध तिथि के अवसर पर पूड़ी, खीर, पकवान, फल, मेवे तथा वस्त्र मिल भी जाएं तो किस काम के? वृद्धाश्रम में रहने वाले उपेक्षित वृद्धों का मानना है कि जीते जी उनकी संतानें कपड़े, दवाई तथा खाने को भोजन नहीं देती तथा मरने के बाद लोकलाज के लिए श्राद्ध, पिंडदान तथा तर्पण का दिखावा करते हैं। अभी हाल ही में कानपुर के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रेम साहनी का बेटा उनकी मृत्यु पर कनाडा से घर नहीं पहुंच पाया। उल्लेखनीय है कि डॉ. साहनी अपने आवासीय परिसर में हृदयघात या फिर कोई जहरीला पदार्थ निगलने से मृत पाए गए थे। चण्डीगढ़ निवासी उनकी बहन डॉ. डेजी तथा डॉ. संजीव ने उन्हें मुखाग्नि दी तथा उनके बेटे को वीडियो कॉल से अन्तिम दर्शन करवाए गए। समाज को आधुनिक, व्यावसायिक तथा भौतिकवादी इन विचित्र स्थितियों पर गम्भीरता से विचार करना होगा। अपने पूर्वजों के सम्मान तथा उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धा का प्रतीक श्राद्ध अवश्य करें, परन्तु जीते जी उनसे प्रेम करें, उनका सम्मान करें, उन्हें सुख-शान्ति प्रदान करें। श्राद्ध कर्म का फर्ज निभाते हुए वृद्धों का दर्द भी महसूस करने का प्रयास करें। यह श्राद्ध कर्म सामाजिक रूप से पीढियों की सुख-शांति के लिए आवश्यक है, वहीं पर सही अर्थों में इसकी व्यावहारिकता को समझने की आवश्यकता है। मानवीय, सामाजिक, नैतिक तथा सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करते हुए मृत प्रियजनों का श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करते हुए जीवित प्रियजनों के लिए सेवा, आदर एवं श्रद्धा का भाव रखें।

## देश दुनीया से

# पक्षियों का वास, बचाने की आस

> उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक। भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बड्‌र्स (एसओआईबी) 2023 की रिपोर्ट से पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12 .40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है, क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं।

**भारत** पक्षियों के लिहाज से एक अनूठी विविधता वाला का देश है। यहां के विविध भौगोलिक इलाकों में पक्षियों की बहुरंगी प्रजातियां निवास करती हैं। उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक। भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बड्‌र्स (एसओआईबी) 2023 की रिपोर्ट से पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12.40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है, क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं। इस क्षेत्र में पक्षियों को वर्तमान में कई प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण खतरा निवास स्थान की हानि और ह्रास है। इसके बाद मानव और वन्य जीवों के बीच का संघर्ष है। आवासों की क्षति एवं हानि के मूल कारण जटिल व आपस में जुड़े हुए हैं। इन कारणों में शहरीकरण, ढांचागत विकास, वर्तमान कृषि पद्धतियां, अत्यधिक दोहन के कारण प्राकृतिक वन आच्छादन को खतरा, संसाधनों की उच्च विदेशी मांग और संरक्षण समर्थक नीतियों का अपर्याप्त कानूनी प्रवर्तन शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन एक और मंडराता हुआ खतरा है। मौसम के बदलते ढर्रे (पैटर्न), प्रवासन के बदले हुए मार्ग और भोजन की उपलब्धता में व्यवधान पक्षियों की कई प्रजातियों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ता तापमान पक्षियों के प्रजनन और घोंसला बनाने के पैटर्न को प्रभावित कर रहा है। परिणामस्वरूप कई पक्षियों के लिए अनुकूलन करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आक्रामक प्रजातियों का समावेश एवं प्रसार भी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर और इको सिस्टम में परिवर्तन करके देशज पक्षियों की आबादी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इन खतरों से निपटने के लिए भारत ने पक्षियों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 10 वर्षीय योजना 'देश में पक्षियों की विविधता, उनके इको सिस्टम, आवास और भौगोलिक परिदृश्य के संरक्षण के लिए दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य योजना (2020-2030)' –का उद्देश्य भारत में पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण से संबंधित कार्रवाई को आगे बढ़ाना है। यह कदम भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्ययोजना (2017 से 2031 तक) के अतिरिक्त है। इस कार्ययोजना में भी पक्षियों एवं उनके आवासों की सुरक्षा से जुड़े कई संरक्षण कार्य शामिल हैं। यह योजना पक्षियों की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए छोटी, मध्यम और दीर्घकालिक योजनाओं की एक श्रृंखला का प्रस्ताव करती है। गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति के लिए कार्यक्रम शुरू करती है। उनकी घटती हुई आबादी को थामने के लिए भौगोलिक परिवेश से संबंधित दृष्टिकोण पेश करती है। यह योजना इस तथ्य को भी रेखांकित करती है कि ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन के स्तर में बढ़ोतरी करने वाली मानवजनित गतिविधियां वैश्विक स्तर पर पर्यावरण पर भी प्रभाव डाल रही हैं। और इसीलिए, वह पक्षीजात (एविफॉन) पर ऐसे प्रभावों को कम व नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक उपायों का आह्वान करती है। भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुनर्वनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है।

## दृष्टिकोण

# झूला झूलें पिंग लाल

**देश** में आजकल बारहमासी सावन के जिन झूलों का रिवाज है, उनमें रस्सी भी चीन की है और पटरा भी। लेकिन मुझे इस बात की पूरी तसल्ली है कि कम से कम पेड़ मेड इन इण्डिया हैं। जब तक देश में दरख्त हैं, तब तक हम इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि हम न सिर्फ मेक इन इण्डिया का आवाह्न करते हैं बल्कि अपने देश में पेड़ भी बनाते हैं और उन पर झूले भी डालते हैं। पर दुःख है तो केवल इस बात का कि इन झूलों पर चीन झूल रहा है और हमें कहना पड़ रहा है कि 'झूला झूलें पिंग लाल (शी जिनपिंग)'। जिनके हाथ में झूलों की रस्सियाँ हैं, वे शी जिनपिंग को गलबहियाँ डालने के बाद उसके साथ झूला झूलते हैं और बेचारा विकास ज़मीन पर पड़ा दर्द से बिलबिलाता रहता है। झूले की रस्सी थामने वाले ने साबरमती में जिनपिंग को चीन में बने स्टेंड, रस्सी और पटरे पर झूला झुलवाया था। जिनपिंग मेड इन इण्डिया पेड़ देखकर नाराज़ न हो जाएं, इसलिए झूले को पेड़ पर भी नहीं डलवाया गया। सच्ची दोस्ती की यही निशानी है कि जिसके साथ की जाए, उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए। देश का क्या, वह तो चीन में बनी रस्सी, पटरे और स्टेंड की तरह कहीं भी बनाया जा सकता है। वैसे भी जब चीन ने लद्दाख और अरुणाचल में अपने तम्बू तानने के बाद गाँव बसा ही लिए हैं तो उसे देश के बाक़ी हिस्सों में पहुँचने से भला कौन रोक सकता है। हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर अकाट्य तर्क पेश करते हैं कि सवाल कॉमन सेंस का है। चीन बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम छोटी। क्या किसी छोटी अर्थव्यवस्था को बड़ी अर्थव्यवस्था से पंगा लेना चाहिए। क्यूबा और फिदेल कास्त्रो की बात और है कि उसने आकार और अर्थव्यवस्था में संयुक्त राज्य अमेरिका के सामने चिंदी होने के बावजूद उससे हार नहीं मानी। अमेरिका झल्लाता रहा, पर कुछ नहीं कर पाया। लेकिन फिदेल कास्त्रो की तरह दाढ़ी रखने का मतलब यह तो नहीं कि हमारे परिधान मंत्री शी जिनपिंग से भिड़ जाएं। फिदेल कास्त्रो ने कभी अपनी छाती का नाप नहीं बताया। कम से कम हमारे परिधान मंत्री अपने सीने का नाप तो बताते हैं। भले उनके कपड़े का नाप लेने वाला दरजी कहता रहे कि उनकी छाती का नाप तैंतालीस इंच है। पर दावा तो दावा है। वादे और दावे में केवल अक्षर ही आगे-पीछे हैं। लेकिन दोनों की ज़ात तो एक है। पर ऐसा भी नहीं कि चीन का झूला डाल पर ही पड़ा दीखे या किसी चीनी स्टेंड पर। उन पत्रकारों और न्यूज़ हाऊस से पूछ कर देखिए, जिनके गले में आजकल ईडी के झूले पड़े हैं। राष्ट्रपिता की जंयती के अगले दिन सुबह-सवेरे जब चार दरजन से अधिक ये हज़रात अभी अपनी हाजत भी नहीं उतार पाए होंगे कि ईडी ने उनके गले में झूले डाल दिए। चीन से जिन भारतीयों के सीधे व्यापारिक सम्बन्ध हैं, जो चीनी कम्पनियाँ सीधे भारत में निवेश कर रही हैं या जिन चीनी कम्पनियों ने पीएम केयर फंड में भारत में अपने व्यापारिक हितों की पैरवी के लिए खरबों का निवेश किया था, उन्हें छोड़ कर ईडी ने ऐसे न्यूज़ हाऊस पर छापा डाला, जिसे अमेरिका निवासी किसी साम्यवादी विचारधारा के समर्थक रिटायर उद्योगपति ने करीब दस करोड़ का चंदा दिया था। आजकल भारत में बीजे पार्टी की सरकार जिस तरह ईडी का उपयोग कर रही है, उससे मुझे युँगाडा के तानाशाह ईदी अमीन की बड़ी याद आ रही है। ईडी और ईदी में केवल ड और द का फर्क है। लेकिन अपने विरोधियों को गले लगाने का दोनों का तरीका एक सा है। ईदी का हश्र तो पूरी दुनिया जानती है। पर ईडी पर कोई फर्क नहीं पडने वाला। अगली सरकार जिसकी होगी, वह भी अपने विरोधियों के गले में इसी तरह से ईडी की गलबहियाँ डलवाएगी।

# नेशनल हाईवे सड़क के लिए अधिग्रहण की गई भूमि का उचित मुआवजे को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नेशनल सड़क के लिए अधिग्रहण की गई, भूमि का उचित मुआवजे को लेकर रैयतों ने डूरुंगी कला पूर्व मुखिया गुर्जर उरांव के आवास में एक बैठक किया। बताते चलें कि लातेहार सदर प्रखंड के 10 गांवों के रैयतों का जमीन फोरलेन में जा रही है।जिसका कम मुआवजा मिलने से रैयतों में रोश व्याप्त है। रैयतों ने बताया कि हमलोग जमीन का लगान देते आ रहा हूं। जमीन का रसीद कटा है। उचित मुआवजे को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई जिसका अध्यक्षता गुर्जर उरांव ने किया। बैठक का संचालन वीरेंद्र प्रसाद तथा बैठक में मुख्य रूप से राजद नेता लक्ष्मण यादव उपस्थित थे। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 17 अक्टूबर दिन मंगलवार को 10ः00 बजे सभी रैयत समाहरणालय पहुंचेंगे जहां रैयतों ने उचित मुआवजे के मांग को लेकर उपायुक्त से मुलाकात करेंगे। ग्राम उदयपुर कड़ीमा पांडेपुरा, लोटो कूरा, दोगीला इचाक, डूरुंगी कला .डूरुंगी खुर्द, होटवाग मतनाग पतकी समेत दर्जनों गांवों के ग्रामीण बृज किशोर उरांव, विजय सिंह, दिलीप कुमार, रंजीत यादव, श्याम किशोर दुबे, विजय यादव, हरि नाम सिंह, आदम अंसारी, जितेंद्र प्रसाद, प्रमोद यादव उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्र का हुआ शुभारंभ 1001 कलश यात्री हुए शामिल, भक्तिमय हुआ वातावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत मुख्यालय में स्थित ठाकुरबाड़ी में सार्वजनिक दुर्गा पूजा की शुरुआत रविवार को 1001 कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ कर दिया गया है।साथ ही साथ पूरे क्षेत्र भक्ति में माता के श्रद्धालु भक्ति जागरण कर रहे हैं। इस वर्ष का नवरात्र पूरे 9 दिन का है प्रथम दिन कलश स्थापना के बाद शैलपुत्री माता की पूजा अर्चना की गई है। इस पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी का भी आगमन हुआ है। कलश स्थापना के लिए कलश में जल भरने के लिए गिद्धौर के प्रचलित रामसागर आहर से जल उठाया गया। एवं क्षेत्र में भ्रमण किया गया। जिसमें कालेश्वरी शिव मंदिर सलगा शिव मंदिर होते हुए ठाकुरबारी दुर्गा मंडप में कलश का स्थापना किया गया।मौके पर उपस्थित गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी उप मुखिया मंजू देवी एवं समाज सेवी महा अनुभवी गण्यामान्य एवं सैकड़ो माता के भक्त कलश यात्रा में शामिल थे।

## छेचानी बालू घाट पर किया गया पुजा अर्चना

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनजीटी के रोक और विभागीय अधिकारियों के आदेश के बाद अब इंतजार की घड़ी खत्म हो गई है। प्रखंड क्षेत्र के संचालित बालू घाट बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह के अध्यक्षता में रविवार को पोखरी खुर्द के छेचानी बालू घाट स्थित विधिवत पूजा अर्चना की गई वहीं आज सोमवार से छेचानी बालू घाट से बालू का उठाव प्रारंभ कर दी जायेगी मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह ने दी जानकारी।

## कुटमू में दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर की गई साफ सफाई

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर कुटमू मिडिल स्कूल के पुजा पंडाल के आस पास के इलाके में पूजा कमिटी के संजय सिंह उर्फ बुद्धू सिंह के उपस्थित में मजदुर से साफ सफाई का कार्य कराया गया ताकि पुजा पंडाल तक आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह का कोई भी दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## विधायक ने छिपादोहर बाईपास सड़क का निजी खर्च से मरम्मत कार्य का किया शुभारंभ

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर बाईपास सड़क के मरम्मती कार्य अपने निजी खर्च से विधायक रामचंद्र सिंह ने करना शुरू कर दिया। दुर्गा पूजा के मद्देनजर सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए जेसीबी और टैक्टर के माध्यम से मिट्टी मोरम डालवा कर सड़क पर पड़े गढ्ढे को भरवाने का काम किया। सड़क मार्ग में मिट्टी मोरम का काम हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों और उस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को काफी सहुलियत होगी इस कार्य कराने की पहल शुरू करते ही स्थानीय छिपादोहर निवासी ने माननीय विधायक रामचंद्र सिंह को इस पुनीत कार्य के लिए लोगों ने जम कर सराहनीय कार्य बताया। इस अवसर पर छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, छिपादोहर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, पंचायत की मुखिया बेरोनिका कुजुर, नंदू प्रसाद, निजाम अंसारी, राजू प्रसाद, श्रवण सिंह, उमेश कुमार, डा0 सुशील, सुनील कुमार, कृष्ण प्रसाद, अशोक प्रसाद, सुरेश यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## खड़ा मोटरसाइकिल में दूसरे मोटरसाइकिल ने मारा धक्का, तीन घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार की देर शाम सड़क के किनारे खड़ा मोटरसाइकिल सवार अजीत सिंह 47 वर्ष पिता शंकर सिंह ग्राम टमटमटोला बालूमाथ, जितेंद्र सिंह 54 वर्ष पिता स्वर्गीय अनुरोध सिंह एवं शिवकुमार सिंह 60 वर्ष पिता स्वर्गीय परशुराम सिंह दोनों ग्राम करहनी जिला कैमूर बिहार घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद अजीत कुमार सिंह एवं शिवकुमार सिंह की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र सिंह एवं शिवकुमार सिंह कोयला का व्यवसाय को लेकर जितेंद्र सिंह के पास आया था। और तीनों एक मोटरसाइकिल में सवार होकर टमटम टोला के समीप खड़ा होकर बात कर रहा था। इसी बीच पीछे से एक अज्ञात मोटरसाइकिल धक्का मार कर फरार हो गया।

# महुआडांड़ में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के इस पावन अवसर पर महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्राम रामपुर, राजडंडा, बोहटा, बराही, नेतरहाट, हामी, चटकपुर में दिन रविवार को कलश स्थापना के साथ शक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्र प्रारंभ हो चुका है। प्रखंड के विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में नौ कन्याओं के द्वारा रामायण पाठ और पंडितों के मंत्रोच्चारण से पूरा प्रखंड भक्तिमय रंग में रंग चुका है। प्रखंड के विभिन्न पूजा समितियां के द्वारा मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित करते हुए पूरे विधि विधान और हर्षोउल्लास के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के द्वारा बताया गया कि, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशमी तिथि को रावण दहन का कार्यक्रम स्थानीय बस स्टैंड में किया जाएगा साथ ही भव्य भंडारे का भी आयोजन हिंदू महासभा की ओर से किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदू महासभा के मुख्य संरक्षक- बृजमोहन जायसवाल, अध्यक्ष- मनोज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष- शंभू प्रसाद, उपाध्यक्ष- संतोष प्रसाद, बिजय प्रसाद, भानू प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता (खाद्य दूकान), मनोज जायसवाल (किराना), अवधेश जायसवाल, दिलीप कुमार गुप्ता, प्रशांत सिंह, सुनील कुमार, राजीव कुमार, रमेश जायसवाल, गणेश प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, बिहारी जायसवाल, अरूण कुमार जायसवाल, अंतु साव, बलराम प्रसाद, केश्वर जायसवाल, बैजनाथ प्रसाद समेत हिंदू महासभा कार्यकारिणी के सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### अमर आनन्द हीरो ऑटोबाइक्स शोरूम का उद्घाटन किया गया

# मुख्य अतिथि विधायक किसुन दास ने विधिवत फिता काट कर किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया टंडवा रोड़ बिल्सी पेट्रोल पम्प के समीप अमर आनन्द हीरो ऑटोबाइक्स शोरूम का उद्घाटन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किसुन दास ने विधिवत फिता काट तथा द्वीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन । जहां दर्जनों लोग शामिल थे। विधायक किसुन दास ने अमर आनन्द ऑटो बाइक्स के संचालक कुमार उज्वल को फूलों फलों की ईश्वर से कामना की और कहा कि सिमरिया में हीरो मोटरसाइकिल का शोरूम नहीं था जिसके कारण यहां के लोगों को खरीदारी के लिए चतरा ,हजारीबाग जाना पड़ता था। अब यहां के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह ने कहा कि सिमरिया में हीरो मोटरसाइकिल शोरूम का अति आवश्यक था। जो आज सपना पूरा हो गया। अमर आनन्द ऑटो बाइक्स के संचालक कुमार उज्वल ने बतया की हमारे यहां उचित दर पर खरीदारों को हीरो कंपनी का मोटरसाइकिल मुहैया कराया जाएगा। साथ हीं मेरा यहां सर्विसिंग सेंटर तथा पार्ट्स का पूरा सुविधा मौजूद है। ग्राहकों का हर सुविधा के लिए मैं ततपर हूँ। मौके पर जीप सदस्य देवनन्दन साहू, सरजू राणा, पंचायत समिति परमेश्वर यादव, मोहन साहू अमित साहू, नरायण साहू, रविंद्र सिंह, श्रीमती बिलसी देवी, निर्मल साहू,नगीना राम के अलावे दर्जनों बुद्दिजीवी एवं समाजसेवी और ग्रामीण शामिल थे।

## मनिका थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र के कई दुर्गा पूजा पंडाल का किया भ्रमण



**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने दिन रविवार को मनिका प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ पल्हया मटलौंग समेत प्रखंड क्षेत्र के कई दुर्गा पूजा पंडाल का भ्रमण किया एवं दुर्गा पूजा कमेटी के लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये एवं कमेटी के लोगों से व्यवस्था के बारे में जानकारी भी प्राप्त किया तथा दुर्गा पूजा की त्यौहार आपसी प्रेम और आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए दुर्गा पूजा कमेटी के लोगों से अपील किया। साथ में मनिका थाना एसआई प्रदीप कुमार राय उपस्थित थे।

## युवती ने किया विषपान, मौत

**कुंदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सिकीदाग में युवती ने विषपान कर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली।सिकीदाग निवासी छोट्टू गंझू के 20 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी ने जहर खाकर आत्म हत्या कर ली।मिली जानकारी के अनुसार पति पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने घर मे रखे विषाक्त दवा खा ली।मिली जानकारी के अनुसार मायके वालों ने ससुराल वालो पर हत्या के आरोप लगा रहे है।कुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए चतरा भेज दिया है। प्रभारी थाना प्रभारी मोती राम देवगम ने बताया कि पोस्टपार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह सकते हैं, फिलहाल आवेदन नही आया है।

## भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ ही शारदीय नवरात्र हुआ प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कई पूजा पंडालों में रविवार को भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ ही शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गया है। प्रखंड क्षेत्र के सेरंगदाग में इस शुभ अवसर पर कलश स्थापना के पूर्व मां दुर्गा मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें 501 कलश यात्रियों ने भाग लिया। कलश शोभायात्रा कार्यक्रम दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ जो बडकी नदी में जाकर जल पूजन ,अर्चन कर जय माता दी,जय माँ दुर्गे,जय श्री राम,हर -हर महादेव समेत अन्य देवी देवताओं के भक्तिमय नारों के साथ पुरा गांव परिभ्रमण कर मंदिर प्रांगण में पहुंच कर विधिवत कलश स्थापना किया गया। इस शोभा कलश यात्रा में मुख्य रूप से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, स्थानीय मुखिया सरिता कुमारी,पंस सदस्य राजेश चौधरी समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। वही कोयद पंचायत के ग्राम बरकुट्टे में भी, भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बेंजो व तासा पार्टी की भक्तिमय मधुर धुन कलश यात्रा में शामिल भक्तों को आकर्षित कर रहा था।

# युथ कांग्रेस ने पंचायत कमिटी का किया गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** रविवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता के द्वारा बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत में पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष का चुनाव किया गया वहीं पंचायत अध्यक्ष के रूप में संतोष प्रसाद को पंचायत अध्यक्ष नियुक्त किया गया और बूथ कमिटी का गठन किया गया। इस दौरान यूथ कांग्रेस ने भी पंचायत अध्यक्ष का गठन करते हुऐ बबलू कुमार अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार को नियुक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुऐ प्रिन्स गुप्ता ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे प्रखंड में विभिन्न अलग-अलग पंचायतों में बैठक कर बूथ कमिटी को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा एवं बूथ तक सभी नेताओं को जाने की जरूरत है। तभी अंतिम व्यक्ति तक की बातो को सुना और पूरा कराने का प्रयास किया जा सकता है। जिसमें मुख्य रूप से सामिल हुए यूथ प्रदेश कॉर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिन्स राज गुप्ता, यूथ प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, मंडल अध्यक्ष मिश्रा जी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह समेत सकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन पूरी मजबूती के साथ खड़ी है : सुखेर भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानाभा के कुरु प्रखंड के बहुउद्देशीय भवन में कांग्रेस पार्टी का समीक्षा बैठक तनवीर गौहर की अध्यक्षता में किया गया, इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए सही लोगों को पार्टी से जोड़ कर पार्टी को मजबूत करेंगे जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में कुरू परखंड हर बुथ मे अच्छा से अच्छा लिड करें इसी को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा विधानसभा प्रभारी बैलस तिर्की, लोहरदगा ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील साहब, कुरू प्रखंड प्रभारी सामुल अंसारी, सह प्रभारी रविंद्र खरवार, जमील खान, अल्पसंख्यक विभाग प्रखंड अध्यक्ष कमरुल इस्लाम, संजीव मुखर्जी, एमडी नसीम, सूरज मुंडा,20 सूत्री सदस्य रमेश उरांव,मंडल अध्यक्ष सिराजुल अंसारी, सुशील उरांव, पंचायत अध्यक्ष समसुल अंसारी, खुर्शीद खान, रशीद अंसारी, मोहम्मद इकबाल, अबू रेहान, मनोज टोप्पो, जीवन खाखा, रबूल पवारिया, वरिष्ठ कांग्रेसियों में साहिल अहमद, अशरफ अली, शमशाद आलम, सुनील उरांव ,जुल्फिकार अली भुट्टो, मुजिबुल अंसारी, इरशाद अंसारी, केवल राम महली, हसबुद्दीन अंसारी, एमडी मुस्तफा, इनके अलावा सभी पंचायत के कांग्रेसी भारी संख्या में उपस्थित थे।

# यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल खेल के मैदान में आयोजित यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती,समेत कई लोग शामिल हुए। वहीं फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम मैच का शुरुआत सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बॉल को किक मारकर किया। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अक्टूबर को स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के 16वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र राजीव रंजन कुमार साहू, रंजीत कुमार साहू और सुजीत कुमार साहू के द्वारा यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था यह मैच लगातार चार दिनों तक चला और चारों दिनों तक काफी रोमांचक रहा जिसे देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में दर्शकों की भीड़ लग रही थी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विजेता एवं सभी उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि अपने पिता के याद में राजीव रंजन कुमार साहू,रंजीत कुमार साहू और सुजीत कुमार साहू के द्वारा प्रत्येक वर्ष यह टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है पिता की याद में खेल को बढ़ावा देना काफी सराहनीय कार्य है।वहीं सुरेंद्र पासवान ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को हमेशा खेल के ही भावना से खेलें और जो खिलाड़ीयों को इस मैच में सफलता न मिला हो वह अगले मैच के लिए और भी मेहनत करें ताकि अगले मैच में आप विजेता बन सके। मौके पर राजीव रंजन कुमार साहू, रंजीत कुमार साहू, सुजीत कुमार साहू, अरुण सिंह, सत्यम गुप्ता, दिनेश प्रसाद, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ जगतारनपुर में शुरू हुआ शारदीय नवरात्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के जालिम पंचायत के जगतारनपुर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के तत्वधान में शारदीय नवरात्र के पहले दिन भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह कलश यात्रा पूरे गावं में भ्रमण कर संपन्न हुआ। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जगतारनपुर जालिम का यह 120वां वर्ष है। यह कलश यात्रा जालिम दुर्गा मंडप प्रांगण से प्रारंभ हुआ जो गायत्री मंदिर होते हुए औरंगा नदी के तट पर पहुंचा। यहां पुरोहित अशोक कुमार पांडे के द्वारा मंत्राचार के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा वापस बाबु साहेब मुहल्ला, इस्ट कॉलोनी और बाजार समिति होते हुए दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आकर संपन्न हुआ। 251 महिलाओं और बच्चों के द्वारा कलश उठाया गया था। इस कलश यात्रा में जगतारनपुर पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद उपाध्यक्ष, हरि प्रसाद सचिव ,विनोद प्रसाद साहू कोषाध्यक्ष, विजय साहू मुख्य संरक्षक,पूर्व पूजा समिति के अध्यक्ष तेज प्रसाद साहू ,अरुण प्रसाद साहू ,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, घनश्याम प्रसाद ,कंचन कुमार साहू,तेली साहू समाज के प्रमंडलीय महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साहू, कपिल कुमार, अनूप कुमार,शशि कुमार, चंदन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बुद्धिजीवी एवं बच्चों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा शिक्षक ने लिखी पुस्तक, बढ़ाया विष्णुगढ़ का मान

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक विष्णुगढ़ निवासी प्रभात प्रसाद ने कक्षा नौवी से बारहवी की भूगोल की संदर्भ पुस्तक का लेखन कार्य किया है।वह भूगोल विषय के लिए संदर्भ पुस्तक के लेखन समिति के सदस्य भी हैं।आपको बता दे विभिन्न विषयों के संदर्भ पुस्तक का लेखन कार्य कर विष्णुगढ़ ही नहीं पूरे हजारीबाग का नाम ऊंचा किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर कहा कि जेसीईआरटी रांची की ओर से लगभग एक वर्ष से विभिन्न विषयों के संदर्भ पुस्तक के लेखन को लेकर कार्य किया जा रहा है।आगे कहा कि विभिन्न जिले के चयनित शिक्षकों ने विभिन्न विषयों का संदर्भ पुस्तक का लेखन किया है। इसको लेकर रांची में कई बार कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पुस्तक के लेखन कार्य के बाद कई बार इसकी प्रूफ रीडिंग की गई। इसके बाद संदर्भ पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है। वर्तमान में यह पुस्तक जेसीआरटी रांची के वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसकी हार्ड कॉपी सरकारी विद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध कराई जाएगी। प्रभात प्रसाद ने कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों को आसानी से भूगोल विषय को पढ़ने एवं समझने में मदद करेगी।वैसे बाजार में विभिन्न विषयों के गाइड बुक उपलब्ध है। गाइड बुक में कई त्रुटियां रहती है। लेकिन जेसीईआरटी द्वारा जारी किए गए, इस संदर्भ पुस्तक में त्रुटि की गुंजाइश बहुत ही कम है। यह विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की दृष्टिकोण से काफी उपयोगी है।

### झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला कमेटी भंग, 20 अक्टूबर को होगा पुनर्गठन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की कोर कमेटी की बैठक समन्वयक यदु राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई ! इस बैठक में झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला कमेटी को भंग करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया ! हज़ारीबाग विश्वकर्मा समाज की जिला कमेटी को भंग करते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी 20 अक्टूबर को कोर कमेटी की बैठक कर जिला कमेटी का गठन किया जायेगा ! बैठक को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड के सभी ज़िलों में विश्वकर्मा समाज को मजबूत किया जायेगा ! 30 अक्टूबर को राँची के विधानसभा सभागार में विश्वकर्मा समाज की प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुरे झारखण्ड के सभी 24 जिला से विश्वकर्मा समाज के सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी शामिल होंगे !

### हजारीबाग विधायक ने समिति सदस्यों संग की बैठक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक मनीष जायसवाल ने खेल- खिलाडियों के उत्थान और सहयोग के साथ उन्हें बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध के लिए नमो खेल श्रृंखला की शुरूआत की है। उनके द्वारा साल 2016 से निरंतर (कोरोना काल के दो वर्ष छोड़कर) नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में हजारीबाग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रति गजब का जुनून और उत्साह उत्पन्न किया है। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट कुछ ही वर्षों में हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा और लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट बन गया और इसकी ख्याति झारखंड प्रदेश स्तर पर हो रही है। हजारीबाग विधायक इस टूर्नामेंट में शामिल होने वाले सैकड़ों टीमों के हजारों खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी सहित सभी टीमों को फुटबॉल उपलब्ध कराया जाता है। टूर्नामेंट के आयोजन के दौरान मैदान के सौंदर्यीकरण से लेकर आयोजन को भव्य और रंगारंग बनाने से लेकर आकर्षक ट्रॉफी और पुरस्कार राशि भी आयोजकों के प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। नमो खेल श्रृंखला के तहत विधायक मनीष जायसवाल द्वारा अबतक फुटबॉल के अलावे कैरम, कबड्डी, बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है और अन्य खेलों का भी प्रतियोगिता का जल्द आयोजन किया जायेगा । इसी नमो खेल श्रृंखला को चरणबद्ध जारी रखते हुए हजारीबाग जिले में विभिन्न खेलों का प्रतिस्पर्द्धा सालों भर कराने और विभिन्न खेल से जुड़े टैलेंटेड खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उद्देश्य से नमो खेल श्रृंखला समिति का गठन करने का निर्णय लिया है। रविवार को विधायक मनीष जायसवाल ने अपने विधायक सेवा कार्यालय में हजारीबाग जिले के विभिन्न खेल से जुड़े खेल- प्रेमियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में नमो खेल श्रृंखला से जुड़े सभी खेल प्रेमी जन ड्रेस कोड में नज़र आए।

### चुटियारो में लगातर 18वां साल बी.डी.जायसवाल फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का हुआ सफल आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चुटियारो में लगातर 18 वां साल आयोजित बी.डी.जायसवाल फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का लगातर एक सप्ताह तक चुटियारो मैदान में चलने के बाद रविवार को फाइनल हुआ। फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, फुटबॉल कोच भैया मुरारी सिन्हा, उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, भाजपा सदर पूर्वी मंडल के अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद, अमनारी मुखिया कृष्णा मेहता, चुटियारो मुखिया प्रतिनिधि सुरेश रजक, पंसस सतीश राम, नुनु लाल भुइयां सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर फाइनल मुकाबले का उद्घाटन कराया। फाइनल मैच ओरिया टीम बनाम गुरुहेत टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच हुए बेहद संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबले में मध्यांतर के पश्चात ओरिया की टीम ने 1 गोल दागकर 1-0 गोल से गुरहेत टीम को पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है की उक्त टूर्नामेंट में कुछ 32 टीमों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में रेफरी नरेश मुर्मू, मिहीलाल टुडू, महादेव टुडू और कृष्णा हेंब्रम ने सराहनीय भूमिका निभाया।

### मंटू सोनी पर झारखंड हाईकोर्ट ने लगाया एक लाख का जुर्माना

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिछले कई वर्षों से संगीन आपराधिक गतिविधियां में संलिप्त मंटू सोनी को रांची हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए एक लाख रुपए का जुर्माना ठोका है। दरअसल मंटू सोनी के द्वारा अपने निजी हितों को साधने के लिए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू एवं केरेडारी कोयला खनन परियोजनाओं पर एक के बाद एक निराधार आरोप लगाए जाते रहे हैं। इन आरोपों से जहां कंपनी की छवि धूमिल हुई है वहीं दबाव भी झेलना पड़ा है। अपनी इसी प्रवृत्ति को जारी रखते हुए मंटू सोनी ने एक बार पुनः झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में मंटू सोनी ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह पर भूमि मुआवजे में हुए घोटाले का आरोप लगाते हुए कोर्ट से कार्रवाई करने की मांग की थी। कोर्ट ने इस जनहित याचिका को खारिज करते हुए मंटू सोनी पर ?100000 का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह स्पष्ट किया है कि मंटू सोनी की पीआईएल जन सरोकार से जुड़े नहीं लगते बल्कि यह निजी हित का ज्यादा प्रतीत होता है। कोर्ट ने अपने ऑब्जर्वेशन में यह भी कहा कि मंटू सोनी पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जिसे मंटू सोनी ने अब तक कोर्ट से छुपाए रखा जबकि नियम के अनुसार याचिकाकर्ता को अपनी सारी जानकारियां कोर्ट के साथ साझा करनी होती है। मंटू सोनी पर कई मामले दर्ज हैं जिन में से दो मामले में मंटू सोनी को कोर्ट ने दोषी पाया है जबकि अन्य मामलों में कार्रवाई जारी है। उक्त आशय कि जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

# बेड़ाहरियारा पंचायत कमिटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड पदाधिकारियों की उपस्थिति में बेड़ाहरियारा पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने की तथा संचालन झामुमो प्रखंड सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया। उपस्थित झामुमो कार्यकर्ताओ ने सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष के पद पर मुकेश कुमार हांसदा, उपाध्यक्ष उर्मिला देवी, आलोक यादव,लूटन गंझू,सचिव सचिन सिंह, संयुक्त सचिव पुष्पा देवी, अनिता देवी,सौरभ कुमार,संगठन सचिव सुनील यादव, कोषाध्यक्ष सरोज देवी,सदस्य डालेश्वर यादव,मथुरा मांझी,अर्जुन हांसदा, सुनील अकेला,प्रदीप यादव, अनिल पासवान,राजा यादव, अर्जुन साव, बाबूचंद हांसदा,बाबूलाल मांझी, शोभा देवी, सवन्ती कुमारी,बुधनी देवी,गीता देवी, विनोद प्रजापति,रेखा देवी,अंजू देवी,निभा सिन्हा, मीना देवी, राखी देवी,पार्वती देवी,रंजीता सिन्हा चुने गए ।इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग द्वारा आगामी 17 को होगा मेरी मिट्टी मेरा देश का कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत अंग नेहरू युवा केंद्र संगठन हजारीबाग कार्यालय के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मंत्री अनुराग ठाकुर के द्वारा निर्देशित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का प्रखंड स्तरीय आयोजन प्रखंड सदर में किया जा रहा है। कार्यक्रम का स्थल विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित विवेकानंद सभागार में आगामी 17 को समय 11:00 बजे दिन को होना सुनिश्चित हुआ है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में सदर प्रखंड के सभी प्रखंड, शिक्षण संस्थान व अन्य संगठनों से निर्मित अमृत कलश, कलश यात्रा करते हुए उक्त परिसर में एकत्रित हो प्रखंड का एक अमृत कलश तैयार करेंगे। कार्यक्रम के सफलता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्र सेवा योजना (वि0 भा0 वि0), जिला प्रशासन व अन्य कई संगठन साथ मिल कर कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम विषय वस्तु प्रवेश के बाद वीरों का वंदन कर अमृत कलश में सभी उपस्थित समूह से चावल व मिट्टी अमृत कलश में लिया जाना है। इस कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के द्वारा विशेष शौर्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र भी। अतः इस कार्यक्रम को भव्य एवं जन भागीदारी का अभियान बनाने के लिए हजारीबाग के सदर प्रखंड में स्थित सभी सरकारी संगठन, कार्यालय, गैर-सरकारी संगठन, शैक्षणिक संस्थान, अन्य समूह व जनता से अनुरोध है कि वह अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करे।

# अभाविप ने किया हजारीबाग नगर इकाई का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग के द्वारा नगर इकाई पुनर्गठन किया गया,कार्यक्रम में सबसे पहले परिषद गीत से शुरुआत की गई ।

इसके बाद मंच पर उपस्थित अभाविप के विभाग प्रमुख प्रो डॉ मनोज कुमार, जिला प्रमुख प्रो देवेंद्र प्रसाद, प्रदेश एसएफएस प्रमुख नवलेश सिंह, निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे, जिला संयोजक प्रभात कुमार, जिला सह संयोजक मनदीप यादव ,विभाग छात्रा प्रमुख अंजली यादव सभी ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती जी के तस्वीर के पास दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया , मंच संचालन प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राज प्रिंस गुप्ता ने किया, मंच पर उपस्थित विभाग प्रमुख ने प्रो मनोज कुमार ने कहा की विद्यार्थी परिषद सालों भर छात्र हित एवं समाज हित का कार्य करती है, अभाविप महिला सुरक्षा की बात हुई है देश की रक्षा की बात हो इन सभी क्षेत्रों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अग्रणी से भूमिका निभाते हैं।

# अग्रसेन जयंती के भव्य शोभायात्रा का हजारीबाग यूथ विंग ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाला हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा शहर के बड़ा बाजार चौक के समीप मारवाड़ी अग्रवाल समाज के द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया। समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभा यात्रा में सम्मिलित वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत किया। उन्हें मोती की माला पहनकर उनका स्वागत किया गया। वही पदाधिकारियों ने लोगों के बीच जूस एवं पानी का वितरण किया। इस सेवा से प्रसन्न होकर मारवाड़ी अग्रवाल समाज ने हजारीबाग यूथ विंग का आभार जताया। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा की महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का हजारीबाग यूथ विंग को स्वागत करने का सौभाग्य मिला साथ ही कहा कि महाराजा अग्रसेन की मार्गो पर हम सभी को चलना चाहिए। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, प्रमोद खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, विकाश तिवारी,राकेश कुमार,अजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# मांडू विधायक ने सिरैय मध्य विद्यालय की चारदीवारी का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सिरैय में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चारदीवारी के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया।इस मौके पर मांडू विधायक ने कहा कि आने वाली पीढ़ी तभी सशक्त होगी जब शिक्षा का स्तर ऊँचा होगा,और मैं शिक्षा शिक्षा के स्तर को बढ़ाने एवं शिक्षण संस्थानों के विकास हेतु पूरी तत्परता से लगा हूँ। विष्णुगढ़ में विद्यालय के नवनिर्माण एवं विद्यालय की चारदीवारी समेत अनेको कार्य डीएमएफटी मद से किये जा रहे है। जिले को डीएमएफटी फण्ड मिले इसको हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी विपिन कुमार सिन्हा,साँसद प्रतिनिधि मधुसुदन प्रसाद,साँसद प्रतिनिधि सुशील कुमार मंडल,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो,पूर्व साँसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पाण्डेय,प.मंडल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बासुदेव महतो,परमेश्वर महतो,शंकर प्रसाद बर्मन समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का कांग्रेसियों ने मनाया जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड परिसर स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में कांग्रेशियो ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिवस बनाया। मौके पर कांग्रेस युवा नेता जमुना यादव ने कहा की डॉक्टर कलाम ने युवा पीढ़ी को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया, देश के निर्माण के लिए युवा पीढ़ी की योगदान अति आवश्यक है। वही कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक ने कलाम के द्वारा कही गई पंक्ति को दोहराया सपने वो नहीं जो आप नींद में देखें सपने वो है जो आपको नींद ही नहीं आने दे। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी रघुनंदन गोप, जमुना यादव, शरीफुल हक, मुखिया मनोज कुमार, गाजो यादव, विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, फिर्दोष खान, मनोहर यादव, नसीम अख्तर, नरेश यादव, द्वारका रविदास, रवि मंडल, प्रमोद सिंह, मो. जीशान, मो. बाबर, अंकित कुमार, रितिक कुमार, पीयूष कुमार समेत अन्य कई शामिल रहे।

# बरही पुलिस ने चकुराटांड़ से ब्रेजा गाड़ी से 5 किलो अफीम किया बरामद, 3 अफीम तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बरही थाना अंतर्गत चकुराटांड के पास ब्रेजा गाड़ी से 5 किलो अफीम बरामद किया गया। साथ ही साथ 3 अफीम तस्कर को गिरफ्तार भी किया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग मनोज रतन चौथे ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही थाना क्षेत्र बरही जेल के नजदीक चुकरा टांड में बीते करीब संध्या 7 बजे अफीम कारोबारियों के द्वारा अफीम बिकी करने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना का सत्यापन हेतु नाजीर अख्तर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बरही हजारीबाग के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के दौरान जेल के नजदीक चकुराटॉड के पास एक सफेद रंग का ब्रेजा गाडी जिसका नं जेएच 01 डी 3907 लगी हुई थी तथा उसमें कुछ लोग गाडी के अंदर बैठे हुए थे। जैसे ही छापामारी टीम गाड़ी के पास पहुँची तो गाडी में बैठे लोग गेट खोलकर इधर-उधर भागने लगे। भागने के दौरान छापामारी टीम के द्वारा पीछा कर तीन लोगों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये तीनों व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर 1. बुलन्द अख्तर उम्र 44 वर्ष पिता स्व अबिद हुसैन, साकिन- चतरा लाईन मुहल्ला, चौक सदर थाना चतरा 2. मुकेश प्रसाद, उम्र 52 वर्ष, पिता स्व रामचन्द्र साव, साकिन चन्दवा, थाना चन्दवा, जिला लातेहार 3. मो जमील, उम्र 27 वर्ष, पिता मो समीम, सा- कोयली, थाना बरही, जिला हजारीबाग बताया गया। साथ ही ब्रेजा गाड़ी का तलासी लिया गया जिसमें ब्रेजा गाड़ी के बोनट के अन्दर में छिपाकर रखा गया 01-01 किग्रा का कुल 05 किलोग्राम प्लास्टिक थैली में रखा अफीम बरामद किया गया।

इस संदर्भ में 1. बुलन्द अख्तर, उम्र44 वर्ष, पिता स्व अबिद हुसैन, साकिन-चतरा लाईन मुहल्ला, चौक सदर थाना, चतरा 2. मुकेश प्रसाद, उम्र 52 वर्ष, पिता स्व0 रामचन्द्र साव, साकिन-चन्दवा, थाना चन्दवा, जिला लातेहार 3. मो जमील, उम्र 27 वर्ष, पिता - मो0 समीम, सा कोयली, थाना बरही, जिला हजारीबाग के विरूद्ध बरही थाना काण्ड सं-477 / 23, दिनांक - 14.10.2023, धारा- 21 (सी0)/22 (सी0) / 29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट-1985 के तहत काण्ड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 1. बुलन्द अख्तर, उम्र-44 वर्ष, पिता स्व0 अबिद हुसैन, साकिन-चतरा लाईन मुहल्ला, चौक सदर, थाना, चतरा, 2. मुकेश प्रसाद, उम्र- 52 वर्ष, पिता स्व0 रामचन्द्र साव, साकिन-चन्दवा, थाना, चन्दवा, जिला लातेहार 3. मो जमील, उम्र 27 वर्ष, पिता मो0 समीम, सा- कोयली, थाना बरही शामिल है। बरामद किए गए समान में 5 किलो अफीम, भेजा गाडी, जिकस नं-छ्वा 01ष्ठ, 3907 एवं 3 मोबाइल है। छापामारी टीम में एसडीपीओ नाजीर अख्तर, पुनि सह थाना प्रभारी बरही रोहित कुमार सिंह, पुअनि अमित खाखा, बरही थाना हजारीबाग एवं छापामारी दल शामिल रहें।

# मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कोरियाडीह व बरदाग में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत कोरियाडीह व बरदाग में पिछले कई दिनों से ट्रांसफॉर्मर खराब पड़ा था। जिसके बाद पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व मुखिया राजेंद्र प्रसाद के प्रयास से ग्रामीणों को 100 केवी का दो नया ट्रांसफॉर्मर मिला। जिसका उद्घाटन रविवार को मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व ग्रामीणों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। बता दे की ट्रांसफॉर्मर मिलने से गांव के लोगों में खुशी की लहर देखने को मिली। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात नहीं बितानी पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। वही कोरियाडीह व बरदाग के ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर मिलने पर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप के जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता का भी आभार जताया।

# मां दुर्गा शक्ति की आराधना करने से सभी मनोकामना पूरी होती है : मनोज यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गया रोड सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से नवरात्रा के पहले दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाला। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूजा समिति के संरक्षक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। पूजा समिति की ओर से सैकड़ो महिला व कुंवारी कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर गया रोड से निकलकर बरही चौक, धनबाद रोड होते हुए सूर्य मंदिर साधनापुरी पहुंचे। सूर्य मंदिर से महिला व कुंवारी कन्याओं ने विधि विधान के साथ जल उठाकर पुनः गया रोड दुर्गा मंडप पहुंची। इसके अलावा आज से शुरू हुए शारदीय नवरात्री के शोभा यात्रा व कलश यात्रा बरही गया रोड, धनबाद रोड, तिलैया रोड, करियातपुर, बरसोत, श्रीनगर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि मुझे मां दुर्गा देवी की शक्ति पर पूर्ण आस्था है।

उन्होंने बरही विधानसभा क्षेत्र वासियों को दुर्गा पूजा की बधाइयां देते हुए अपील की कि सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए पूरी श्रद्धा के साथ पूजा करें और स्वयं, परिवार, समाज और राज्य हित में प्रार्थना करें। साथ ही कलश यात्रा के दौरान उन्होंने मां दुर्गा शक्ति की आराधना किया।

# मुख्यमंत्री के यहा गुहार मार्च किया जाएगा : विप्रसंमोर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बलकुदरा आम बगीचा में पीवीयूएन के विस्थापित-प्रभावित की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद तथा संचालन विजय मुंडा ने किया। बैठक में ग्राम जयनगर रसदा व बलकुदरा में पीवीयूएन द्वारा प्रस्तावित छाई डैम के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि प्रस्तावित छाई डैम की भूमि हम ग्रामीणों की बची-खुची जमीन है, इसी से हम अपने परिवार का पेट चला रहे हैं,जिसका आज तक किसी को एक फूटी कौड़ी मुआवजा नहीं मिला है न ही किसी को स्थाई नौकरी पुनर्वास मिला है। बैठक में कहा गया कि प्रबंधन और सरकार इस जमीन को हमें वापस कर दे,यहां जबरन काम करने का प्रयास नहीं किया जाए। यदि यह जमीन बहुत जरुरी है तो वर्तमान भूमि अधिग्रहण क़ानून 2013 के अनुसार मुआवजा दिया जाए तथा स्थाई नौकरी व पुनर्वास की व्यवस्था हो तब यहां काम करने का सोचें। अन्यथा यहां के विस्थापित-प्रभावित हर स्तर पर आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। निर्णय लिया गया कि इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उनसे गुहार लगाने के लिए दुर्गा पूजा के बाद यहां के सभी विस्थापित-प्रभावित महिला-पुरुष बच्चे सहित भारी संख्या में रांची जायेंगे।अर्थात गुहार मार्च किया जायेगा और उनके शरण में जायेंगे। इसकी तिथि की घोषणा शीघ्र की जाएगी। बैठक में प्रमुख रुप से राजा राम प्रसाद,अब्दुल क्यूम अंसारी, प्रदीप महतो,अलीम अंसारी,मनु मुंडा,अशोक महतो,नंदकिशोर प्रसाद,प्रिय नाथ मुख़र्जी,आदि सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित हुए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# समाजसेवी ने किया विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** समाजसेवी निशि पांडेय ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। पतरातू प्रखंड अंतर्गत पूजा पंडालों का निरीक्षण करते हुए आयोजन कमेटी के सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में ही सेंट्रल सौंदा ग्राउंड, सेंट्रल सौंदा क्लब, सेंट्रल सौंदा कोऑपरेटिव, सौंदा डी क्लब स्थित पूजा पंडाल का जायजा लिया और यहां कमेटी के सदस्यों से तैयारी सहित अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस बार भी धूमधाम से आयोजन हो रहा है। नवरात्र के अंतिम चार दिन पंडाल में ज्यादा भीड़भाड़ होती है जिसके बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा कमेटी के स्तर से श्रद्धालुओं के लिए की जाने वाली व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। निशि पांडेय ने धूमधाम से दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने की बात कही। उन्होंने अन्य पूजा पंडालों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखने की भी बात कही।



कहा कि मां दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं और पूजा पंडाल में सबसे ज्यादा दर्शन करने महिलाएं और युवतियां पहुंचती हैं। उनकी सुविधा का ध्यान सभी को रखना चाहिए। इस अवसर पर मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, अशोक कुमार, शैलेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, रवि कुमार, रोहित प्रसाद, अभिमन्यु कुमार, विमलेश सिंह, छोटू कुमार सहित आयोजन समिति के सदस्यों के अलावा कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पारंगढा में बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के पोंटगा पंचायत अंतर्गत पारंगढा में आम पेड़ के नीचे दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता जीतन मुंडा व संचालन राजेन्द्र गंझू ने किया। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 21 अक्टूबर को को रात्रि में भव्य सांस्कृतिक जागरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं इस मौके पर कोषाध्यक्ष मुकुंद मुंडा, अजय मुंडा, ज्येंद्र मुंडा, गिरधारी प्रजापति, हंदु मुंडा, दिनेश मुंडा,बबलू मुंडा, प्रेमलाल मुंडा, अकल मुंडा, बुधवा मुंडा, महेंद्र मुंडा, कैलाश मुंडा, कार्तिक मुंडा, रवि मुंडा, विशेश्वर मुंडा, इन्द्रनाथ मुंडा, अर्जुन मुंडा, विशाल मुंडा, दिलीप मुंडा, रमेश मुंडा, बैजनाथ प्रजापति,उमेश मुंडा,मनोज मुंडा आदि लोग मौजूद थे।

# मांडू चट्टी की समाजसेवी ने मंत्री हफीजुल हसन से की मुलाकात



**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**रामगढ :** मांडू चट्टी के समाज सेवी छोटेलाल भुईयां सह बालेशर भुईयां ने झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन से रांची स्थित आवास में मुलाकात कर अपने क्षेत्र मांडू चट्टी सहित पूरे प्रखंड की समस्याओं से अवगत कराया । इस मौके मंत्री हफीजुल हसन ने भी हर संभव मदद की आवाशन दिया। और मांडू चट्टी पंचायत को हर हर सुविधा देने की बात की

## अमिताभ बच्चन बने एपीएल अपोलो के ब्रैंड एंबेसडर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे बड़ी स्ट्रक्चरल स्टील ट्यूब्स और पाइप निर्माता कंपनी, एपीएल अपोलो ने असाधारण महानायक अमिताभ बिग-बी बच्चन को कंपनी का ब्रैंड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। अपनी 30 साल की गौरवशाली परंपरा और मेक इन इंडिया मंत्र के साथ आगे बढ़ते हुए, एपीएल अपोलो का लक्ष्य इस नई भागीदारी के माध्यम से देशभर में अपने ब्रैंड की पहचान को और मजबूत करना और उसे विस्तार देना है। अमिताभ बच्चन के शानदार करियर और असंख्य उपलब्धियों ने उन्हें लंबे समय तक काम करने और भरोसे का प्रतीक बनाया है। इससे यह सहयोग बहुत श्रेष्ठ साबित होगा। सुपरस्टार के फैन बेस और वैश्विक लोकप्रियता के माध्यम से, एपीएल अपोलो का लक्ष्य देशभर में ब्रैंड की पहचान को विस्तार देने के अलावा बाजार में अपनी मौजूदा अग्रणी स्थिति को और बेहतर करना भी है। दो साल की इस भागीदारी के दौरान, बॉलीवुड के यह अनुभवी स्टार ब्रैंड का प्रचार सभी मीडिया चैनलों पर करेंगे, जिनमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा आउटडोर और स्टोर के भीतर प्रयोग की जाने वाली प्रचार-सामग्री भी शामिल है। इस मौके पर एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय गुप्ता ने कहा, ÷हमें श्री बच्चन का स्वागत करते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है, क्योंकि उनके भीतर वे सभी गुण हैं, जिनके लिए एपीएल अपोलो पहचानी जाती है, जैसे - श्रेष्ठता, बदलाव की योग्यता और समय की बंदिशों से मुक्त गुणवत्ता। हम विश्व-स्तरीय गुणवत्ता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, ठीक बिग-बी की तरह। हमें विश्वास है कि यह भागीदारी भारतीय बाजार में हमारी मजबूत उपस्थिति को और बेहतर करेगी।

## सांसद-विधायक ने देशवासियों एवं रामगढ़ में सुख -समृद्धि -वैभव यश की कामना की

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा क्षेत्र मे नवरात्र शुरू होते ही दुर्गा पूजा शारदीय नवरात्र पर प्रथम दिन प्रथम दिन विधि विधान से कलश की स्थापना की गई इस मौके पर चितरपुर क्षेत्र के अपने पैतृक आवास सांडी में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी पति पत्नी सहित पूरे परिवार के सदस्य मां भगवती की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ किया नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र पर पूजन पाठ -हवन पूजा अर्चना विधि विधान के साथ कलश स्थापना के साथ ही शुरुआत की गई इस मौके पर गिरिडीह सांसद ने देशवासियों एवं झारखंड वासियों को दुर्गा पूजा सुख शांति समृद्धि और वैभव की कामना किया एवं रामगढ़ जिला और गिरिडीह क्षेत्र की जनता को हर्ष और उल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने की शुभकामना दिया।

# सूरत के मां काली मंदिर प्रारूप पंडाल में जीएम ऑफिस की मां दुर्गा भक्तों को देगी दर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल क्षेत्र अरगड्डा जीएम ऑफिस के सामने मां काली मंदिर सूरत (गुजरात) के मॉडल पर बन रहे पूजा पंडाल में मां दुर्गा सभी भक्तों को दर्शन देकर निहाल करेगी। काफी समय के बाद इस बार जीएम ऑफिस दुर्गा मंडप नए भवन में पूजन पाठन आयोजित होगी। पूजा समिति के सचिव सुखदेव सिंह, सहसचिव सुरेंद्र प्रसाद व अन्यो ने बताया कि इस बार मां दुर्गा का भवन 2 लाख 51हजार, मूर्ति निर्माण 31 हजार व विद्युत सज्जा व सजावट में 71 हजार रुपए खर्च होंगे। पंडाल को कारीगर मोहम्मद तबारक (घुटवा) दुर्गी और मूर्ति कलाकार छोटेलाल सिंह रबोध के द्वारा बनाया जा रहा हैं। जीएम ऑफिस दुर्गा पूजा समिति में अध्यक्ष अरगड्डा क्षेत्र महाप्रबंधक एसके पांडे, उपाध्यक्ष जीएम ऑपरेशन सुजीत कुमार, एसओ ईएंडएम संजीव कुमार झा, एएफएम एसएन पांडेय, एसओपी एमएफ हक, एसओ सिविल गौरव तिवारी, एसओ एक्स संजय कुमार, सहसचिव चरण, दुर्गेश सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, जागेसर बेदिया, सुभाष राजभर, ओमप्रकाश



महतो, प्रदीप प्रसाद, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र राजभर, सह कोषाध्यक्ष इंद्रजीत पटेल, कार्तिक महतो, कृष्णा सिंह, सदस्यों में वंशी वेदिया, राजेश बेदिया, मनप्रीत, अनुरंजन, राकेश एक्का, रविंद्र झा, धर्मेंद्र झा, गोविंद, विनोद करमाली, हरिनाथ करमाली, संजय बेदिया, राजकुमार बेदिया, जागेसर बेदिया, पप्पू, सुनील मुंडा, कुंदन सिंह, शुभम नागर, गोलू राम, मुखलाल वेदिया, जगदीश चंद्र, बैजनाथ बेदिया, शैलेश मंडल, अमित भुईयां आदि भक्तजन रात दिन पूजा सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

# खुदरा सब्जी विक्रेताओं के समर्थन में आए पूर्व विधायक प्रत्याशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** छावनी परिषद के द्वारा करोड़ो खर्च करके नए बस पड़ाव के निकट वेंडिंग जोन बनाया गया था, जिसका उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा ने भव्य तरीके से किया था। छावनी परिषद के द्वारा सब्जी विक्रेताओं को यहां दुकान आवंटित किया गया था।परंतु नया बस स्टैंड स्थित वेंडिंग जोन के खुदरा सब्जी विक्रेता काफी समय से परेशानी से जूझ रहे हैं।परिषद की उदासीनता के कारण यहां व्यवस्थित तरीके से दुकान नही लग रही है। वर्तमान में ट्रैकर स्टैंड में भी सब्जी दुकान लग रही है।दो जगह सब्जी मार्केट लगने के कारण वेंडिंग जोन में ग्राहकों की संख्या नही के बराबर हो गयी ।जिससे वहां के सब्जी विक्रेताओं को काफी



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के विक्रेताओं ने सांसद, विधायक व अफसरों को अपनी परेशानी बतलाई लेकिन किसी ने इसपर ध्यान नही दियापरेशान होकर अंत मे यहां के सभी सब्जी विक्रेताओं ने रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस को मार्केट में बुला कर अपनी समस्या को बतलाया एवं आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है।पूरे विषय को समझने के बाद धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि खुदरा सब्जी विक्रेताओं की समस्या काफी गंभीर है एवं इनकी मांग जायज है। अतः जल्द हीं संबंधित अधिकारियों से मिलकर इसका समाधान करवाने का प्रयास करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के रामगढ़ बोकारो मार्ग के सोसो कलां चौक के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। ग्रामीणों की सहयोग से एनएएचआई के 1033 एंबुलेंस को इसकी जानकारी दी गई जहां घायल व्यक्ती को प्राथमिक उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया। इस संबंध में बताया गया कि पेटरवार के मधकरपुर निवासी मुकेश महतो उम्र 40 वर्ष जो पैदल सड़क पार कर रहा था उसी समय गोला से पेटरवार जा रहे ट्रक संख्या सी जी 07 बी क्यू 3530 के चपेट में आने से घायल हो गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।



## मां शीतला मंदिर के प्रांगण में नवरात्र पूजा कलश स्थापना के साथ हुआ आरंभ

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा, सिरका, जीएम आंफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में भक्तों ने अपने आवास, मंदिर में कलश स्थापना कर नवरात्र पूजा आरंभ कर दिया हैं। वही गिद्दी ए शीतला मंदिर के प्रांगण में भक्तों ने विधिवत कलश स्थापना कर आराधना शुरू की। यहां पूजा रविकांत बनर्जी के द्वारा मंत्रो उच्चारण के साथ करवाया जा रहा हैं। इधर अरगड्डा शिव मंदिर के प्रांगण में भी आचार्य संजय गुरु के द्वारा पूरे विधि विधान से कलश स्थापित कर मां जगदंबे, मां वैष्णो माता की पूजा प्रारंभ कर दी गई हैं। वहीं भक्तों ने भी पुष्पांजलि, आरती के बाद लोगो के बीच प्रसाद का भी वितरण किया। मां आदिशक्ति के जयकारे से पूरा मंदिर क्षेत्र भक्तिमय बन उठा।

# दुर्गा पूजा को लेकर उरीमारी ओपी में शांति समिति की बैठक हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी ओपी में रविवार को दुर्गा पूजा एवं दिपावली व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता उरीमारी ओपी प्रभारी बिरबल करमाली ने किया वही बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हुए। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से आगामी पर्वो मनाने की अपील की गई। मौके पर ओपी प्रभारी बिरबल करमाली ने क्षेत्र वासियों से कहा कि पर्व अमन शांति प्रेम का प्रतीक होता है हमारे देश में सभी धर्मो के लोग एक दूसरे का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में प्रेम सम्मान पूर्वक शामिल होकर मनाते आ रहे हैं। यही हमारी परंपरा रही है जिसको हम सभी लोग निभाते आ रहे हैं और आगे भी निभाते रहना है। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा डीजी और अश्लील गाने पर परहेज़ करना है।किसी तरह की अफवाह शोशल मिडिया पर ध्यान नहीं देना है अगर वैसी कुछ बात होती है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दे। और उपद्रवियों हुड़दंगियों व असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। चौक चौराहों पर पुलिस की विशेष तैनाती की जाएगी। तथा सुरक्षा की दृष्टि से पूजा पंडाल के इर्द गिर्द सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही जिसकी जिम्मेदारी पूजा कमिटी की होगी। वहीं इस दौरान उरीमारी ओपी प्रभारी ने निम्नलिखित गाइड लाइन को क्षेत्र के लोगों को बताया।

# मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना पर सुख समृद्धि शांति और वैभव प्राप्त होती है : ब्रह्मदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** नवरात्रि के प्रथम दिन प्राचीन दुर्गा मंदिर सिरू में नवरात्रा के अवसर पर कलश स्थापना की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिरु पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुजीत कुमार महतो शामिल होकर पूजा अर्चना कर सम्पूर्ण विधि विधान से नारियल फोड़कर कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए ब्रहमदेव महतो ने कहा कि धर्म के प्रति लोगों में आस्था और विश्वास बढ़ता है तथा आपस में एकजुटता का परिचय होता है उपस्थित सभी ग्रामीणों को शारदीय नवरात्र पर सभी को सुख समृद्धि वैभव की कामना किया तथा धन्यवाद दिया।प्रत्येक वर्ष ग्रामीण भक्ति भाव से बहुमूल्य समय देकर पूजा अर्चना धूमधाम से कार्य सम्पन्न करते हैं,इस पुण्य कार्य के लिए पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ दुर्गा पूजा समिति की ओर से इनभाईटर के अभाव के संबंध में मुझे बताया गया आपलोगों का धर्म के प्रति एकता को देखकर मैं कल ही मंदिर में एक इनभाईटर सेट उपलब्ध करा दूँगा सपरिवार शारदीय नवरात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई।मौके पर प्राचीन दुर्गा पूजा कमिटी संरक्षक रवि महतो अध्यक्ष राजकिशोर महतो सचिव राहुल कुमार महतो कोषाध्यक्ष चंद्रदेव महतो उपाध्यक्ष संदीप कुमार महतो उपसचिव राजेश्वर महतो कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम महतो, बालेश्वर महतो, आदि थे ।

# सिद्धू कान्हु खेल मैदान में भव्य तरीके से होगा रावण दहन समारोह का आयोजन : रौशन चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी की अध्यक्षता में सिद्धू कान्हु खेल मैदान में संपन्न हुई बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार बड़ी ही धूमधाम के साथ रावण दहन समारोह का आयोजन समिति के द्वारा किया जाएगा समारोह के दौरान विशाल रावण के पुतला के साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाथ का भी विशाल पुतला दहन किया जाएगा ।बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया।बैठक में समिति की ओर से जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया की काफी लेट से ही सही सिद्धू कान्हु मैदान में समिति को रावण दहन समारोह करने की इजाजत दी गई।रोशन लाल चौधरी ने कहा की इस बार का रावण दहन समारोह अपने आप में ऐतिहासिक होगा शानदार आतिशबाजी के साथ-साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिससे लोगों का भरपूर मनोरंजन होगा।बैठक में अध्यक्ष रोशन चौधरी के अलावा सचिव महावीर प्रसाद अग्रवाल कोषाध्यक्ष राजेश गोयंका संरक्षक योगेश बेदिया मनोज महतो विमल बुधीया रविंद्र सिंह छाबड़ा दिनेश शर्मा दिनेश प्रसाद धीरज साहू मुरारी शर्मा सतीश कुमार टीकू कुमार गंगा भगत राजेश गुप्ता आनंद कुमार अमरजीत कमलजीत सिंह जग्गी अभिनव प्रसाद कुशवाहा संतोष कुमार धर्मेंद्र भोपाली पंकज बरनवाल पंकज वर्णवाल वीरू सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी लंबे समय से संगठन के कार्य करने वाले योद्धा हरबंस श्रीवास्तव उर्फ मंगल श्रीवास्तव का आज किला मंदिर में रविवार को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में मंगल श्रीवास्तव जी का जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया ठाकुर ने बताया कि मंगल श्रीवास्तव जी एक समर्पित मातृभाषी एवं त्याग तपस्या के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे उनका मार्गदर्शन हमेशा संगठन को मिला आज उनके नहीं होने से संगठन को बहुत बड़ा छती हुई है इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ठाकुर भूतनाथ सिंह बजरंग दल पूर्व जिला संयोजक मुकेश पांडे बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक बंटी अग्रवाल अजय सिंह नीतीश राम मणि शंकर ठाकुर सुमित अग्रवाल अमित ठाकुर आकाश कुमार आदि लोगों ने मंगल श्रीवास्तव जी को श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

## अशोक स्वीट्स एंड नमकीन प्रतिष्ठान का झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के मेन रोड स्थित सुभाष चौक के निकट के 15 अक्टूबर को अशोक स्वीट्स एंड नमकीन नमक प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उदघाटन मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी एवं झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने फीता काटकर किया। मौके पर अमित कुमार सिन्हा ने प्रतिष्ठान के संचालक रोहित कुमार गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की शहर की हृदयस्थली सुभाष चौक के निकट ऐसे प्रतिष्ठान की जरूरत थी। उन्होंने कहा की इस स्थल पर प्रतिष्ठान के आरंभ होने से लोगों को काफी लाभ होगा। क्योंकि यह स्थल शहर का ऐसा स्थान है जहां से प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं। वहीं,प्रतिष्ठान के संचालक रोहित गुप्ता ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए स्वादिष्ट ,मीठा एवं नमकीन उचित मूल्य पर उपलब्ध है। प्रतिष्ठान के उदघाटन के मौके पर शैलेंद्र ठाकुर ,नवनीत कुमार ,अशोक गुप्ता, रोहित गुप्ता, रवि गुप्ता ,मोहम्मद सलीम, सीताराम सिंह ,अजय कुमार ,मोहम्मद खुर्शीद ,अरविंद कुमार सहित कई गण लोग मौजूद थे।

# दबंगों से सूरज हॉल को कब्जामुक्त करवाए प्रशासन

### सूरज हॉल की पहचान रामलीला के लिए थी, आज दबंग उसका करते हैं व्यवसायिक उपयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रविवार को होटल लॉ मैरिटल के सभागार में रामगढ़ कैंट दशहरा समिति के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक प्रो. संजय सिंह,बलजीत बेदी,विजय जयसवाल, वसुध तिवारी,रविंद्र शर्मा वरिष्ट उपाध्यक्ष मुन्ना खटीक मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,धीरज साहू,तुलेश पासवान,सत्यनारायण रायइ, ईत्यादि पदाधिकारी उपस्थित हुए।सरदार अनमोल सिंह ने मीडिया के माध्यम से छावनी परिषद के अध्यक्ष सहित मुख्य अधिशासी अधिकारी,डीसी रामगढ़, एसपी रामगढ़,अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से रामगढ़ कैंट के सब्जी मंडी में अवस्थित सूरज हॉल सामुदायिक भवन में रामलीला कार्यक्रम के आयोजन हेतु हॉल को दबंगों से खाली करवाने की मांग की।आगामी 19 अक्तूबर को रामलीला करवाने को तैयार दशहरा कमिटी को सूरज हॉल खाली करवाकर सौंपना प्रशासन की जिम्मेवारी।सरदार अनमोल सिंह (अध्यक्ष)अनमोल सिंह ने उपस्थित मीडिया को बताया की मेरी अध्यक्षता



में कैंट दशहरा समिति ने इस संबंध में छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी से सभी लिखित रूप से गत 14 अक्तूबर को पत्र लिख कर मांग की है जिसकी प्रतिलिप उपरोक्त रामगढ़ के सभी अधिकारियों को भी दी गई है।उन्होंने कहा की सूरज हॉल की पहचान रामलीला के लिए थी जिसे वर्तमान में दबंगों द्वारा कब्जा कर राशन दुकान खोल कर भाड़ा वसूली की जा रही है जो अनैतिक है। उन्होंने कहा की कमिटी आगामी 19 अक्तूबर से वहां रामलीला का मंचन करने की तैयारी कर चुकी है अतः प्रशासन जल्द से जल्द सूरज हॉल को खाली करवाकर कैंट दशहरा समिति को सौंपे।धार्मिक आस्था का प्रतीक है रामलीला का मंचन।

# रामगढ़ चैंबर ने किया किशोर मंत्री का भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष किशोर मंत्री का टायर मोड़ स्थित व होटल सैनी के प्रांगण में रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल के नेतृत्व में भाव्य स्वागत किया गया। किशोर मंत्री जी को पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत सह सम्मान किया गया। किशोर मंत्री का आगमन शहर के नवनिर्मित प्रतिष्ठित शोरूम के उद्घाटन के मौके पर रामगढ़ पहुंचे थे। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि किशोर मंत्री जी के नेतृत्व में लगातार व्यवसाययों समस्या के समाधान हेतु तत्पर थे और तत्पर रहते हैं। ज्ञात है कि किशोर मंत्री फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार इनका रामगढ़ आगमन हुआ। रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल के नेतृत्व में कई समस्याओं को किशोर मंत्री के सामने अवगत कराया गया।

# हेसला ग्रामीणों ने बिरसा जयंती मनाने को लेकर बैठक किया आयोजित



**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**सिरका :** हेसला महुआटांड़ बिरसा चौक पर रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्य रूप से आगामी 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती व झारखंड स्थापना के 24वां वर्ष धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन के सफल संचालन के लिए आगामी 20 अक्टूबर को कमेटी बनाने का निर्णय हुआ। साथ ही रणनीति बनाकर कार्यक्रम में सहयोग देने की अपील की गई।

## भुरकुंडा के दुकानदार द्वारा आदिवासी लड़की के साथ दुर्व्यवहार किया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा मेन बाजार कपड़ा दुकान में आज एक आदिवासी लड़की के साथ दुकानदार द्वारा दुर्व्यवहार करने पर भड़के आदिवासी समुदाय के लोग एकजुट होकर जुलूस का रूप लेकर दुकानदार के खिलाफ नारेबाजी किया। बताते चले की गिद्दी निवासी रिंकी कुमारी, बिंदिया कुमारी, मनीषा कुमारी तीनों सहेली भुरकुंडा बाजार में कपड़े लेने के लिए आई थी वहीं भुरकुंडा बाजार नसीम ड्रेसेस दुकान में गई थी।जहां कपड़े खरीदने के दौरान दुकानदार द्वारा दुर्व्यवहार गाली गलौज और चोरी का इल्ज़ाम लगाकर दुकान से भगा दिया गया।तब जाकर तीनों लड़कियां अपने समाज के लोगों को अपने साथ हुई बीती बात को बताया तब जाकर आदिवासी समुदाय के लोग एकजुट होकर जुलूस के रूप में ढोल-नगाड़े के साथ दुकानदार के पास पहुंचे वहां काफी देर हो-हंगामा होने के बाद काफी देर बातचीत होने के बाद दुकानदार नसीम द्वारा बीच सड़क पर खड़ा होकर तीनों लड़कियों से माफी मांगा गया और ऐसा दुबारा गलती नहीं करेंगे तब जाकर मामले को शांत किया।



## टुंडी के खिलाड़ियों को हरसंभव मदद को तैयार : माना पाठक



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के सरा गांव में मासूम क्लब द्वारा आयोजित स्लो बाइक रेस टूर्नामेंट में अतिथि के रूप में पहुंचे जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने उपस्थित जन समूहों को संबोधित करते हुए कहा कि टुंडी के युवाओं का उत्साह और मेहनत को मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं एवं आप लोगों के समक्ष इस मैदान से वादा करता हूँ कि इन युवा खिलाड़ियों को विश्वास दिलाते हुए कहता हूं कि इस तरह से पूरे जोश एवं जज्बा को कायम रखें मदद के लिए जनहित मोर्चा हर समय और हर तरह से तैयार है। खेल आयोजकों को भी मैं बहुत ही आभार व्यक्त करते हुए कहना है कि टुंडी जैसे पिछड़ेपन क्षेत्र में इस तरह के आयोजन का मैं बहुत ही सम्मान करता हूं एवं कमेटियों को हर संभव मदद करने के लिए तैयार हूं। मौके पर माना पाठक ,उनके निजी सचिव मुरारी सिंह ,मनोज पांडे, डॉक्टर नंदकिशोर केवट, सुभाष चंद्र तिवारी ,बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के ब्रांच मैनेजर हैदर अली, सुमन तिवारी ,सुभाष चंद्र तिवारी, आकाश पाठक ,प्रकाश पांडे ,अरुण रवानी, बशीर अंसारी, मुख्तार अंसारी, आरिफ अंसारी ,ललन राय ,समेत कई खेल प्रेमी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पांच कुंडीय यज्ञ में सैकड़ो लोगों ने यज्ञ भगवान को आहुति दी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में सामूहिक कलश स्थापना के साथ-साथ शारदीय नवरात्र का प्रथम दिन धनबाद जिला गायत्री परिवार के कर्मठ ऊर्जावान बहनों के द्वारा यज्ञ का संचालन किया गया। प्रथम दिवस पांच कुंडीय यज्ञ में सैकड़ो भाइयों बहनों ने यज्ञ भगवान को अपने हाथों से आहुति प्रदान किया। देवालय प्रबंधन समिति की कर्मठ एवं ऊर्जावान बहनों ने संपूर्ण व्यवस्था को बड़े ही सुंदर ढंग से व्यवस्थित किया। वहीं गायत्री परिवार की बहनों के द्वारा यज्ञ में आहुति देकर कर सुख-शांति की कामना की गई।

## लिंड्से क्लब व लाइब्रेरी द्वारा नृत्य नाटिका का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महालया के शुभ अवसर पर लिंडसे क्लब एवं लाइब्रेरी द्वारा शनिवार की देर शाम रंगारंग नृत्य नाटिका कंगालीर मां का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिंफर के पूर्व निदेशक एवं लिंडसे क्लब एवं लाइब्रेरी के अध्यक्ष अमलेंदु सिन्हा व क्लब के अन्य पदाधिकारीयो ने दीप प्रज्वलित कर किया। श्री सिन्हा ने सभी दर्शकों को दुर्गा पूजा की शुभकामना देते हुए इस वर्ष क्लब की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की घोषणा की। कंगालीर मां नृत्य नाटिका में कोयलांचल के लगभग 50 छोटे बड़े कलाकारों ने मंचन किया, जिनकी प्रस्तुति देख कर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए एवं उन्हें खूब सराहा। पूरे टीम ने आने वाले समय में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजन करने की घोषणा की।

# शिक्षा के मंदिर में मुर्गा दारु की हो रही है दावत, विडियो वायरल

सुनील कुमार@प्रभात मंत्र

**बिरनी :** विद्यालय को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है परंतु, प्रखंड क्षेत्र के गादी पंचायत के ग्राम नगलो में स्थित सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्कूल के समय में विद्यालय भवन के अंदर बैठ कर मुर्गा और शराब सेवन का विडियो सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है, जो शर्मनाक हीं नहीं बल्कि अमान्य है। बता दें कि यह मामला शुक्रवार के दिन का है, जिसमें इस विद्यालय के शिक्षक ने अपनी बेटी के शादी की खुशी में शिक्षकों को शुक्रवार के दिन चिकन पार्टी दिया था। जिस पार्टी में मुर्गा के साथ शराब की दावत उड़ाई गई, इस बीच एक स्थानीय युवक ने विडियो बनाकर वायरल कर दिया। अब सवाल उठता है कि आखिर सरकारी विद्यालय में शराब पार्टी करने का नियम है क्या? अगर नहीं तो फिर किसके इशारे पर शिक्षकों के द्वारा पार्टी किया जा रहा था। इतना ही नहीं विडियो में दर्जनो स्कूली बच्चे सफाई दे रहे है कि स्कूल में दारू और मुर्गा चलता रहता है, और तो और बच्चों की छात्रवृत्ति राशि से कभी कभी शिक्षकों के द्वारा पार्टी चलाई जाती है। बरहाल मामला जो भी हो, जाँच का विषय है। उक्त मामले को लेकर जब स्कूल के अध्यक्ष दशरथ वर्मा ने बताया कि इस चीज की जानकारी नहीं है।



विडियो में क्या है नहीं मैंने देखा भी नहीं है। अगर शिक्षकों ने पार्टी चलाई है तो गलत है। वहीं जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक ठाकुर चंद मंडल से संपर्क किया गया तो चिकन पार्टी की बात को स्वीकार किया परंतु शराब पीने की बात को नकार गए। इस संबंध में जब प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार से बात किया तो उन्होंने बताया कि इस विडियो में क्या है, सच्चाई क्या है? जांच किया जाएगा। जांच में गलत पाये जाने पर संबंधित शिक्षकों पर कार्यवाई की जायेगी।

## पचम्बा सार्वजनिक दुर्गा मंडप में कलश स्थापना के अवसर पर भव्य कलश यात्रा



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गिरिडीह के पचम्बा सार्वजनिक दुर्गा मंडप में कलश स्थापना के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में काफी संख्या में युवतियों व महिलाओं ने भाग लिया। सभी ने अपने सर पर कलश रख कर नर्मदा धाम मंदिर से निकलकर मुख्य मार्ग से यात्रा करते हुए सार्वजनिक दुर्गा मंडप पहुंची। इस दौरान जय माता दी, जय माँ दुर्गे के जय घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में भगवान शिव,आदिशक्ति भवानी की झांकी व बैंड बाजो के बीच कलश यात्रा निकाली गई । इस कार्यक्रम में सभी माता के भक्त और पूजा कमिटी के लोगो का सहयोग रहा जिसमे मुख्य संरक्षक कमल प्रसाद बागेडिया, संरक्षक गौरी शंकर साहू, संयोजक अरुण केशरी, दीपक साह, अनिल गुप्ता ,मुकेश साहू, नरेंद्र सिंह संजय सिंह, विशाल मंडल, संतोष साहू, पवन कंधवे, गौतम सोनी, सूरज यादव, आयुस, प्रमोद कंधवे, सचिन तरवे, संतोष चौरसिया, अमित साहू, बिनोद साहू की अहम भूमिका रही।

## शहर में पूजा तक निर्बाध बिजली, पानी व सफाई की व्यवस्था हो : ब्रजेंद्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की नवरात्रि शुरू हो गया है और 24 तारीख को दशहरा है। इस बीच जिले में निर्बाध बिजली का सप्लाई किया जाए क्योंकि त्यौहार में पूजा पंडाल सहित हर जगह बिजली की जरूरत है। वहीं पिछले दो-तीन महीना से पूरे शहर में पानी की भी काफी दिक्कत हो गई है और अगर सप्लाई पानी खुलता भी है तो उसका कोई समय निश्चित नहीं है। पीएचईडी और जिला प्रशासन को इस पर खास तौर से ध्यान देने की ज़रूरत है। वहीं इस पूजा मे नगर निगम की भी बहुत बड़ी भूमिका है। पूरे जिले में जहां पानी का जमाव हो वहां ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव बहुत ही आवश्यक है क्योंकि आए दिन मलेरिया और डेंगू का मरीज मिलने का सिलसिला जारी है। कहा की पानी व बिजली की समस्या ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन विशेष कर उपायुक्त महोदय से खास निवेदन करूंगा।

# हमीदुल इस्लाम मदरसा का उद्घाटन होते ही 112 बच्चों ने कराया नामांकन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जामाडोबा बडकीताड हमीदुल इस्लाम मदरसा का उद्घाटन जामाडोबा बडकीताड जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मो शमशेर ने किया। मदरसा का उद्घाटन होते ही लोग अपने बच्चे को नामांकन कराने के लिए काफी संख्या में पहुचने लगे। 112 बच्चे का नामांकन हुआ। इमाम मौलाना मो शमशेर ने कहा की मजहब ए इस्लाम इल्म हासिल करने की दावत देता है यानी पढ़ो और जिंदगी के हर क्षेत्र में आगे बढ़ो। जामाडोबा का ये पहला मदरसा है



जहां दिनी एवं दुनयावी शिक्षा दी जायगी ताकि गरीब बच्चे को पूर्ण रूप से शिक्षा मिल सके। बच्चे को शिक्षा सामग्री निन्शुल्क दिया जायेगा। कोमेटी के सचिव मो वसीम ने कहा की बहुत जल्द मदरसा का रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली जायगी ताकि सरकारी सुविधा मिल सके। लोगो की सहयोग की ज़रुरत है। वहीं मुनीर अत्तारी ने कहा की मुसलमान अपने बच्चों को मदरसे और स्कूल भेज कर अच्छी तालीम दिलाएं और मुल्क के विकास में भागीदारी निभाने का मौका दें। बेटियों को भी पढ़ाए। मौके पर मो फरीद फरीदी, मो मुनाजिर हुसैन, अफसर हसन, मो अकरम, अंसारी, मो अनवर हुसैन, मो महबूब, मो जाफर अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के लिए धनबाद जिला में हजारों लोग लेंगे शपथ : हलीमा एजाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए आगामी 16 अक्तूबर को देश भर में महिला , किशोरी एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा साम को कैंडल मार्च निकाला जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के सहयोगी संस्था झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के सचिव हलीमा एजाज ने कहा कि 16 अक्तूबर को झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा धनबाद जिला के 150 गांवों में महिला एवं किशोरियों के नेतृत्व में संध्या को कैंडल मार्च निकाली जाएगी एवं अपने अपने गांव को बाल विवाह मुक्त गांव बनाने



का संकल्प लिया जाएगा। गांव में महिला एवं किशोरियों को संकल्प पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्यों द्वारा कराया जायेगा। हलीमा एजाज ने आगे कहा की बाल विवाह के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन चलाने की आवश्यकता है जिसकी शुरुआत हो चुकी है, अभियान को सफल बनाने में ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य विनोद महतो , समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, सीता देवी, अब्दुल हमीद अंसारी, भागीरथ सिंह, बेला कुमारी,पुजा कुमारी, माला देवी, गुलनाज बानो , मुमताज अंसारी, असरफ अंसारी, मोहन रजक, दीपा रवानी, बेबी प्रियंका, नागेश्वर पासवान, चंदा कुमारी, निजामुद्दीन अंसारी, नागेश्वर रवानी, कामेश्वर महतो सहित दर्जनों ट्रस्ट के कार्यकर्ता लगे है।उन्होंने समाज के प्रबुद्ध वर्गो, मीडिया कर्मियों से इस अभियान में सहयोग की अपील की है।

## टैक्सी स्टैंड के मेंबर के साथ माले नेता राजेश सिन्हा व माले नेता ताज हसन ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** रविवार को माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा से टैक्सी मालिको के साथ बैठक की गई । वही बैठक में बताया गया कि जब से गिरिडीह बस स्टेंड बना है तब से लेकर अब तक टैक्सी स्टैंड के नाम से जाना जाता,लगभग 250-300 टैक्सी वाले,टैक्सी स्टेंड में गाड़ी बारी बारी से खड़ा कर के,वही से रोजगार चला रहे है। लेकिन पहले फाईबर ब्लॉक बना कर और अब रात में चोरी से नाली बनवाकर साफ लगता है कि टैक्सी स्टैंड का अतिक्रमण होने वाला है। वही पूरी बात को समझकर श्री सिन्हा ने कहा कि हॉस्पिटल जो बन रहा है उसका इंट्रेंस दूसरी ओर है इसलिए अतिक्रमण का मामला नही होगा,प्रश्न यह सही है कि रात में नगरनिगम की गाड़ी क्यों आती है । रात में काम क्यों हो रहा है यह सोचने का विषय है,यदि नगरनिगम नाली बनवा रहा है बिना कारण का तो भी एक बार आवेदन देकर पूछने की बात है।माले



नेता राजेश सिन्हा और ताज हसन ने कहा कि माले टैक्सी स्टेंड के मेंबर के साथ है, माले टीम साथ है किंतु सिन्हा ने यह भी कहा कि इस विषय में सदर विधायक को भी संज्ञान देने की जरूरत है, सिन्हा ने गाईड किया है आवेदन लेकर सदर विधायक को देंगे, उपनगर आयुक्त को भी संज्ञान में देने की जरूरत है।

# उपायुक्त ने स्वयं रक्तदान करके किया रोटरी ब्लड कलेक्शन वैन का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने रोटरी क्लब ऑफ धनबाद की रोटरी ब्लड कलेक्शन वैन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर लगाने में यह वैन कारगर सिद्ध होगा। इसमें रक्तदान करने, रक्त को स्टोर करने सहित अन्य सारी सुविधाएं उपलब्ध है। वैन की सराहना करते हुए कहा कि वैन रक्त संग्रह के लिए आवश्यक सभी नवीनतम चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है। ऐसे लोग जो प्रचलित मिथकों के कारण रक्तदान करने से घबराते हैं, वे इस वैन को अपने निकट के क्षेत्रों में देखकर प्रोत्साहित होंगे।

रोटरी धनबाद के अध्यक्ष नंद लाल अग्रवाल ने बताया कि उपायुक्त ने नवरात्रि के उपवास के बावजूद प्रथम रक्तदान करके एक मिसाल पेश की। उन्होंने बताया कि वैन को मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में रक्तदान शिविर के लिए लॉन्च किया जा रहा है जो दूर-दराज में है और बड़े शिविरों के लिए अव्यवहार्य हैं। वैन को धनबाद और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में जाने के अलावा समय-समय पर नेक काम के लिए किसी भी आवासीय परिसर, कॉलेज, बाजार, मॉल में पार्क किया जा सकता है। कोई भी संस्था संपर्क कर इस वैन को रक्तदान शिविर के लिए ले जा सकते है। इस अवसर पर रोटरी क्लब धनबाद ने ÷गिफ्ट ऑफ लाइफ÷ कार्यक्रम की भी घोषणा की। जिसके तहत 6 महीने से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय सर्जरी अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि, केरल में की जाएगी। इस सर्जरी का सारा खर्च रोटरी क्लब वहन करेगा। इसके लिए ज़रूरतमंद लोग जिला प्रशासन और रोटरी क्लब ऑफ़ धनबाद के किसी भी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर धनबाद के 25 से भी अधिक समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में डीआईजी सीआईएसएफ़ विनय कजला, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए के सिंह, कमल संघवी, रोटरी धनबाद के अध्यक्ष नंद लाल अग्रवाल, सचिव संजीव बीयोत्रा, राजन गंडोत्रा, रविप्रीत सिंह, गगन दूधानी, पार्थो सिन्हा, कानन वोरा, चरणप्रीत सिंह, कनव बाली, राजीव गोयल, विकास शर्मा, नीरज बुबना, सोनल संघवी, पोलोमी सिन्हा, अंजू गण्डोत्रा, वीरेश दोषी, राजेश मटालिया आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की झारनियोजन पोर्टल पर निबंधन को लेकर समीक्षात्मक बैठक

# एक्ट का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों पर होगी कार्रवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021÷ एवं नियमावली, 2022 के अनुपालन हेतु समाहरणालय सभागार कक्ष में समीक्षात्मक बैठक-सह- कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा उपायुक्त श्री वरुण रंजन को पौधा देकर स्वागत किया गया। समीक्षात्मक बैठक में मुख्य रूप से टाटा स्टील, रेलवे, बीसीसीएल, हर्ल, डीवीसी, एमपीएल एवं निजी क्षेत्र के नियोजक शामिल



हुए। बैठक में आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा 75 प्रतिशत एक्ट में उपलब्ध प्रावधानों एवं सुविधाओ के संबंध में उपस्थित नियोजकों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस एक्ट के अंतर्गत आने वाले 10 या 10 से अधिक मानवबल वाले प्रतिष्ठान में झारनियोजन पोर्टल पर प्रविष्टि करना अनिवार्य है, अन्यथा इस एक्ट का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों पर दण्ड का भी प्रावधान है।

उपायुक्त, धनबाद द्वारा सभी नियोजकों से उनके द्वारा अब तक अनुपालन में किये गये स्थानीय नियोजन नीति में कार्य की समीक्षा हेतु उनके द्वारा झारनियोजन पोर्टल पर निबंधन, मानवबल की प्रविष्टि, रिपोर्ट से संबन्धित कार्या को यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा इस एक्ट की अवहेलना किये जाने पर नियमानुसार दण्ड अधिरोपन प्रारम्भ कर दी जाएगी। इसके लिए सभी नियोजकों को 05 नवंबर, 2023 तक का समय दिया गया। स्थानीय प्रमाण पत्र बनने में जो भी समस्या आ रही है, उससे अवगत हुए एवं त्वरित कारवाई करने का भी निदेश दिया।

## कतरास में डेकोर एस देन प्रतिष्ठान का उद्घाटन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास पचगढ़ी छताबाद मेन रोड खेमका पेट्रोल पंप के निकट रविवार को कतरास के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ उमाशंकर सिंह ने डेकोर एस देन प्रतिष्ठान का उद्घाटन फीता काट कर किया। प्रतिष्ठान के मालिक रचिता कंदवे एवं अजफर हसनैन ने बताया कि यहां सभी प्रकार के पीने का शेक, कॉफ़ी, सोडा, लस्सी, मोमोस, सैंडविच आदि उचित मूल्य में उपलब्ध है। हमारे पास बोबा शेक जो की धनबाद में सिर्फ़ हमारे काउंटर पर ही उपलब्ध है। बोबा एक थाईलैण्ड की ड्रिंक है जिसे टोपियाका बॉल्स भी बोला जाता है।

## कपुरिया मोड़ में मनसु महतो की प्रतिमा का अनावरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कपुरिया मोड़ में झारखंड आंदोलनकारी व शिवाजी समाज के अग्रणी नेता मनसु प्रसाद महतो की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। क्रांतिकारी नेता व स्व महतो के पुत्र संजीव कुमार महतो ने अनावरण किया। सैकड़े लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व महतो के पुत्र संजीव महतो, समिति के अध्यक्ष सदानंद महतो ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, आदिवासी कुड़मी समाज के अगवा नेता अजित महतो, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, मुखिया ममता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी, जेबीकेएसएस नेता दीपक महतो, शशांक शेखर महतो, राजा दास, पवन महतो, बसंत महतो, सुरेश रजक, संतोष गोप, अरविंद पुरनीयार, रामचंद्र महतो, निवेद महतो, धर्मेंद्र महतो, छत्रपति महतो, दुर्गा मरांडी, सुमित महतो, विकास महतो, सोहराय महतो, मन्नु महतो, दिनेश महतो, कृष्णा महतो, रथु महतो, अमित कालिंदी, धीरज सिंह, संतोष गोप, सुनिल महतो, राहुल बनवार, चेतलाल महतो आदि ने श्रद्धांजली अर्पित की।

## विश्व भारती जनसेवा संस्थान ने की बैठक

## केंद्र सरकार सहारा इंडिया को दे रही है संरक्षण : नागेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** विश्व भारती जनसेवा संस्थान ने रविवार को चिल्ड्रन पार्क जगजीवन नगर धनबाद में अजय चौधरी की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में मुख्य अतिथि संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सहारा इंडिया से संपूर्ण भुगतान के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने जा रही है। सहारा इंडिया ने देश के लगभग 13 करोड़ जमाकर्ताओं का लगभग 3 लाख करोड़ रुपए हड़प लिया है। केंद्र सरकार भी सहारा इंडिया को संरक्षण दे रही है। केंद्र सरकार पोर्टल लाकर जमाकर्ताओं को बेवकूफ बना रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आज 99 प्रतिसत पोर्टल पर क्लेम किए लोगो का त्रुटि निकाल कर क्लेम को रिजेक्ट कर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार से सहरा के जमाकर्ताओं का उम्मीद टूट चुका है। अब केवल सुप्रीम कोर्ट से ही उम्मीद बचा



हुआ है। बैठक के दिरान धनबाद जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष संजीत कुमार, सचिव रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष सुशील अग्रवाल, सह सचिव सुशील कुमार, उपाध्यक्ष ललित साव, सविता देवी, मनीष कुमार शर्मा, अवधेश कुमार, नसीम अंसारी, संगठन सचिव नंद किशोर पासवान को चुना गया। बैठक में काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

# केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा देवीमंडप पावरगंज से सोमवार बाजार, शास्त्री चौक होते हुए ठाकुरबाड़ी मंदिर तक निकाली गई। कलश स्थापना कर अगले नौ दिनों तक ठाकुर बड़ी मंदिर के प्रांगण में नवाह्न पारायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा में शहर के हजारों माता के भक्तगण और श्रद्धालु हाथों में ध्वजा ले कर शामिल हुए। ढोल नगाड़े और माता के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान हो रहा था। जगह जगह पुष्प वर्षा कर लोगों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने दुर्गा पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी को आपस में मिलजुल कर पूरे उत्साह और उमंग के साथ दुर्गा पूजा मनाना है। महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने सभी लोगों से अपील की सभी तन, मन, धन से केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति को अपना सहयोग दें और सभी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रमों को सफल बनाएं। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से ओम प्रकाश सिंह, प्रवीण सिंह, राजेंद्र खत्री, मोहन दुबे, नीरू शांति भगत, परमेश्वर साहू, सूरज अग्रवाल,कमलजीत विनोद उरांव, अजय मित्तल, मनोज कुमार गुप्ता, विनोद सिंह, आनंद पांडे, मनीर उरांव, दीपक सर्राफ, जय प्रकाश शर्मा, निलेश गुप्ता, अशोक घोष, दिनेश पांडे, सरोज प्रजापति, रोहित साहू, डब्लू राय, किनेश्वर महतो, रितेश साहू, कपिल मिश्रा, रमेश साहू, अमर अग्रवाल, नागेंद्र प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, विक्की कसेरा, संगीता कुमारी, सामेला भगत, मीना बाला, सुमित घोष, रोहित ओझा, देवेंद्र मंडल, विपुल तमेडा, सचिन सिंघानिया, सत्यम कुमार, राजकुमार साहू, निश्चय वर्मा, कुणाल वर्मा, आनंद गोयल, विक्रांत कुमार, डीसी कर्मकार, अभिनव कुमार, हिमांशु केसरी, चंदन गोप, अंकित कुमार, चंदन साहू, सीताराम चौधरी, लोकेश राय, राजा कुमार, सूरज साहू, राहुल राजबाला, सुशांत गुप्ता, अजय साहू, सनी साहू सहित सैकड़ों माता रानी के भक्तगण उपस्थित थे।

## डॉ रामेश्वर उरांव ने ग्राम सुंदरू पहुंच मरहूम इरशाद अंसारी के परिवार से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा कांग्रेस कमिटी के कांग्रेसी नेता कुरू सुंदरू निवासी शहादत मुखिया के पुत्र मरहूम इरशाद अंसारी के आकस्मिक निधन की सूचना पर माननीय वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने उनके आवास पहुंच कर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया,और कहा कि इरशाद अंसारी पार्टी के मेहनती और समर्पित कार्यकर्ता थे इनके परिवार से पुराने संबंध रहे हैं वे मृदुभाषी और मिलनसार प्रवृति के व्यक्ति थे। उन्होंने निरंतर पार्टी की सेवा की और पार्टी संबंधित कार्यक्रमों में हिस्सा लेते थे उनके निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। इस दुख की घड़ी में हम सब दुखित परिवार के साथ हैं और परिवार को हरसंभव मदद करेंगे। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, जिला महासचिव सामुल अंसारी, जिला महासचिव सद्रुल अंसारी, जिला सचिव इकबाल खान, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एससी जिलाध्यक्ष संजय नायक, युवा महासचिव असलम अंसारी, समसुल अंसारी, माजिद अंसारी, मन्नान अंसारी, अमस अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मोहीद अंसारी, अरशद अंसारी, मुस्ताक अंसारी, संजय बैठा, शुल्तान अंसारी, नसीम अंसारी, मुमताज अंसारी, अरमान अंसारी, जाकिर अंसारी, सहमुद्दिन्न अंसारी, सलिक अंसारी, सुल्तान अंसारी, आजम राय, मुस्ताक अंसारी, सलीम अंसारी, आरिफ अंसारी उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्रा पूजन आरम्भ



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर झखरा में आयोजित हुआ कलश यात्रा कुमारी कन्या सहित महिलाओं ने लिया भाग पुलिस प्रशासनिक व मेडिकल कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के साथ झखरा ग्राम के अलावे पूरे प्रखंड क्षेत्र में कलशयात्रा के पश्चात शारदीय नवरात्र पूजा अर्चना आरम्भ किया गया। वही कलश यात्रा के दौरान झखरा ग्राम के अलावे बुटी पंचायत के विभिन्न गाँवों से श्रद्धालु कुमारी कन्या व मताओ ने भाग लिया। कलश यात्रा दुर्गा पूजा पंडाल से आरम्भ हुआ जो चमडू नदी से विधिवत पुरोहित प्रेम कुमार मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कन्याओं द्वारा जल उठा कर मंदिर प्रांगण तक लाया गया। इस दौरान माँ दुर्गा,माता अम्बे,माँ शेरावाली के जयघोष से क्षेत्र गूँजमान रहा। कलश यात्रा में 301 कन्या व महिलाओं ने भाग लिया जबकि श्रद्धालु महिला पुरुष सहित बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला कलश यात्रा के दौरान विघ्न वधाएँ उतपन्न न हो इसको ध्यान में रखते हुए आयोजन कमिटी के अलावे थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल एवं मोटरसाइकिल दस्ता जगह जगह पर मुस्तैद थी। वही मेडिकल टीम भी अपनी भूमिका निभाने में कोई कसर नही छोड़ा कलश यात्रा के साथ साथ मेडिकल कर्मी भी शामिल रहे। कलश यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेश जयसवाल,उपाध्यक्ष सीताराम बैठा,सचिव विनोद,उपसचिव संदीप जयसवाल, कोषध्यक्ष रवि उराँव,मुख्य संरक्षक विकास जयसवाल, संरक्षक महावीर जयसवाल के अलावे श्रद्धालु ग्रामीण शामिल थे।

## विहिप ने नवरात्र पर मांस, मछली व शराब बिक्री रोक हेतु थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के सदस्यो द्वारा सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को ज्ञापन देते हुए प्रशासन से मांग करते हुए नवरात्र के अवसर में दुर्गा पूजा के दौरान माँस, मछली और शब की दुकान को बन्द कराने का अपील किया गया है। साथ ही कहा कि हिन्दू समाज की आस्था एवं माँ शक्ति की उपासना का महापर्व दशहरा है। जो कि बहुत ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। जिसे धार्मिक भावना को देखते हुए विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा पंडाल और उसके आस-पास तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर माँस,मछली,शराब,अंडा जैसे सभी प्रकार की इस तरह की दुकानों को पूर्ण रूप से दुर्गा पूजा नवरात्रि तक बंद कराया जाये। साथ ही मंदिर एवं दुर्गा पूजा पंडालों में पुलिस प्रशासन व्यवस्था की माँग की गई है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहू, सुरेंद्र साहू, सूर्य प्रकाश शिवाजी, अजीत महतो, चंदन महतो सहित अन्य कार्यकर्ता की उपस्थित थे।

## रौतिया जाति का शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा

# रौतिया समाज द्वारा सभी राजनीतिक पार्टियों का बहिष्कार किया जाएगा : प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद द्वारा टकबा और सिकरियाडाँर में महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने कहा कि 29 अक्टूबर 2023 को सिमडेगा में भव्य विशाल संकल्प पद यात्रा सह महासम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसमें पूरे प्रदेश से समाज के लोग आने वाले हैं जंहा पर रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति(स.ज्ञ) में शामिल करने का मांग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा सिर्फ रौतिया जाति को ठगने और शोषण करने का कार्य किया है। किसी भी पार्टी द्वारा रौतिया जाति के लिए कार्य नहीं किया है। इसलिए अब जिस जिस गांव में रौतिया जाति के लोग निवास करते हैं उस गांव में किसी भी राजनीतिक पार्टियों को घुसने नहीं दिया जाएगा साथ ही लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में भी सभी पार्टियों का बहिष्कार किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने आगे कहा कि रौतिया जाति के लोग लोकसभा के साथ साथ सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में राजनीतिक पार्टियों को विजय बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है इसलिए रौतिया जाति को किसी भी पार्टियों द्वारा हलके में नहीं लेनी चाहिए। जब तक रौतिया जाति की सभी मांगो को पूरा नहीं किया जाता है तब तक लगातार आंदोलन और संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों को इस कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में आने के लिए कहा।

## स्वस्थ व निरोग रहने के लिए पतंजलि के योग अभियान से जुड़ें : रामजीवन

# विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारत की सनातनी शक्ति संस्कृति एवं स्वास्थ्य पर कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा के प्रांगण में भारत की सनातनी शक्ति, संस्कृति एवं स्वास्थ्य पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्व प्रथम पतंजलि योग समिति के पदाधिकारियों, गुरुकुल के ब्रह्मचारियों एवं उपस्थित जनों द्वारा भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी रामजीवनजी की अगुवाई यज्ञ हवन किया गया। उसके बाद कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों राधारमण प्रसाद,तीजन यादव, रामनाथ शाह, गोपाल प्रसाद, गिरिजा नन्दन शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ विजय राज ने कहा कि अगर पूर्ण रूपेण स्वस्थ रहना है तो योग प्राणायाम करना पड़ेगा। वर्तमान में लोगों की जीवनशैली अनियमित होने के कारण रोग बढ़ रहे हैं, उन्होंने कहा स्वामी रामदेव ने योग आयुर्वेद को विश्व में पुनर्स्थापित किया है। प्रान्त प्रभारी रामजीवनजी ने योग के अप्रत्याशित लाभ पाने के लिए श्रद्धा और विश्वास को महत्वपूर्ण बताया। कृपा प्रसाद सिंह ने पतंजलि के कार्यों की सराहना की एवं कहा कि योग शिविर के माध्यम से सभी को लाभान्वित करने की बात कही। जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि योग आयुर्वेद स्वदेशी हमारी ऋषि संस्कृति हमारी सनातनी संस्कृति रक्षक है। यौगिक एवं वेदानुकूल जीवन ही हमें रोग बीमारियों से दूर रख सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश प्रसाद, मुन्नी मिंज, अशोक कुमार, विनोद राय, अंकित अग्रवाल, शिवशँकर सिंह, अजय पंकज, रघुनंदनजी, ब्रह्मचारी गण आदि मौजूद थे।

## पीरामल फाउंडेशन चला रहा विज्ञान के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिरामल फ़ाउंडेशन के अंशुमान द्वारा विज्ञान विषय में बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय,सिमडेगा में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दूसरे चरण में बच्चों को सोलर विलेज विषय से जुड़ी जानकारियां दी गई। इस दस दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के माध्यमों से बच्चों के बीच साइंस की समझ विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने विभिन्न प्रोजेक्ट, पेंटिंग, गीत, नुक्कड़ नाटक आदि माध्यम से अपनी समझ व्यक्त की जो काफ़ी सराहनीय रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की वॉर्डन संध्या कुमारी, विज्ञान शिक्षिकाएं स्लेस्टिना केरकेटा, सना नाज तथा बेबी गुप्ता का सहयोग रहा।

# प्रांतीय संस्कृति महोत्सव के लिए रवाना हुई इंटर कॉलेज की टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बोकारो के थर्ड सी स्थित विद्या मंदिर में 15 एवं 16 अक्टूबर को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेने के लिए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा की टीम आज रवाना हुई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने शुभकामनाएं देकर तीन मार्गदर्शन शिक्षक सहित 30 सदस्यों की टीम को रवाना किया। टीम में वैदिक गणित प्रश्न मंच में अमर उरांव, मुनिका कुमारी व किरण कुमारी, विज्ञान प्रश्न मंच में ईशा कुमारी, रिया कुमारी व रोहित कुमार साहू, अंग्रेजी प्रश्न मंच में सुष्मिता कुमारी, नेहा कुमारी व अल्फा कुजूर, संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में आकांक्षा पांडे, ज्योति प्रिया कुजूर व आदित्य उरांव, त्वरित भाषण में रोशनी उरांव शामिल है। सांस्कृतिक प्रदर्शन में पूर्णिमा भगत, रितु कुमारी, मधु श्वेता कुजूर, प्रिया कुजूर, अनिमा लकड़ा, पूनम कुमारी, सुजीत उरांव, मंतोष उरांव, अनित उरांव, अंकित उरांव, विकास उरांव, धर्मदेव उरांव,सचिन भगत, अजीत उरांव, संदीप उरांव शामिल है।मार्गदर्शक आचार्य टोली में आचार्य पत्र वाचन की प्रतिभागी के रूप में नीतू कुमारी के अलावा रश्मि साहू और यशोदा कुमारी शामिल है।

## भंडरा प्रखंड में शारदीय नवरात्र के पहले दिन भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में रविवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा पूजा पंडाल से ढोल नागड़ा व बैंड बाजा के साथ भौंरो नदी पहुंची। जहां आचार्य आनंद दुबे व कमलेश शर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराकर कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पाठ शुरु कर दिया गया है। भंडरा में मां सिद्धिदायिनी दुर्गा पूजा समिति बाजार टांड़ द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। जिसमें ढोल नागड़ा व बैंड बाजा के साथ सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भौंरो नदी पहुंच विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश में जल भरकर कलश स्थापना किया। इस दौरान सिद्धिदायिनी दुर्गा पूजा समिति व नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति भंडरा द्वारा भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आचार्य आनंद दुबे ने कहा कि कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पाठ प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही उन्होंने कहा की शादी नवरात्र के पहले दिन प्रतिपदा तिथि में देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का दर्शन व पूजन किया जाता है अपने पूर्व जन्म में यह प्रजापति पिता दक्ष की कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थी तब उनका नाम सती था पर्वत राज हिमालय के घर अवतरित होने के कारण इनकी नामकरण देवी शैलपुत्री हुआ इस स्वरूप में पार्वती के नाम से भगवान शंकर की अर्धांगिनी हुई थी।

## सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 70 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:15 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 45 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। शिविर में गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता ने अपनी ओर से एक बी.पी मशीन सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ को सौंपते हुए कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और सेवा भारती लोहरदगा निरंतर निशुल्क मानव सेवा का कार्य करते आ रही है,मैं इससे काफी प्रभावित हुआ हूं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं कुमुद अग्रवाल ने कहा की इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी दूर-दूर के क्षेत्रों से लोग यहाँ आकर अपने स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं,जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है,और कहा कि लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे कि समय पर कोई भी बीमारी पकड़ में आ सके।

## भाजयूमो ने किया के. के. वर्मा का पुतला दहन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के विरुद्ध ऊर्जा विभाग के ट्रांसमिशन एमडी के. के. वर्मा के द्वारा अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया जिससे सिमडेगा भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है । इसी निमित्त आज सिमडेगा शहर के हृदय स्थली महावीर चौक में के. के. वर्मा का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, युवा मोर्चा महामंत्री अनिरुद्ध सिंह, राम प्रसाद राम, सत्यनारायण प्रसाद, सुरजन बड़ाईक, अनूप प्रसाद, सुभाष महतो, दीपनारायण दास इत्यादि कार्यकर्ता शामिल थे।

# आगामी चुनाव को देख कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में मजबूती के साथ काम करें : निशिथ जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रखंड के अंतर्गत प्रखंड, मंडल ,पंचायत कमिटी की भौतिक सत्यापन हेतु आवश्यक बैठक किस्को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी की अध्यक्षता एवं प्रखंड प्रभारी निशीथ जायसवाल प्रखंड सह प्रभारी संतोषी उरांव की उपस्थिति में कि गई जिसमें किस्को प्रखंड के अंतर्गत मंडल एवं पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर तक के कमिटी का गंभीरतापूर्वक भौतिक सत्यापन किया गया एवं अपूर्ण कमिटी को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए,जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी निशीथ जायसवाल ने कहा कि यह आवश्यक बैठक संगठन की मजबूती एवं समीक्षा के लिए रखी गई है आगामी चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से अपने अपने क्षेत्र में कार्य करें और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करें साथ ही जल्द से जल्द प्रखंड कमिटी एवं पंचायत स्तर के सभी कमेटी को बना ले जो भी पदाधिकारी निष्क्रिय हैं उन्हें हटाकर सक्रिय सदस्यों को पदाधिकारी बनाएं साथ ही सभी बूथ कमेटी में बी एल ए का गठन करें। कांग्रेस पार्टी के समर्पित पूर्व कांग्रेस से जनों से संपर्क कर उन्हें सम्मानित करने का भी कम करें ताकि उनके मार्गदर्शन से उनके अनुभव से पार्टी को और ऊर्जा प्राप्त हो सके ।जिला महासचिव सह प्रखंड सहप्रभारी संतोषी उरांव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नींव है इनके बिना हम संगठन की कल्पना नहीं कर सकते एक एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं पार्टी में सभी की सहभागिता होना चाहिए। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पंचम राम, जिला युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संजय नायक, युवा महासचिव असलम अंसारी, एनएसयूआई उपाध्यक्ष सैफ अहमद, फैयाज अंसारी, कबीर अंसारी, आजम अंसारी, सेख सादिक, मनीष कुजूर, नसीम अंसारी, कामिल तोपनो, प्रकाश भगत, तबरेज अंसारी, राजेंद्र यादव, खलील खलीफा बसंत महतो, धनेश्वर उरांव, अनिल उरांव, उमेश लोहरा, महबूब अंसारी, घूडा उरांव, सरफुद्दीन अंसारी, अयूब अंसारी एवं कांग्रेसीगण आदि उपस्थित थे।


# समृद्ध आदिवासी संस्कृति को सहेजने का कार्य कर रही है राज्य सरकार : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सन्त जेवियर कौथोलिक चर्च देवगांव में काथलिक सभा, काथलिक महिला संघ एवं काथलिक युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में आदिवासी सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित हुए। मौके पर दूर दराज से आये नृत्य मंडलियों ने मांदर और नगाड़े की थाप पर आदिवासी परिधान में एक से बढ़कर एक आदिवासी नाच प्रस्तुत किया। विजेता नृत्य मंडली को विधायक एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने आदिवासी समाज को अपनी भाषा, सामूहिक जीवन की परंपरा, नृत्य, गान तथा प्रकृति के साथ समन्वय की विरासत को बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी नाच प्रतियोगिता आदिवासी समाज की संस्कृति को बचाने का अच्छा पहल है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार राज्य के समृद्ध आदिवासी सांस्कृतिक को सहेजने का कार्य कर रही है। आदिवासी संस्कृति परंपरा को आगे बढ़ाने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेलकूद के माध्यम से भी आदिवासियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारी सरकार आदिवासी वर्गो के खुशहाली एवं तरक्की की दिशा में सतत रूप से प्रयासरत है। जिसके तहत आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार संवर्धन के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। जिसका सीधा फायदा आदिवासी समाज के जीवन पर पड़ रहा है और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। मौके पर प्रदीप केसरी, बसन्त गुप्ता, भुनेश्वर सिंह, निमरोध एक्का, प्रदीप सोरेंग, बीस सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, चिरस लकड़ा, सुसेना बाड़ा, अंजली बाड़ा, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, इलयास टोप्पो, डीन फा मोजेश खलखो, फा सिप्रियन कुजूर, फा निरंजन एक्का, फा विनोद मिंज, सिस्टर फरडीना, सिस्टर सबिता, सिस्टर अस्सुन्ता, संजय लकड़ा, अनूप लकड़ा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री एवं एमडी केके वर्मा का फूंका पुतला



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सरजु कुमार साहू के नेतृत्व में आज वीर शिवाजी चौक रुद में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ऊर्जा विभाग की ट्रांसमिशन एमडी केके वर्मा का पुतला दहन किया गया। मौके पर सरजू कुमार साहू ने कहा कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा ऊर्जा विभाग में टेंडर मे अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा था और जवाब मांगा गया था। श्री साहू ने कहा कि इसमें हेमंत सोरेन के कार्यालय से कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं मिला बल्कि गैर जिम्मेदाराना तरीके से ऊर्जा विभाग के ट्रांसमिशन एमडी केके वर्मा के द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए मामला से ध्यान भटकाने का कार्य किया।जबकि जबाब मुख्यमंत्री कार्यालय से आना था ।इससे साफ प्रतीत होता है कि राज्य सरकार मामले से ध्यान भटकाते हुए भ्रष्ट अधिकारीयों को बचाना चाहता है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार चुन्नू, मीडिया प्रभारी आदित्य साहू, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, उपाध्यक्ष तपस्वी यादव, अजय साहू, पप्पू भारती, उत्तम महतो, किशन लोहार, बबलू ठाकुर, बलराम उरांव, शिवम कुमार, नितेश कुमार, पवन कुमार, धीरज भारती, मनु टूरी, लक्ष्मी ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### सीएम योगी ने गोरखपुर में किया कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र के पहले दिन रविवार को नगर निगम परिसर में 233 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत वाली 303 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें 189 परियोजनाओं का शिलान्यास और 114 का लोकार्पण हुआ। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 255 करोड़ रुपये की लागत से सहजनवां के सुथनी में स्थापित होने वाले चारकोल प्लांट के मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर हुए। महानगर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए तकरीबन 50 करोड़ रुपये के सोलर पैनल लगाने के कार्यों के एमओयू पर भी हस्ताक्षर हुए। यानी मुख्यमंत्री 538 करोड़ 20 लाख रुपये की योजनाओं की सौगात दी।मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे नगर निगम परिसर पहुंचे। उन्होंने नगर निगम की ओर से सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए हो रहे कार्यों के माडल का निरीक्षण किया। सीएम ने मिशन शक्ति के तहत स्वच्छता व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 महिलाओं को सम्मानित भी किया। इन योजनाओं से 25 वर्ष में नगर निगम कम से कम आठ सौ करोड़ रुपये बचाएगा। सुथनी में पांच सौ टन रोजाना कूड़े का निस्तारण होगा। इस कूड़े से चारकोल यानी हरित कोयला बनेगा। न सिर्फ गोरखपुर महानगर वरन आसपास की नगर पंचायतों का कूड़ा भी इसी प्लांट में निस्तारित होगा। नगर निगम के कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बैंक रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के परिसर में पहुंचे। वह यहां बैंक के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुए।



# जेसीआई एक्सपो उत्सव में रहा संडे धमाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई रांची द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव 2023 में संडे को लोगों का हुजूम देखने को मिला। एक्सपो जो की मोराबादी में 12 से 16 अक्टूबर तक लगा है। चौथे दिन है और तकरीबन 1 लाख लोगो से ज़्यादा लोगों ने एक्सपो उत्सव का दीदार किया। सभी हैंगर में ग्राहकों की लंबी कतारें लगी थी और स्टॉल धारक बहुत खुश दिखे।रविवार को एक्सपो में लाइव म्यूजिशियन परफॉर्म कर रहे थे और लोगों का मनोरंजन कर रहे थे। शनिवार को मिड्नायट कार्निवल का आयोजन हुआ था , जिसमें काफ़ी लोगों ने शिरकत की। इसके अतिरिक्त ग्रैंड फैशन शो का भी आयोजन किया गया था जिसमे भारी संख्या में लोग थे। इन सब के साथ एक्सपो में रोज ही कुछ नया और अलग होते आ रहा है जैसा कि वॉइस ऑफ एक्सपो, बच्चो के लिए पेंटिंग कंपटीशन,फैंसी ड्रेस कंपटीशन इत्यादि। उसी में आज बच्चों के लिए पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन हुआ जिसमें की ग्रुप ए में विदुषी ने तीसरा स्थान प्रिया को दूसरा और जॉय एक्का को पहला स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप बी में आरोही ने तीसरा समायरा को दूसरा और आयांश को प्रथम स्थान मिला। ग्रुप सी में अमायरा को तीसरा, रंजन को दूसरा और राजवीर को पहला स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप डी में प्रियांशी को तीसरा, आदया को दूसरा और अरण्या को पहला स्थान मिला।

ग्रुप ई में प्राची को तीसरा, निशा को दूसरा और पंकज ने पहला स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस कंपटीशन में ग्रुप ए (2-4 वर्ष) में रियांशी को पहला कायरा को दूसरा और सायरा को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप बी (5-10 वर्ष) में असलीन कौर को पहला कृषिव को दूसरा और अरिजीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई राँची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दिया।

# विश्व कप : इंग्लैंड को अफगानिस्तान ने 69 रन से हराया




**एजेंसी**

नई दिल्ली : दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को हराकर 2023 वनडे वर्ल्ड कप का पहला उलटफेर किया. अफगानिस्तान ने पहले खेलने के बाद 285 रन बनाए थे. इसके बाद इंग्लैंड को 40.3 ओवर में 215 रनों पर ढेर कर दिया. 2023 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान की जहां यह पहली जीत है. वहीं इंग्लैंड की तीन मैचों में दूसरी हार है.अफगान टीम ने मैच को 69 रन से अपने नाम किया। 2015 विश्व कप के बाद टूर्नामेंट में उसकी यह पहली जीत है। वहीं, इंग्लैंड को भारतीय जमीन पर 12 साल में दूसरी बार उलटफेर का शिकार होना पड़ा है। 2011 विश्व कप में बंगलूरू में उसे आयरलैंड ने हराकर उलटफेर किया था। अफगानिस्तान ने विश्व कप में पहली बार किसी टेस्ट खेलने वाले देश को हराया है। इससे पहले उसने 2015 में स्कॉटलैंड को हराया था। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।अफगानिस्तान की टीम ने 49.5 ओवर में 284 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को जीत के लिए 285 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन उसकी पूरी टीम 40.3 ओवर में 215 रन पर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान के लिए उसके स्पिन गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। अनुभवी राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं, ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी ने दो विकेट अपने नाम किए। राशिद, मुजीब और नबी ने मिलकर इंग्लैंड की कमर तोड़ दी। फजहलहक फारूकी और नवीन उल हक ने एक-एक विकेट लिया। इंग्लैंड की पारी का 10वां विकेट राशिद खान ने लिया। उन्होंने 41वें ओवर की तीसरी गेंद पर मार्क वुड को क्लीन बोल्ड कर दिया। वुड ने 22 गेंद पर 18 रन बनाए। रीस टॉप्ली 15 रन बनाकर नाबाद रहे।

**हैरी ब्रूक को छोड़कर कोई बल्लेबाज नहीं चला :** इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए। उन्हें छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। डेविड मलान ने 32, आदिल रशीद ने 20, मार्क वुड ने 18, रीस टॉप्ली ने नाबाद 15 और जो रूट ने 11 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन और सैम करन ने 10-10 रन बनाए। कप्तान जोस बटलर और क्रिस वोक्स ने नौ-नौ रन बनाए। ओपनर जॉनी बेयरस्टो दो रन बनाकर आउट हुए।

# अमेरिका में गूंजा जय भीम का नारा



*** भारत के बाहर बाबा साहब की सबसे ऊंची प्रतिमा का हुआ अनारण**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत के बाद अब दुनिया के सबसे विकसित मुल्क अमेरिका में भी जय भीम के नारे की गूंज उठी है. इसकी वजह है कि भारत के बाहर भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा का औपचारिक रूप से अनावरण अमेरिका के मैरीलैंड शहर में किया गया.इसका नाम स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी यानि ÷समानता की प्रतिमा÷ दिया गया है.जानकारी के मुताबिक इस दौरान अमेरिका के विभिन्न हिस्सों से 500 से अधिक भारतीय-अमेरिकी नागरिकों के अलावा भारत से और अन्य देशों से कई लोग शामिल हुए. अनावरण के वक्त मौजूद लोगों ने जय भीम के नारे भी लगाए. स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी के अनावरण समारोह में शामिल होने आए लोगों का भारी बारिश के बाद भी उत्साह कम नहीं हुआ.

कई लोगों ने तो इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए करीब 10 घंटे तक की लंबी यात्रा की.देश के अलग-अलग हिस्सों से आए भारतीय-अमेरिकियों ने वहां कई तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं. वहीं, अमेरिका में अंबेडकरवादी आंदोलन का नेतृत्व करने वाले दिलीप म्हास्के ने कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान कहा कि स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी 1.4 अरब भारतीयों और 4.5 मिलियन भारतीय अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करेगी. दुनिया की सबसे उंची प्रतिमा लौहपुरुष के नाम से जाने जाने वाले भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की है. इसे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का नाम दिया गया है जिसे प्रसिद्ध कलाकार और मूर्तिकार राम सुतार ने बनाई है.स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को गुजरात में सरदार सरोवर बांध के नीचे की ओर नर्मदा में एक द्वीप पर स्थापित किया गया है. उन्हीं ने अमेरिका में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाई है.अमेरिका में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण के लिए 14 अक्टूबर की तारीख चुनने के पीछे भी विशेष कारण है.

# दुर्गा पूजा को लेकर एसएसपी ने सभी थानेदारों के साथ की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दुर्गा पूजा को लेकर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने जिले के डीएसपी और थानेदार के साथ रविवार को समीक्षा बैठक की। जिसमें दुर्गा पूजा की सुरक्षा पर विशेष सतर्कता और निगरानी रखने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान किस थाना क्षेत्र में कितने पंडाल हैं, किस पंडाल में भीड़ ज्यादा होती है, कौन सा पंडाल संवेदनशील है और किस पंडाल में कितने बल को तैनात करने की आवश्यकता है। इन तमाम बातों को लेकर चर्चा की गयी और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी। इस मीटिंग के दौरान एसएसपी ने सभी थाना क्षेत्रों में थाना की गश्ती दल के अलावा पीसीआर, हाइवे, पेट्रोलिंग और मोटरसाइकिल दस्ते के साथ विशेष निगरानी का निर्देश दिया है। शहरी क्षेत्र को अलग-अलग जोन में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जोन की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रों के डीएसपी को होगी, जबकि सेक्टर में बांटकर इंस्पेक्टरों को तैनात किया गया है. पूरी सुरक्षा की मॉनिटरिंग एसएसपी खुद करेंगे।

